पौष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 11:23 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
हल्द्वानी, गुरुवार, 25 जनवरी 2024
वर्ष 3, अंक 343, पृष्ठ 16
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

छात्रों को परीक्षा हॉल में चुनौती से होती है बोरियत 16
रिलीज से पहले खाड़ी देशों में फिल्म फाइटर पर बैन 15

एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कुछ लंबे मार्गों पर संचालित उड़ानों के संबंध में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के लिए एयरलाइन एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है।

नियामक ने एक हफ्ते में दूसरी बार एयर इंडिया पर जुर्माना लगाया है। बुधवार को जारी बयान के अनुसार, नियामक को एयरलाइन एक पूर्व कर्मचारी से शिकायत मिली थी कि एयरलाइन ने आपातकालीन ऑक्सीजन आपूर्ति की अनिवार्य व्यवस्था के बिना अमेरिका के लिए बोइंग 777 विमान का परिचालन किया।

यूओयू के असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी (यूओयू) के असिस्टेंट प्रोफेसर की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। प्राथमिक तौर पर जहर का सेवन मौत का कारण माना जा रहा है। मौके पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। उन्होंने जहर खाया या उन्हें दिया गया, इस पर संशय बना है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, मूलरूप से द्वाराहाट निवासी यूओयू में असिस्टेंट प्रोफेसर हेमंत कांडपाल (45) पुत्र तारा दत्त कांडपाल यहां ट्यूलिप कॉलोनी में किराए पर रहते थे और रोजाना साथी प्रोफेसर के साथ कॉलेज जाते थे। बुधवार को यह सहकर्मी उनके घर पहुंचा तो कई आवाज लगाने के बावजूद हेमंत घर से नहीं निकले।

सहकर्मी ने घर के अन्दर जाकर देखा तो हेमंत कमरे में जमीन पर बेसुध पड़े थे और उनकी सांसें भी नहीं चल रही थीं। हेमंत को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, पत्नी से विवाद होने के चलते हेमंत अकेले रहते थे। प्रारंभिक तौर पर माना जा रहा है कि जहर के सेवन से हेमंत की मौत हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच होने के बाद ही मौत की सही वजह और कारण का पता चल पाएगा।

हत्या या आत्महत्या

- कमरे में मिला शव, अंदेशा जहर खाया या खिलाया गया
- पत्नी से विवाद होने के चलते अकेले रहते थे प्रोफेसर हेमंत

राष्ट्रीय बालिका दिवसः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टॉपर 318 बालिकाओं को किया सम्मानित

प्रदेश की किसी भी बेटी का अपमान, मेरा अपमान

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मुख्य सेवक सदन में 'मेधावी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन' कार्यक्रम के तहत मेधावी बालिकाओं को सम्मानित किया। जिला स्तर पर इंटरमीडिएट व हाईस्कूल में प्रत्येक जिले और विकासखंड स्तर पर प्रथम आने वालीं बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र और स्मार्ट फोन देने के साथ ही वर्ष 2022 और 2023 की टॉपर 318 बालिकाओं को पुरस्कृत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में अनेक प्रयास कर रही हैं। प्रदेश का मुख्य सेवक होने के नाते प्रदेश की किसी भी बेटी का अपमान उनका अपमान है। ऐसा करने वालों के खिलाफ वे कठोरतम कार्रवाई करने से कभी पीछे नहीं हटेंगे।

टॉपर रही छात्रा को प्रशस्ति पत्र और स्मार्ट फोन प्रदान करते मुख्यमंत्री। ● एजेंसी

बेटियां शान, मान और अभिमान

सीएम ने कहा कि हमारी बेटियां हमारी शान, मान और अभिमान हैं। महान वीरांगना तीलू रौतेली से प्रारंभ होने वाली हमारे प्रदेश की वीर नारियों की सूची में टिंचरी माई, गौरा, चन्द्रप्रभा, गंगोत्री और बछेंद्री तक ऐसे अनेकों नाम हैं, जिन्होंने हर चुनौती को छोटा साबित करते हुए कुप्रथाओं को तोड़ने और आत्मसम्मान से जीवन जीने की राह समाज को दिखाई है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज हमारी बेटियों ने हर क्षेत्र में एक अलग मुकाम बनाया है और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

30 प्रतिशत दिया आरक्षण

केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाएं बेटियों को और अधिक आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में सहयोग प्रदान कर रही हैं। राज्य सरकार ने हाल ही में सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लिया है। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग का 'परिवर्तन पोर्टल' लॉन्च किया और बालिका निकेतन की बालिकाओं को चन्द्रयान की अनुकृति भेंट की।

बहादुर आराधना और नाजिया को राजभवन में मिला सम्मान

राज्यपाल गुरमीत सिंह के साथ बहादुर बेटियां आराधना और नाजिया।

देहरादून, अमृत विचारः राज्यपाल गुरमीत सिंह ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग द्वारा राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की बेटियों आराधना एवं नाजिया को उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया।

पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड खिर्सु की निवासी 10 वर्षीय बालिका आराधना पुत्री उत्तम सिंह ने वर्ष 2023 में गुलदार से 7 वर्षीय भाई प्रिंस की जान बचाई थी। इसी साल देहरादून के विकासखंड सहसपुर की निवासी 10 वर्षीय बालिका नाजिया पुत्री नाजिम अली ने गुलदार के हमले से अपने 3 भाइयों वसीम, नदीम, नसीम का जीवन बचाया था। राज्यपाल ने दोनों बच्चियों को प्रशस्ति पत्र देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

- गुलदार से बचायी थी दोनों बालिकाओं ने भाइयों की जान

रामलला के दर्शन कराने में जुटी सरकार

विशिष्ट जनों से मुख्यमंत्री ने की अपील, आना हो तो पहले से बताएं ▸ अयोध्या में उमड़े दर्शनार्थी, परिवहन मंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी डटे ▸ अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पूर्व सूचित करना होगा

- श्रद्धालुओं की वापसी को परिवहन रेलवे से समन्वय बनाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्याधाम में रामलला के दर्शन को उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ को स्वाभाविक बताया है। साथ ही कहा कि, सभी की सुरक्षा, सुविधा व सुगम दर्शन की व्यवस्था करना सरकार का कर्तव्य है। मुख्यमंत्री ने विशिष्ट जनों से उम्मीद की है कि वे अयोध्या आने का कार्यक्रम बनाने से एक सप्ताह पहले स्थानीय प्रशासन, रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास या राज्य सरकार को जानकारी दें। जिससे अयोध्या आने पर उन्हें कोई असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को शासन स्तर के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इससे पहले उन्होंने मंगलवार को अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के पदाधिकारियों व स्थानीय प्रशासन के साथ परिस्थितियों पर मंथन भी किया था। मुख्यमंत्री के जारी निर्देशों में है कि जो श्रद्धालु दर्शन कर चुके हों, उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था हो। अयोध्या आने के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन अभी स्थगित रहे। आवश्यकतानुसार परिवहन मंत्री रेलवे से भी समन्वय करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंधन कराने की जिम्मेदारी मुख्य सचिव, डीजीपी, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव परिवहन और प्रमुख सचिव नगर विकास को सौंपी है। कहा है कि अयोध्या की सीमा से लगे जिलों के साथ अयोध्या प्रशासन और शासन के अधिकारी अंतरराज्यीय सम्पर्क बनाए रखें। किस दिशा से कितने श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है, आकलन करते हुए आवश्यक प्रबंध हों।

अयोध्या में बुधवार को सुबह ठंड के बीच रामलला के दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु।

गणतंत्र दिवस पर सतर्क रहे सुरक्षा तंत्र, धार्मिक भावनाओं का न हो अपमान या तिरस्कार : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री ने गणतंत्र दिवस का हवाला देते हुए 26 जनवरी को सुरक्षा तंत्र को सतर्क रहने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि इस उल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में अराजक तत्व माहौल को खराब करने का कुत्सित प्रयास कर सकते हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी गीत-संगीत, नारेबाजी या किसी भी अन्य कृत्य से किसी की धार्मिक भावनाओं का अपमान या तिरस्कार न हो। अगर कोई विद्वेष फैलाने वाले प्रयास करता हुआ पाया जाए तो उनके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुरूप कठोरतम कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री के खास निर्देश

- दर्शनार्थी कतारबद्ध हों, भीड़ न लगे, कतार चलायमान रहे।
- बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं का ध्यान दें, भावनाओं का सम्मान हो
- प्रमुख पथों पर लो-ट्यून में राम भजन बजने चाहिए।
- सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों का व्यवहार मर्यादित होना चाहिए।
- अलाव, पेयजल, कुर्सियों की व्यवस्था रहे, मशीनीकृत सफाई हो

1 फरवरी को योगी कैबिनेट शीश नवाएगी

लखनऊ। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी रामलला के दर्शन कराने का कार्यक्रम तय हुआ है। इसको लेकर पूरा शेड्यूल बनाया गया है। राज्यों के मुख्यमंत्री अलग-अलग तरीखों में अपनी कैबिनेट के साथ अयोध्या दर्शन करने पहुंचेंगे। इस कड़ी में 31 जनवरी को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा कैबिनेट के दर्शन करने से पूर्व 1 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित पूरी कैबिनेट रामलला के दर्शन करेगी। 2 फरवरी को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, 5 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, 6 को अरुणाचल के मुख्यमंत्री प्रेमा कंडू, 9 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, 12 को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, 15 को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, 22 को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा, 24 फरवरी को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और 4 मार्च को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपनी-अपनी कैबिनेट के साथ दर्शन करने अयोध्या पहुंचेंगे।

- भाजपा शासित राज्यों की कैबिनेट भी अलग-अलग तारीखों में पहुंचेगी अयोध्या

सीएम की अध्यक्षता वाली कैबिनेट बैठक में 22 प्रस्तावों पर मुहर

सरकारी नौकरियों में खिलाड़ियों को मिलेगा 4 फीसदी आरक्षण

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में 22 प्रस्तावों पर फैसला लिया। कैबिनेट ने श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रधानमंत्री का आभार जताया।

बैठक के बाद मुख्य सचिव डॉ. सुखबीर सिंह सन्धु ने बताया कि उत्तराखंड में खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार फीसदी क्षैतिज आरक्षण मिलेगा। प्रतिभावान खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियों में चार प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने के लिए उत्तराखंड लोक सेवा विधेयक 2024 को विधानसभा में रखने की कैबिनेट ने अनुमति दे दी। वहीं, बाल्य देखभाल अवकाश की पूरी अवधि में महिला कार्मिकों या एकल अभिभावक को अवकाश पर जाने से पहले मिल रहा पूरा वेतन देने के प्रस्ताव भी पास हो गया। दो से अधिक जीवित संतान वाले व्यक्तियों के लिए त्रिस्तरीय पंचायतों की सदस्यता के लिए कैबिनेट ने उत्तराखंड पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2024 प्रख्यापित किया जाना प्रस्तावित किया है। यदि चुनाव से पहले एक बच्चा होगा और यदि जीत के बाद जुड़वां बच्चे होते हैं तो संबंधित प्रतिनिधि अयोग्य नहीं होगा।

इन प्रस्तावों पर भी फैसले

- व्यक्तिगत सहायक में पदोन्नति के लिए अब 4800 का नया ग्रेड।
- सहायक अभियंताओं को वाहन भत्ता 4000 रुपये प्रति माह मिलेगा।
- पुराना वाहन भत्ता अब 1200 से 4000 रुपये तक हुआ।
- 6 नंबर पुलिया दून में बनेगा परिवहन मंत्रालय का कार्यालय, मिलेगी 0.0266 हेक्टेयर भूमि।
- भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग में 7 अतिरिक्त पद होंगे सृजित।
- 6 डिस्ट्रिक्ट माइनिंग ऑफिसर, एक पीएस टू डीजी, हर जिले में एक ऑफिसर।
- उत्तराखंड रिवर ड्रेजिंग नीति, 2021 में होगा आंशिक संशोधन।
- व्यवसाय संघ (उत्तराखंड संशोधन) विधेयक, 2020 सदन के पटल से वापस होगा।
- साहसिक पर्यटन : अहर्ता में शिथिलता, कुछ पदों पर भर्ती आसान, विषय विशेषज्ञ की अहर्ता बदली।
- वाइब्रेंट विलेज : सीमान्त गांव जादुंग उत्तरकाशी होम स्टे कलस्टर बनेगा, ज्यादा सरकारी मदद मिलेगी।
- हाउस ऑफ हिमालयाज : सरकार बनाएगी कंपनी, निजी कंपनी मार्केटिंग करेगी।

डॉ. एसएस संधु
मुख्य सचिव

20 रुपये बढ़ा गन्ना मूल्य, खनन नियमावली में हुआ संशोधन आबकारी नीति पर अभी और विचार

- पुलिस विभाग में समस्त संवर्ग के आरक्षियों की सेवा नियमावली में एकरूपता लाई जाएगी।
- पेराई सत्र 2023-24 में गन्ना मूल्य में 20 प्रति क्विंटल की वृद्धि, 5.50 रुपये क्विंटल कमीशन निर्धारित।
- एकल सदस्यीय समर्पित आयोग का कार्यकाल 1 साल बढ़ा।
- गहरा खनन रोकने को खनन मशीनों की वीडियोग्राफी होगी।
- पुराने जेल परिसर दून में बार एसो. को पांच बीघा भूमि 30 साल को एक रुपया सालाना मिलेगी।
- मत्स्य पालन को जलाशयों की बोली अब 10 साल के लिए होगी।
- पशु चिकित्सा अधिकारी की नियमावली में संशोधन।
- लखवाड़ व्यासी जैसे डैम में अब 10 लाख तक के काम लोकल सोसाइटी बनाकर होंगे।

प. बंगाल में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी तृणमूल कांग्रेस

इंडिया गठबंधन को झटका

- मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने किया ऐलान
- टीएमसी से सीटों के लिए भीख नहीं मांगेगी कांग्रेस : अधीर रंजन

कोलकाता, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को बड़ा झटका देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ने का फैसला किया है। बनर्जी ने कांग्रेस और टीएमसी के बीच सीटों के बंटवारे पर चल रहे टकराव के बीच कहा कि मैंने उन्हें (कांग्रेस) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया।

मुख्यमंत्री ने सीटों के बंटवारे पर चर्चा को लेकर खबरों का भी खंडन किया और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस में किसी से भी बात नहीं की है। उन्होंने कहा कि अब, हमने तय किया है कि बंगाल में कांग्रेस के साथ कोई संबंध नहीं है। सूत्रों के अनुसार, टीएमसी की ओर से कांग्रेस के 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को देखते हुए उसे केवल दो सीट देने की पेशकश की गई है जिसको लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान बढ़ गई है। टीएमसी, कांग्रेस, माकपा 28 विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं। उनकी ये टिप्पणियां कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने के एक दिन पहले आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपने दम पर 300 सीटों पर चुनाव लड़ने दीजिए। विपक्षी गठबंधन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए बनर्जी ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होने के तौर पर चुनाव के बाद अपनी रणनीति पर फैसला लेंगे। भाजपा को हराने के लिए जो भी हो सकता है, हम वह करेंगे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उन्हें राज्य में यात्रा के कार्यक्रम के बारे में सूचित नहीं किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी से सीटों की भीख नहीं मांगेगी।

कार दुर्घटना में ममता के माथे में लगी चोट

बर्द्धमान। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माथे में बुधवार को यहां उस समय चोट लग गई जब उनकी कार को एक अन्य वाहन से टकराने से बचाने के लिए अचानक रोकना पड़ा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ममता बनर्जी कार में आगे, चालक के बगल में बैठी थीं और उनका माथा सामने के शीशे से टकरा गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को कोलकाता लाया जा रहा है जहां डॉक्टर उनका इलाज करेंगे। ममता एक प्रशासनिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के लिए पूर्वी बर्द्धमान गई थीं।

'आप' भी पंजाब में अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि राज्य में आम आदमी पार्टी सभी सीटों पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। मान ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि पंजाब में हमारा कांग्रेस से कुछ भी नहीं है। 'आप' पंजाब में सभी 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतेगी। देश में पंजाब बनेगा हीरो।

शासन ने 6 आईपीएस का कामकाज बदला

देहरादून, अमृत विचारः शासन ने 6 आईपीएस अधिकारियों के कामकाज में फेरबदल किया है। तीन आईपीएस अधिकारियों को पदोन्नति के फलस्वरूप नई जिम्मेदारी दी है। एडीजी प्रशासन अमित सिन्हा को एडीजी दूरसंचार की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

निदेशक सतर्कता डॉ. वी. मुरूगेशन से एडीजी दूरसंचार की जिम्मेदारी हटाते हुए एडीजी अपराध अनुसंधान विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। आईजी कार्मिक विम्मी सचदेवा रमन से आईजी कार्मिक/पीएसी की जिम्मेदारी वापस ली गई है। आईजी अरूण मोहन जोशी को आईजी पीएसी और एटीसी, आईजी अनंत शंकर ताकवाले को आईजी कार्मिक और आईजी राजीव स्वरूप को आईजी सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।

कोटा में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की आत्महत्या

कोटा, एजेंसी

राजस्थान के कोटा जिले में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे एक छात्र ने छात्रावास के कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कोचिंग के गढ़ में इस साल छात्र की संदिग्ध खुदकुशी का यह पहला मामला है। बीते साल 26 छात्रों के आत्महत्या के मामले प्रकाश में आए थे जो एक साल के भीतर सबसे अधिक मामले हैं। ताजा घटना मंगलवार की है। पुलिस ने कोटा के न्यू राजीव गांधी नगर इलाके के एक छात्रावास के कमरे से छात्र का शव बरामद किया।

जवाहर नगर क्षेत्र के उप पुलिस अधीक्षक भवानी सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के रहने वाले मोहम्मद जैद (19) के रूप में हुई है। वह शहर के एक कोचिंग संस्थान में नीट की तैयारी कर रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, परिजनों को सूचना दे दी गई है, उनके आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। सिंह ने बताया कि मंगलवार को शाम तक जैद अपने कमरे से बाहर नहीं आया तब छात्रावास के संरक्षक ने रात करीब 10 बजे पुलिस को सूचना दी। डीएसपी ने बताया कि कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जांच के बाद ही पता चल पाएगा कि छात्र ने ऐसा कदम क्यों उठाया। 'कोटा हॉस्टल एसोसिएशन' के अध्यक्ष नवीन मित्तल ने बताया कि जिस कमरे में घटना हुई, वहां के पंखे में खुदकुशी रोकने के लिए उपकरण नहीं लगा था, जो कि जिले के छात्रावासों के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। एसोसिएशन छात्रावास को काली सूची में डालेगी और इसे बंद करने की सिफारिश करेगी। अधिकारियों ने छात्रावासों को छत वाले पंखों में एक स्प्रिंग की तरह का उपकरण लगाने का आदेश दिया था जो खुदकुशी को विफल करने में काफी मददगार है।

- मुरादाबाद जिले का रहने वाला था मोहम्मद जैद पंखे से फंदा लगाकर झूला

राहुल गांधी को हाईकोर्ट से मिली राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को उस याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें एक बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी।

अदालत ने राहुल गांधी, पुलिस और सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की दलीलों पर गौर करने के बाद इस याचिका का निपटारा कर दिया। किसी बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने पर दो साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा कि 2021 में बलात्कार पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले ट्वीट को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी और इस संबंध में जांच अभी जारी है।

राहुल गांधी के वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ को बताया कि उन्होंने उस ट्वीट को हटा लिया है, जिसमें उस नाबालिग लड़की की पहचान होती थी। एक्स के वकील ने अदालत के समक्ष पुष्टि की कि राहुल गांधी ने ट्वीट खुद ही हटा लिया था। अदालत मकरंद सुरेश म्हाडलेकर की 2021 की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की मांग थी कि 'एक्स' पर लड़की की उसके माता-पिता के साथ तस्वीर पोस्ट कर पहचान उजागर करने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए।

दुष्कर्म पीड़िता की पहचान मामला

बच्चे को हरकी पैड़ी लेकर पहुंचे परिजन, डुबाकर ले ली जान

संवाददाता, हरिद्वार

अमृत विचारः बुधवार को हरिद्वार में एक सनसनीखेज मामला सामने आया। एक परिवार ने अपने ही पांच साल के बच्चे को हरकी पैड़ी पर गंगा में डुबाकर मार डाला।

पुलिस के अनुसार, बुधवार दोपहर एक परिवार बच्चे को लेकर हरकी पैड़ी पर पहुंचा। बच्चे की मां के अलावा अन्य परिजन भी साथ थे। उन्होंने बच्चे को ब्रह्मकुंड में ले जाकर डुबो दिया और उसे लगातार डुबोते रहे। आस-पास के लोगों ने जब ये देखा तो बच्चे को तुरंत बाहर निकाला। सूचना मिलने पर नगर कोतवाली प्रभारी भावना कैंथोला, हरकी पैड़ी चौकी इंचार्ज संजीव चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे। बच्चे को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ की जा रही है। उनके बयान के बाद ही मामले का पूरा सच सामने आ पाएगा।

सार-संक्षेप

डीएसबी परिसर की डा. प्रशस्ति का जीसस एंड मैरी कॉलेज दिल्ली में चयन

नैनीताल। डीएसबी परिसर की अंग्रेजी विभाग की डा. प्रशस्ति जोशी का जीसस एंड मैरी कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली में चयन हुआ है। डा. प्रशस्ति ने अपना शोध रिप्रेजेंटेटिव डायलॉग्स इन द महाभारत पर किया। डा. जोशी ने डा. हरिप्रिया पाठक के निर्देशन में अपना शोध पूर्ण किया था, वह वर्तमान में डीएसबी परिसर के अंग्रेजी विभाग में सेवाएं दे रही हैं। डा. प्रशस्ति ने सेंट मैरी कॉन्वेंट हाई स्कूल से स्कूलिंग की तथा बाद में वनस्थली विद्यापीठ से यूजी, पीजी किया। उनकी उपलब्धि पर परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत, निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय प्रो. ललित तिवारी, प्रॉक्टर प्रो. हरीश बिष्ट, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विजय कुमार, कूटा के तरफ से प्रो नीलू लोधियाल, डॉ. संतोष कुमार, डॉ. दीपाक्षी जोशी, डॉ. दीपिका गोस्वामी, डॉ.अनिल बिष्ट, डॉ. पैनी जोशी, डॉ. उमंग सैनी, डॉ. सीमा चौहान, डॉ. दीपिका पंत ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

डा. प्रशस्ति जोशी।

शेरवानी होटल ने चलाया स्वच्छता अभियान

सफाई करते शेरवानी के स्टाफकर्मी।

नैनीताल। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने वाले होटल शेरवानी ने बुधवार को स्वच्छता अभियान के तहत नगर के तल्लीताल क्षेत्र में वे नैनीझील में सफाई की व कूड़े को एकत्र कर उसका निस्तारण किया। होटल के जनरल मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि होटल द्वारा समय-समय पर अपने सामाजिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया जाता है। इस दौरान जीवन सिंह बिष्ट, दिनेश पालीवाल, दीपक सिंह, नीरज सिंह रावत, कमल सिंह, मदन सिंह, कालिदास, हेमंत कुमार आर्य, किशन सिंह आदि मौजूद रहे।

नगर पालिका की बड़ी मुहिम, अब एक क्लिक में मिलेगी सारी जानकारी

नैनीताल। अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद के प्रयासों से अब नगर पालिका के अभिलेख डिजिटाइजेशन होंगे। इससे अभिलेखों के खोने व चोरी होने की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही पालिका में रखे गए नक्शे व अन्य को ढूंढने में भी समय नहीं लगेगा, जिससे लोगों को भी इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बुधवार को ईओ राहुल आनंद ने बताया कि पालिका के सभी अभिलेखों को सुरक्षित रखने के लिए सभी अभिलेखों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है। इसके लिए पालिका के ही चार कर्मचारियों की टीम गठित कर कार्य शुरू कर दिया गया है। कोशिश है कि मार्च तक सभी अभिलेख डिजिटाइजेशन हो जाएंगे। इसके बाद एक क्लिक में नक्शे व पालिका की फाइलें सामने आ जाएंगे। जिससे समय की बचत के साथ-साथ अभिलेखों के खोने चोरी होने व जलने की आशंका भी समाप्त हो जाएंगी।

ईओ राहुल आनंद।

नैनीझील में छोड़ी छह हजार महाशीर व सिल्वर कार्प

नैनी झील में मछलियां छोड़ते पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक।

नैनीताल। नैनीझील की पारिस्थितिकी को बनाए रखने के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय के मत्स्य विभाग की ओर से छह हजार सिल्वर कार्प व गोल्डन महाशीर मछली के बीच डाले गए। जो जलीय पारिस्थितिकी में सुधार लाने का काम करेंगी। साथ ही पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केंन्द्र बनेंगी। बुधवार को पंतनगर विश्वविद्यालय मत्स्य विभाग के विशेषज्ञों व कर्मचारियों की टीम नैनीताल पहुंची। टीम ने प्राधिकरण कर्मियों के साथ मिलकर तल्लीताल फांसी गधेरा, तल्लीताल बोट स्टैंड, मल्लीताल क्षेत्र से झील में एक हजार सिल्वर कार्प व पांच हजार गोल्डन महाशीर मछली छोड़ी। इस दौरान डॉ. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2007 में झील की जलीय पारिस्थितिकी का स्तर बेहद गिर गया था। इस कारण झील में मछलियां भी मरने लगी थीं। एरिएशन के बाद झील की पारिस्थितिकी में सुधार लाने के लिए विभिन्न प्रजातियों की मछलियां डाली गई थीं। मगर कुछ ही वर्षों में झील में कॉमन कार्प मछली की संख्या बढ़ने लगी। इसे नियंत्रित करने के लिए कॉमन कार्प, बिग हेड प्रजाति की मछलियों को निकालने के साथ ही नई प्रजातियों को झील में छोड़ा जा रहा है। बताया कि पहले चरण में एक हजार सिल्वर कार्प व पांच हजार गोल्डन महाशीर मछली झील में छोड़ी गई है। सिल्वर कार्प झील की काई व खरपतवार को कम करेंगी, जबकि गोल्डन महाशीर जीवित जीवों को खाकर झील को साफ बनाये रखने में मदद करेगी। अगले चरणों में और मछलियां झील में छोड़ी जाएगी। इस दौरान डॉ एम दास, हरीश थापा, डीडीए अवर अभियंता हेम उपाध्याय मौजूद रहे।

मुक्तेश्वर में माइनस डिग्री पहुंचा पारा, हल्द्वानी में धूप से कुछ राहत

बारिश के नहीं कोई आसार, हल्द्वानी में शाम होने के साथ ही तापमान में आ रही गिरावट

संवाददाता, हल्द्वानी/नैनीताल

अमृत विचार : पहाड़ से लेकर मैदान तक कड़ाके की ठंड पड़ रही है। हालांकि हल्द्वानी में लगातार तीसरे दिन धूप निकलने की वजह से ठंड से कुछ राहत मिली है लेकिन शाम होने के साथ ही हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है।

हल्द्वानी में मंगलवार को 0.1 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ था। बुधवार को न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी हुई और यह 6.5 डिग्री दर्ज किया गया। साथ ही अधिकतम तापमान करीब 16 डिग्री रहा। हल्द्वानी में लगातार तीसरे दिन धूप निकली है।

जिससे लोगों को दिन में ठंड से राहत मिल रही है। लोग गुनगुनी धूप का आनंद ले रहे हैं लेकिन शाम होने के साथ ही तापमान में गिरावट आ रही है और कंपकंपाने वाली ठंड पड़ रही है। उधर, मुक्तेश्वर में बिना बर्फबारी हुए ही पारा माइनस डिग्री तक गिर गया। बुधवार को मुक्तेश्वर में न्यूनतम तापमान माइनस 0.8 डिग्री रहा और अधिकतम तापमान करीब 12.7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी बारिश होने की कोई संभावना नहीं है। बारिश नहीं होने की वजह से गलन भरी ठंड पड़ रही है। साथ ही पश्चिम से आ रही हवाओं ने ठंड में और बढ़ोत्तरी की है।

हल्द्वानी में रात में घना कोहरा छाने से वाहन चालकों को हुई परेशानी। ● अमृत विचार

सुबह से खिली धूप, ठंडी हवाओं का रहा जोर

नैनीताल। बुधवार को नैनीताल सहित पहाड़ों में धूप खिलने से मौसम सुहावना बना रहा। मैदान में जहां कोहरे ने लोगों को परेशान कर रखा है, वहीं पहाड़ों में दिनभर धूप खिल रही है। इस दौरान नैनीताल की पहाड़ियों में हल्की धुंध भी छाई रही। नैनीताल पहुंचे सैलानियों ने मौसम का जमकर आनंद लिया। यहां सुबह सायं कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात्रि को जबरदस्त तुषारापात हो रहा है। कम संख्या में नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने आसपास के बारापत्थर, खुर्पाताल, हिमालय दर्शन, केव गार्डन, स्नो व्यू, हनुमानगढ़ आदि दर्शनीय इलाकों की सैर की और कैंची धाम पहुंच कर बाबा नीम करौली महाराज के दर्शन भी किये। नैनीताल में नैनी झील में नौकायन व बारापत्थर पहुंच कर घुड़सवारी का आनंद लिया। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र में अधिकतम तापमान 14 तथा न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता अधिकतम 58 व न्यूनतम 52 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया।

पेयजल योजनाओं को निजी संस्थाओं को देने का विरोध

- संयुक्त मोर्चे ने प्रदर्शन कर सरकार से फैसला वापस लेने की मांग की

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : राज्य सरकार द्वारा जल संस्थान और पेयजल योजनाओं को एडीबी सहित निजी संस्थाओं को देने के फैसले का अब कर्मचारी विरोध करने लगे हैं। बुधवार को नैनीताल जल संस्थान कार्यालय में कर्मचारी संयुक्त मोर्चे के तत्वावधान में सांकेतिक प्रदर्शन कर सरकार से अपना फैसला वापस लेने की मांग की।

संयुक्त मोर्चे ने गुरुवार को हल्द्वानी में हो रही विशाल रैली में सभी सदस्यों से पहुंचने की अपील भी की है। प्रदर्शन कर रहे मोर्चे के उपाध्यक्ष महेश राम ने कहा प्रदेश भर जल संस्थान के कर्मचारी ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद भी सरकार मनमाने ढंग से सरकारी कार्य को निजी संस्था के हाथों में देने जा रही है जिसका कर्मचारी पूर्ण विरोध करते हैं। अगर सरकार ने अपना फैसला नहीं बदला तो कर्मचारी प्रदेश भर में उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान अधिशासी अभियंता विपिन चौहान, सहायक अभियंता डीएस बिष्ट, त्रिवेन्द्र जोशी, विनय चौधरी, ललित राठौर, प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार साह, सचिव किशन सिंह बिष्ट, राजेन्द्र प्रसाद, कमल नेगी, अशोक भट्ट, राजेन्द्र सिंह ठगुना, इन्दिरा गोस्वामी, दीपा बिष्ट, प्रकाश चन्द्र, जगदीश मेहरा, टीकम सिंह, प्रदीप कुमार, आनंद सिंह, पितांबर पाठक, आनंद प्रकाश शर्मा, देवकी नंदन, पांडे, हरगोविन्द बिष्ट, बिशन सिंह रौतेला, संजय कुमार, मोहन सिंह बोरा आदि मौजूद रहे।

नगर कांग्रेस कमेटी में चार उपाध्यक्ष और चार महासचिव बनाए

भीमताल : नगर कांग्रेस कमेटी भीमताल के अध्यक्ष डीके डालाकोटी ने जिला अध्यक्ष नैनीताल की संस्तुति पर नगर कार्यकारिणी का विस्तार किया। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर इंद्रजीत सिंह बिष्ट, गुंजन रौतेला, संजय जोशी, मनोज कुमार आर्य, महासचिव में चारु चंद्र जोशी, प्रकाश चंद्र हरबोला, गोविंद सिंह कनवाल, विनोद कुमार, संगठन सचिव में पवन उप्रेती, नितिन दुमका, आमिर बेग और उपसचिव पद में दीवान राम, गगन कुमार, रियाज उल्ला, मनोनीत किए हैं। वहीं नगर अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस में बूथ स्तर पर चार पांच बूथ को मिलाकर एक मंडलम की नियुक्ति की जा रही है, जो चुनाव के समय पांच बूथों का कार्यभार देखेगा। मंडलम में नीरज कुमार मोनू और कुमुद वृजवासी को स्थान दिया गया है।

ओखलकांडा सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : पिछले कई माह से बारिश नहीं होने के कारण पर्वतीय क्षेत्र में फसल शत प्रतिशत प्रभावित हो गई है, जिसके चलते कास्तकारों को जहां भारी क्षति हुई है वहीं अब अपने खाने के भी लाले पड़े हुए हैं। विकासखंड ओखलकांडा के जनप्रतिनिधियों ने भीमताल विकास भवन पहुंच कर मुख्य विकास अधिकारी अशोक पांडे से शिष्टाचार भेंट की और विकासखंड ओखलकांडा को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की।

पूर्व प्रधान कूकना मदन नौलिया के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि पूरे विकासखंड में साग सब्जी के साथ साथ आलू और अन्य फसल भी लगभग शत-प्रतिशत प्रभावित हैं। पूरे खेत बंजर हो गए हैं, वहीं ग्रामीणों ने कास्तकारों को उचित मुआवजा देने के साथ साथ बीज भी निशुल्क उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान प्रमोद कोटलिया, गजेन्द्र महता आदि मौजूद थे।

मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन देते ओखलकांडा के जनप्रतिनिधि।

दलों के मुद्दों में क्या खो जाएंगे स्थानीय मुद्दे

- जंगली जानवरों से कृषि उत्पादन प्रभावित, बेरोजगारी ने बढ़ाई पलायन की दर
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोजगार, पलायन, कृषि की समस्याओं का आज तक नहीं हुआ निदान

चन्द्रेक बिष्ट, नैनीताल

अमृत विचार : राज्य को बने 23 साल हो गये। इन सालों में 2004 से लेकर अब तक राज्य में तीन लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो गये।

पांचवां लोकसभा चुनाव आसन्न है। राज्य बनने के बाद हुए लोक सभा व विधान सभा चुनावों में युवाओं को रोजगार देने का मुद्दा तो राष्ट्रीय दलों के घोषणापत्र में रहा लेकिन वह राष्ट्रीय मुद्दों में कहीं छिप से गये। इस बार 2024 में फिर लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं। राष्ट्रवाद व राष्ट्रीय मुद्दों पर तो बात हो रही है लेकिन रोजगार, पलायन, कृषि के मुद्दों पर अब तक दलों की क्या एजेंडा है वह साफ नहीं है, हालांकि अभी चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा भी नहीं की है और न ही दलों के घोषणा पत्र जारी नहीं हुए हैं। देखना है कि रोजगार, पलायन, कृषि के मुद्दों पर उनके घोषणा पत्र क्या कहते हैं, लेकिन इतना तय है कि दलों के अब तक के रुख से रोजगार, पलायन, कृषि के मुद्दे फिर स्थानीय स्तर पर गौंण हो जायेंगे। उत्तराखंड के परिप्रेक्ष्य में बात की जाय तो यहां हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर व देहरादून को छोड़ नैनीताल के पहाड़ी इलाके सहित 10 जिले पूरी तरह पर्वतीय है। यहां रोजगार, पलायन, कृषि बड़ी समस्या के रूप में उभरी है। राज्य बनने के बाद आज 23 साल में भी इन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया। हालत तो यह रही कि इन समस्याओं का समाधान तो नहीं हुआ यह समस्या और अधिक बढ़ गई। पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम की बेरुखी व जंगली जानवरों के कारण कृषि उत्पादन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। बेरोजगारी ने पलायन की दर बढ़ा दी। आज हालत यह है कि पड़ोसी राज्य हिमाचल में कृषि सुरक्षा की गारंटी सरकार ने ली है। अनाज, फल व सब्जी उगाने में वह अव्वल है। उत्तराखंड में कृषि सुरक्षा के लिए केवल कागजों में नीतियां बनाई गई हैं। जमीनी हकीकत यह है कि पहाड़ों में लोगों ने कृषि कार्य करना ही छोड़ दिया है।

इस बार भी जनता को रोजगार, पलायन, कृषि के मुद्दों पर फिर भटकाने की संभावना

नैनीताल। अब चुनाव की बेला आने वाली है तो यह दल फिर जनता को रोजगार, पलायन, कृषि के मुद्दों पर फिर भटकायेंगे। यहां यह बताना जरूरी है कि नौकरी उत्तराखंड के लोगों की प्राथमिकता रही है, क्योंकि कृषि व निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम होने के कारण यहां सरकारी व अर्ध सरकारी नौकरी पाना युवाओं का सपना है, लेकिन राज्य बनने के बाद नौकरी के अवसर नहीं के बराबर हो चुके हैं। विडंबना है कि जब-जब चुनाव आए राजनीतिक दलों ने इस मुद्दे को भावनात्मक हथियार की तरह इस्तेमाल किया। इसके विपरीत 19 सालों में भाजपा व कांग्रेस की राज्य व केंद्र में सरकार आई लेकिन रोजगार के अवसर नहीं खुले। हालत यह है कि आज राज्य के 13 जिलों में 9.26 लाख बेरोजगार पंजीकृत है। हालत तो यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपंजीकृत बेरोजगार मजदूरी के लिए शहरों में भटक रहे हैं या फिर प्रदेश से बाहर पलायन कर चुके हैं।

बाइपास पर टाइल्स बिछाने की मांग

भीमताल। लोक निर्माण विभाग के द्वारा भीमताल के मल्लीताल बाजार व तल्लीताल बाजार में टाइल्स बिछाने का कार्य किया गया है। वहीं भीमताल का बाइपास मार्ग जो कि हर बरसात के सीजन में सर्वाधिक प्रभावित होता है, वहां भी अब टाइल्स बिछाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। स्थानीय निवासियों की माने तो पर्यटन सीजन के दौरान यातायात का लगभग 50 प्रतिशत बाइपास मार्ग से गुजरता है। ऐसे में भीमताल का बाइपास सर्वाधिक प्रभावित है। जगह-जगह पर पानी जमा होने के कारण डामर भी प्रभावित होता है।

गणतंत्र दिवस परेड को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : गणतंत्र दिवस को लेकर डीएसए मैदान में पुलिस के जवानों ने परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल की।

बुधवार को परेड कमांडर सीओ भवाली नितिन लोनी के नेतृत्व में यातयात, सशस्त्र, नागरिक पुलिस पुरुष, आईआरबी, नागरिक पुलिस महिला, 31वीं पीएसी महिला, अग्निशमन पुरुष, अग्निशमन महिला, एनसीसी सहित कुल 9 टुकड़ियों ने पूर्वाभ्यास किया। नितिन लोहनी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर पुलिस द्वारा भव्य परेड का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए बुधवार को फाइनल रिहर्सल की गई।

कहा कि इस बार परेड में पुलिस की 8 टुकड़ियों सहित एनसीसी कैडेट्स, सीपीयू, डॉग स्क्वायड, अग्निशमन, मोबाइल फॉरेंसिक वैन आदि ने परेड में प्रतिभाग किया जा रहा है।

डीएसए मैदान में रिहर्सल करते पुलिस के जवान। ● अमृत विचार

पहल पहले चरण के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट में पार्किंग निर्माण को प्राथमिकता रहेगी, पर्यटन विभाग के प्रोजेक्ट को टीएसी के लिए मिली मंजूरी

26 करोड़ की लागत से संवरेगा बाबा नीब करौरी का कैंची धाम

गौरव जोशी, नैनीताल

अमृत विचार : फेसबुक और एप्पल के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग और स्टीव जॉब्स को राह दिखाने वाले बाबा नीब करौरी महाराज के दर पर आने वाले श्रद्धालुओं को अब बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी। बाबा द्वारा स्थापित कैंची धाम को 26 करोड़ की लागत से संवारा जाएगा। पहले चरण के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट में पार्किंग निर्माण को प्राथमिकता दी गई है।

इसके साथ ही कई अन्य सुविधाओं को जोड़ने और सुंदरीकरण कार्य किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुमाऊं दौरे के बाद प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन में तेजी आई है। फोर कंसलटेंट के सहयोग से पर्यटन विभाग के प्रोजेक्ट को टीएसी के लिए लोनिवि से मंजूरी मिल गई है। एक सप्ताह के भीतर वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रस्ताव शासन को भेज दिया जाएगा।

बता दें कि बाबा नीब करौरी महाराज द्वारा स्थापित कैंची धाम की ख्याति में हर रोज विस्तार हो रहा है। कुछ वर्षों पूर्व तक हजारों की संख्या तक रहने वाली श्रद्धालुओं की संख्या अब लाखों तक पहुंच गई है। श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ाने के कारण सुविधा विस्तार के साथ ही पार्किंग की जरूरत महसूस होने लगी है। मानसखंड मंदिर माला प्रोजेक्ट में शामिल होने के बाद शासन स्तर पर अनुबंधित फॉर कंसलटेंट को प्रोजेक्ट निर्माण की जिम्मेदारी दी गई थी। बीते माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुमाऊं दौरे के बाद मंदिर माला प्रोजेक्ट में तेजी आई है। फोर कंसलटेंट के सहयोग से पर्यटन विभाग की ओर से पहले चरण में 25 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। फोर कंसलटेंट के सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर कैलाश अमोली ने बताया कि प्रोजेक्ट का डिजाइन और डीपीआर तैयार कर टीएसी के लिए लोनिवि को भेजी गई है। टीएसी के बाद प्रस्ताव शासन भेज दिया जाएगा।

बाबा नीब करौरी का कैंची धाम। ● अमृत विचार

21 करोड़ से बनेगी टू टियर पार्किंग

कैंची धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। वाहनों का दबाव बढ़ने और ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से समस्या आम हो गई है। जिस कारण कैंची धाम के सुविधा विस्तार के लिए बनाए गए प्रोजेक्ट में पार्किंग को प्राथमिकता दी गई है। पहले चरण के 25 करोड़ विकास प्रोजेक्ट में 21 करोड़ का बजट पार्किंग निर्माण के लिए रखा गया है। जिससे पर्यटन विभाग को हस्तांतरित की गई भूमि पर टू टियर पार्किंग का निर्माण किया जाएगा। पार्किंग के ऊपर वाहन चालकों के लिए डॉरमेट्री निर्मित की जाएगी।

नदी के किनारे बनेगा पाथवे, होगा सुंदरीकरण

फोन कंसलटेंट के सीनियर प्रोजेक्ट इंजीनियर कैलाश अमोली ने बताया कि प्रस्तावित प्रोजेक्ट में नदी के किनारे पाथवे निर्माण किया जाना है। इसके निर्माण के बाद पार्किंग में वाहन लगाने वाले श्रद्धालुओं के मंदिर में प्रवेश के लिए दो बार मुख्य सड़क तक नहीं आना होगा। इसके अलावा श्रद्धालुओं के लिए फैसिलिटी सेंटर व मंदिर से निकासी को एक और पुलिस का निर्माण किया जाना है। बताया कि पार्किंग स्थल के समीप पार्क व अन्य सुंदरीकरण कार्य भी किए जाएंगे।

बाइपास को लेकर भी कवायद तेज

15 जून को मंदिर के स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सेनेटोरियम से रातीघाट बाइपास बनाने की घोषणा की थी। इसको लेकर लोनिवि कवायद में जुटा हुआ है। लोनिवि अधिशासी अभियंता रत्नेश कुमार सक्सेना ने बताया कि सेनेटोरियम से रातीघाट तक 19.5 किमी लंबी सड़क निर्माण किया जाना है। इसका सर्वे कर लिया गया है। बताया कि सेनेटोरियम से आठ किमी आगे तक पूर्व में कटी सड़क के चौड़ीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इससे आगे सड़क निर्माण को पहले चरण का काम शुरू हो चुका है। जिसको लेकर वन भूमि प्रस्ताव गठन किया जा चुका है। वन विभाग के साथ बैठक के बाद पेड़ों की गिनती व वन भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

पालिका क्षेत्र की होने जा रही है जिओ मैपिंग

नैनीताल। नगर पालिका क्षेत्र का डिजिटल नक्शा बनाने के लिए नैनीताल में जिओ मैपिंग का कार्य शुरू हो गया है। जिओ मेपिंग का काम एक निजी कंपनी को दे दिया गया है। इसके बाद कंपनी प्रारंभिक काम शुरू कर करने जा रही है। बता दें कि पालिका क्षेत्र में अब तक करीब 6 हजार व्यावसायिक व घरेलू भवन चिन्हित हैं, जिनका आंकड़ा वर्तमान में नगर पालिका के पास मौजूद है। उनसे नगरपालिका टैक्स लेती है। नैनीताल शहर में कई वर्षों से भवनों के निर्माण हो रहे हैं, जिनकी जानकारी नगर पालिका के पास नहीं है। इसको देखते हुए जिओ मैपिंग करवाई जा रही है ताकि नगर पालिका के पास घरेलू और व्यावसायिक भवनों का सटीक डाटा मिल सके। ईओ राहुल आनंद ने बताया कि जिओ मैपिंग के लिए केंद्र सरकार द्वारा एक निजी कंपनी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है जो जल्द ही ड्रोन व घर-घर जाकर सर्वे करेगी और मैप तैयार करेगी।

30 जनवरी के बाद ही मिलेगी राहतः डॉ. सिंह

हल्द्वानी। मौसम विज्ञानी डॉ. आरके सिंह ने बताया कि अगले पांच दिन भी ठंड का असर बरकरार रहेगा। बस राहत की बात यह रहेगी कि दिन में समय धूप निकलेगी। जिससे लोगों को दिन में ठंड से राहत मिलेगी। बताया कि 30 जनवरी के बाद कोहरे का असर कम होगा और साथ ही तापमान में भी थोड़ी बढ़ोत्तरी शुरू हो जाएगी। अनुमान है कि भीषण ठंड से राहत जनवरी के बाद ही मिलेगी।

पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

एक नजर

जिले में बढ़ गए 14,634 मतदाता

हल्द्वानी : नैनीताल जनपद में मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। जिले की 6 विधानसभा सीट में 14,634 मतदाता बढ़ गए हैं। एडीएम शिवचरण द्विवेदी ने बताया कि जिले की 6 विधानसभा में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 8,04,174 हो गई है। वर्ष 2023 की अंतिम सूची के अनुसार जिले में कुल 790140 मतदाता थे। इनमें 410376 पुरुष व 379156 महिलाएं शामिल थीं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जारी हुई अंतिम सूची के अनुसार जिले में 14,634 मतदाता बढ़े हैं। इनमें 7294 पुरुष व 7340 महिलाएं बढ़ी हैं। इस तरह मतदाताओं की संख्या बढ़कर 8,04,174 हो गई है।

प्राध्यापक के निधन पर यूओयू में जताया शोक

हल्द्वानी : उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. हेमंत कांडपाल का बुधवार को निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से विश्वविद्यालय में शोक है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उनके आकस्मिक निधन पर संवेदना व्यक्त की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी और कुलसचिव प्रो. पीडी पंत ने उनके निधन को विश्वविद्यालय के लिए कभी पूर्ण न होने वाली क्षति बताया। शोक के चलते विश्वविद्यालय में साढ़े 12 बजे ही अवकाश कर दिया गया।

रविवार को कोटाबाग में लगाया जाएगा शिविर

हल्द्वानी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बहुउद्देश्यीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर रविवार को सुबह 11:30 बजे राजकीय कन्या इंटर कॉलेज कोटाबाग में लगाया जाएगा। शिविर में सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। चिकित्सा विभाग की ओर चिकित्सकीय परीक्षण के बाद मौके पर ही दिव्यांगों को प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। राजस्व विभाग की ओर से स्थाई, जाति, आय प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। श्रम विभाग की ओर से श्रमिकों का पंजीयन भी होगा।

गुम हुई बच्ची को सकुशल बरामद कर दादी को सौंपा

लालकुआं : नई बस्ती लालकुआं निवासी एक महिला ने कोतवाली लालकुआं में आकर सूचना दी कि बुधवार को वह बाजार में सामान लेने के लिए अपनी पांच वर्षीय पोती के साथ आई थी। अचानक पोती अपनी दादी का हाथ छोड़कर कहीं चली गई। उक्त प्राप्त सूचना पर डीआर वर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआं द्वारा सुरक्षा की दृष्टिगत तत्काल कार्रवाई करते हुए डायल 112 पुलिस टीम को घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक करने एवं लोगों से पूछताछ करने के लिए तत्काल रवाना किया गया। पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, टेंपो स्टेशन एवं सार्वजनिक स्थानों, संभावित स्थानों तथा सीसीटीवी कैमरों को गहनता से चेक करते हुए एवं लोगों से पूछताछ करने के फलस्वरूप 05 साल की बच्ची को नई बस्ती लालकुआं से सकुशल बरामद किया। बच्ची के बरामद होने पर दादी ने खुशी जताते हुए पुलिसकर्मियों का आभार जताया। पुलिस टीम में कांस्टेबल चंद्रशेखर मल्होत्रा, कांस्टेबल कमल बिष्ट, महिला कांस्टेबल अनीता, खेम सिंह दानू शामिल रहे।

सड़क चौड़ीकरण : 48 व्यापारियों ने दिए दस्तावेज, रखा पक्ष

नगर निगम सभागार में नगर आयुक्त, सिटी मजिस्ट्रेट व एसडीएम ने की सुनवाई, आज भी जारी रहेगी सुनवाई

संवाददाता, हल्द्वानी

100 व्यापारियों की होनी है सुनवाई | **52** व्यापारी आज रखेंगे अपना पक्ष | **02** दिन में पूरी होगी सुनवाई

अमृत विचार : सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रही दुकानों के संचालकों/ स्वामियों की सुनवाई शुरू हो गई है। प्रशासन, नगर निगम और राजस्व ने संयुक्त रूप से सुनवाई की। दुकानों के संचालकों/स्वामियों ने दस्तावेज दिए हैं, अब इनकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही चौड़ीकरण की जद में आ रही दुकानों के ध्वस्तीकरण पर फैसला लिया जाएगा।

मंगल पड़ाव से रोडवेज तक सड़क चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इसमें सड़क के बीचो बीच दोनों तरफ से 12-12 मीटर चौड़ीकरण किया जाना है। इस चौड़ीकरण की जद में 100 निजी दुकानें आ रही हैं। दुकान स्वामियों का आरोप था कि ध्वस्तीकरण के नोटिस चस्पा कर दिए गए और उनकी सुनवाई नहीं हुई। इधर, बुधवार को नगर निगम सभागार में मुख्य नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, एसडीएम परितोष वर्मा ने संयुक्त रूप से प्रभावित दुकानदारों की सुनवाई की।

बुधवार को 46 दुकान संचालकों को बुलाया गया था जबकि 48 व्यापारी पहुंच गए। उन्होंने भूमि के मालिकाना हक के कागजात, टैक्स पर्ची, बिल, समेत अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज और अपना-अपना पक्ष अधिकारियों के सामने रखा। इन दस्तावेजों की नगर निगम, प्रशासन, राजस्व और लोनिवि से जांच करवाई जाएगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद निर्णय लिया जाएगा। गुरुवार को बाकी 52 व्यापारियों की सुनवाई की जाएगी।

वहीं, सरकारी संपत्तियों कुमाऊं मंडल विकास निगम, बेस अस्पताल, स्टेडियम की चाहरदीवारी तोड़ी गई थी। इनकी दीवार बनाने का काम शुरू हो गया है। तेजी से काम किया जा रहा है।

हल्द्वानी नगर निगम सभागार में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत अपना पक्ष रखते व्यापारी। ● अमृत विचार

चर्चा: तीन दिन का अल्टीमेटम

व्यापारियों का आरोप है कि प्रशासन की ओर से उन्हें तीन दिन का अल्टीमेटम दे दिया गया है। इस हिसाब से 27 जनवरी से दुकानें तोड़ने की कार्रवाई हो सकती है। हालांकि नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी मौखिक बात पर यकीन नहीं किया जाए। जब दुकानें तोड़े जाएंगी तो प्रशासन की ओर से लिखित में आदेश दिया जाएगा।

सुनवाई के चलते 2 बजे तक बंद रहीं दुकानें

अतिक्रमण की जद में आई दुकानों के मामले में बुधवार को प्रशासन व नगर निगम ने सुनवाई की। जिसमें प्रभावित व्यापारियों ने अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखा। इधर सुनवाई के चलते प्रभावित व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। दोपहर 2 बजे तक दुकानें बंद रहीं। बैठक समाप्त होने के बाद व्यापारियों ने दुकानों को खोला। मामले में गुरुवार को भी सुनवाई होगी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि गुरुवार को भी प्रभावित व्यापारी दो बजे तक दुकानें बंद रखेंगे।

व्यापारी राहत के लिए न्यायालय में जाकर लड़ेंगे लड़ाई

हल्द्वानी, अमृत विचार : बुधवार को नगर निगम में प्रशासन और दुकानदारों के बीच हुई वार्ता में दुकानदारों की ओर से कानूनी पैरवी करने के लिए अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह पहुंचे। साथ ही व्यापारियों ने कोर्ट में जाकर कानूनी लड़ाई लड़ने की बात कही है। वार्ता के बाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जो कानून बना हुआ है उसका पालन नहीं किया जा रहा है। जिस तरह से दुकानों को तोड़ने का नोटिस दिया गया है वह विधि सम्मत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्णयों का हवाला दिया है। कानून और संविधान के प्रावधान बताए हैं। देश में हर ऑथिरिटी को कानून का पालन करना होता है। किसी को भी हक नहीं है कि कानून के खिलाफ जाकर काम करे। व्यापारी नेता रुपेंद्र नागर ने कहा कि व्यापारियों और प्रशासन के बीच में बात हुई है। हमारी तरफ से बात रखने के लिए हमारी ओर से अधिवक्ता ने पक्ष रखा है। व्यापारियों के हित के लिए न्यायालय की शरण में जाएंगे। व्यापारियों का दावा है कि अधिवक्ता की ओर से पैरवी किए जाने के बाद प्रशासन सख्त तेवर में दुकानें तोड़ने के लिए तीन दिन का समय दे रहा था। बाद में अधिवक्ता की ओर से कानूनी पक्ष रखने के बाद प्रशासन के तेवर नरम पड़ गए। इधर कुछ व्यापारियों का कहना है कि शराब व्यापारियों के लिए सरकार ने एक बार राष्ट्रीय राजमार्ग को जिला मार्ग तक घोषित कर दिया था।

सीटी स्कैन और आईसीयू शिफ्ट करने की कवायद तेज

हल्द्वानी : बेस अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन और आईसीयू को शिफ्ट करने की कवायद तेज हो गई है। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने अलग-अलग इंजीनियरों को पत्र भेज दिए हैं। नैनीताल-बरेली रोड चौड़ीकरण को लेकर इन दिनों प्रशासन और नगर निगम सड़क के दोनों निर्माण ध्वस्त कर रहा है। इसकी जद में बेस अस्पताल का इमरजेंसी कक्ष, वार्ड, सीटी स्कैन कक्ष और आईसीयू भी है। सीटी स्कैन मशीन को दूसरी जगह शिफ्ट करने के लिए अस्पताल प्रबंधन ने इंजीनियर को पत्र भेज दिया है। अस्पताल के प्रभारी पीएमएस डॉ. केके पांडे ने बताया कि इंजीनियर मौके पर आकर मशीन के लिए उपयुक्त जगह तय करेगा। सभी मानकों को पूरा करने के बाद ही मशीन को शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईसीयू को शिफ्ट करने के लिए भी इंजीनियर को पत्र भेजा गया है। हालांकि अभी तक किसी का जवाब नहीं आया है।

डीडीआरसी की बिल्डिंग में शिफ्ट हो सकती है मशीन

सीटी स्कैन मशीन को अस्पताल परिसर में बने जिला दिव्यांग पुर्नवास केंद्र (डीडीआरसी) की बिल्डिंग में शिफ्ट किया जा सकता है। जबकि डीडीआरसी पुरानी जगह में शिफ्ट हो सकता है। हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने इस बारे में कोई आदेश जारी नहीं किया है।

सड़क चौड़ीकरण के चलते तोड़ी गई हल्द्वानी मिनी स्टेडियम की दीवार। ● अमृत विचार

बाउंड्रीवॉल टूटने से मिनी स्टेडियम की सुरक्षा खतरे में

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पूर्व में नगर निगम व प्रशासन की संयुक्त अगुवाई में चौराहों व सड़कों की चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया था। इसी क्रम में अतिक्रमण की जद में मिनी स्टेडियम के मुख्य गेट की बाउंड्रीवॉल भेंट चढ़ गई है। जिसके चलते स्टेडियम की सुरक्षा में सेंध लगने की गुंजाइश से भी इंकार नहीं किया जा सकता है।

अतिक्रमण की जद में आए मिनी स्टेडियम की करीब 140 मीटर बाउंड्रीवॉल को गिरा दिया गया है। जिसके चलते स्टेडियम में कोई भी आसानी से प्रवेश कर सकता है। पूर्व में भी बद्रीपुरा की तरफ सड़क की चौड़ीकरण के लिए मिनी स्टेडियम की बाउंड्रीवॉल को तोड़ा गया था। लेकिन एक बार फिर से स्टेडियम के मुख्य गेट की बाउंड्रीवॉल को तोड़ दिया गया है, जिसके चलते स्टेडिमय की सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है।

मिनी स्टेडियम की दीवार टूटने के बाद यहां सुरक्षा की चिंता सताने लगी। स्टेडियम के खेलों से जुड़ा महंगा सामान रहता है। जिसके चोरी होने का भय बन गया। स्टेडियम की दीवार टूटने से कोई भी संदिग्ध व्यक्ति आराम से अंदर जा सकता था लेकिन नगर निगम ने इस समस्या का समाधान निकाल दिया। वहीं स्टेडियम की बाउंड्रीवॉल के पुनर्निर्माण की बात करे तो इसे नगर निगम की बनवाएगा लेकिन अभी स्टेडियम की सुरक्षा की चिंता बनी हुई है।

मिनी स्टेडियम की सुरक्षा के लिए 6 गार्ड दिए

हल्द्वानी : मिनी स्टेडियम की दीवार को सड़क चौड़ा करने के लिए तोड़ दिया गया। अब नगर निगम मिनी स्टेडियम की सुरक्षा के लिए पीआरडी गार्ड उपलब्ध करवा रहा है। इन गार्ड के मानदेय का भुगतान भी नगर निगम कर रहा है। नगर निगम मिनी स्टेडियम की सुरक्षा के लिए 6 पीआरडी दिए हैं। ये गार्ड स्टेडियम के अंदर सुरक्षा व्यवस्था देखेंगे। खासतौर से रात के समय सतर्क रहने के आदेश दिए गए हैं। उप सहायक खेल निदेशक रशिका सिद्दीकी ने बताया कि पीआरडी गार्ड के मानदेय का भुगतान भी नगर निगम की ओर से किया जा रहा है।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में दिखे चार दुर्लभ पक्षी

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: कार्बेट टाइगर रिजर्व में पक्षियों की गणना के दौरान चार दुर्लभ प्रजाति के पक्षी दिखायी देने से पार्क प्रशासन उत्साहित है। बता दें कि भले कार्बेट बाघों, हाथियों, हिरणों के लिए प्रसिद्ध हो मगर पक्षियों के कोलाहल के लिए भी यह अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

कार्बेट में लगभग 600 प्रजाति के पक्षी पाए जाते हैं। बीते हफ्ते कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के द्वारा 13 रेंजों में चिन्हित 26 लोकेशनों में पूरे देश से आए 100 से ज्यादा बर्ड वाचरों के माध्यम से विंटर सीजन में की जाने वाली पक्षियों की गणना का कार्य किया गया था। इसमें लगभग 200 से ज्यादा विंटर सीजन में पाए जाने वाली पक्षियों की प्रजातियों का आंकड़ा सामने आया था। इसमें चार दुर्लभ पक्षी कॉर्बेट पार्क में पहली बार दिखाई दिए। ढेला रेंज में पहली बार बर्ड वाचर अशोक मित्रा, करमजीत व सुमित जोशी की टीम को बर्ड वाचिंग के दौरान पहली बार उस क्षेत्र में दुर्लभ कॉमन चैफिंच दिखाई दी। इसको उन्होंने अपने कैमरे में कैद कर लिया। इसी के साथ पार्क के अलग-अलग क्षेत्रों में 3 अन्य दुर्लभ पक्षी दिखे। इसमें साइबेरिया रूबी थ्रोट, सिल्वर इयर मेसिया, चाइनीज रूबी थ्रोट पक्षी हैं, जो लेह लद्दाख में पाई जाती है। इनके दिखने से सभी बर्ड वॉचर उत्साहित नजर आए।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस आज मनाया जाएगा

नैनीताल: प्रशासन आज जनपद में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाएगा। साथ ही नागरिकों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक भी करेगा।

एडीएम शिव चरण द्विवेदी ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग के क्रम में जिले के सभी स्कूलों, शिक्षण संस्थानों के विभागाध्यक्ष, प्राचार्यों और प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि सभी संस्थानों में 25 जनवरी (आज) राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसमें वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम विषय पर प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य जनता को मताधिकार के प्रति जागरूक करना है।

नोएंट्री में घुसा ट्राला, मलवा से लगा जाम

परेशानी

- तीनपानी से सिंधी चौक तक पहुंचा ट्राला, लेकिन किसी ने नहीं रोका
- यूओयू रोड और कालाढूंगी रोड पर जाम से जूझते रहे राहगीर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : सड़क सुरक्षा माह में सड़क पर यातायात का बुरा हाल है। पुलिस की लापरवाही से एक ट्राला नोएंट्री में घुस गया और लंबा जाम लग गया। इसी तरह यूओयू रोड और कालाढूंगी रोड पर राहगीर जाम से जूझते रहे।

बरेली रोड पर तीनपानी से शहर में बड़े वाहनों के लिए नोएंट्री है। तीनपानी पर इसके लिए बाकायदा पुलिस की तैनाती की जाती है। बावजूद इसके कंटेनर से लोड एक ट्राला संख्या एचआर 45 सी 4799 तीनपानी से होते हुए सिंधी चौक तक पहुंच गया। सड़क संकरी होने की वजह से ट्राला के पीछे वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके बाद पुलिस हरकत में आई और ट्राले को रोक लिया गया। पुलिस ने ट्राले का चालान किया है। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी की संकरी सड़क के किनारे से गुजर रही नहर का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके लिए इस्तेमाल होने वाला सामान सड़क पर ही उतार दिया गया। पहले से संकरी सड़क पर सामान उतरने से यातायात बाधित हो गया। दिक्कत तब हुई जब सड़क से भारी वाहनों का गुजरना शुरू हुआ। वहीं कालाढूंगी रोड पर भी जाम की स्थिति बनती बिगड़ती रही। सुशीला तिवारी अस्पताल के सामने भी यातायात बाधित होता रहा।

कालाढूंगी रोड जेल रोड के निकट लगे जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

अस्पतालों में चेकिंग करतीं सिटी मजिस्ट्रेट। ● अमृत विचार

दो पशु अस्पतालों में छापा एक्सपायरी दवाएं मिलीं

संवाददाता, हल्द्वानी

कार्रवाई

- सिटी मजिस्ट्रेट और पशु चिकित्साधिकारी ने की कार्रवाई

अमृत विचार : सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह और पशु चिकित्साधिकारी डॉ. रजनीश पाठक ने बुधवार को शहर के दो पशु अस्पतालों में छापा मारा। छापेमारी में अधिकारियों को दोनों अस्पतालों से कई एक्सपायरी दवाएं बरामद हुई।

सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि कुछ समय से पशु अस्पतालों में एक्सपायरी दवाएं मिलने की शिकायत मिल रही थी। जिस पर बुधवार को डीएम के निर्देश पर कुसुमखेड़ा स्थित वेट अस्पताल में छापेमारी की गई। जहां मौके पर कुछ एक्सपायरी दवा मिली। जिन्हें जब्त कर लिया गया है। बताया कि इस संबंध में अस्पताल संचालक से स्पष्टरकरण मांगा जा रहा है। इसके बाद उन्होंने स्वानो के हिमालयन रेस्क्यू सेंटर का भी निरीक्षण किया गया। यहां भी कई एक्सपायरी दवाएं मिलीं।

गणतंत्र दिवस | बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वायड टीम के साथ चलाया चेकिंग अभियान

चप्पे-चप्पे पर निगरानी, सड़क पर उतरे अफसर

सतर्कता

- रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और अस्पताल के साथ शहर भर में अभियान चलाया
- एसएसपी ने पुलिस को चौकसी करने के सख्त निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : गणतंत्र दिवस से पहले शहर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सड़क दल-बल के साथ सड़क पर उतर गए। बम डिस्पोजल और डॉग स्क्वाड के साथ शहर के सभी प्रमुख प्रतिष्ठानों और संवेदनशील इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया गया। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने पुलिस को चौकसी के सख्त निर्देश दिए हैं और कोताही पर कार्रवाई करने को कहा है।

सुरक्षा के लिहाज से बुधवार को एसपी सिटी हरबंस सिंह भारी पुलिस, डॉग स्क्वाड और बम निरोधक दस्ते के साथ सड़क पर उतरे। सबसे पहले हल्द्वानी बस स्टेशन में चेकिंग अभियान चलाया गया। संदिग्धों से पूछताछ की गई और एक-एक बस में चेकिंग की गई। इसके बाद टीम ने हल्द्वानी रेलवे स्टेशन, काठगोदाम रेलवे स्टेशन और काठगोदाम बस अड्डे में अभियान चलाया। थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के होटल, ढाबा रेस्टोरेंटों समेत सभी संवेदनशील इलाकों में चेकिंग की।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने निर्देशित किया है कि शहर में निरंतर चेकिंग अभियान चलाते रहें। जिले की सीमा पर खास चौकसी रखें और अपने-अपने थाना क्षेत्रों पर नजर बनाए रखें। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म की भी निरंतर निगरानी के निर्देश दिए हैं। चेकिंग के दौरान एसपी सिटी हरबंस सिंह, सीओ लालकुआं संगीता के साथ थाना पुलिस और बीडीएस, डॉग स्क्वायड थे।

बनभूलपुरा लाइन नं 17 में गश्त करती पुलिस। ● अमृत विचार

ऑटो हटवाने गए होमगार्ड को नशेड़ी ने पीट दिया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

मामला

- मंगलवार दोपहर हल्द्वानी बस अड्डे के गेट पर हुई घटना
- कोर्ट के चक्कर से बचने के लिए होमगार्ड ने नहीं दी तहरीर

अमृत विचार : सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को ऑटो हटवाने निकले एक होमगार्ड को नशेड़ी ने बुरी तरह पीट दिया। नशेड़ी ने नाखून से होमगार्ड का मुंह नोंच लिया। होमगार्ड ने भी उसे पीटा, लेकिन तहरीर नहीं दी।

मंगलवार को एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने कोतवाली से हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली को रवाना किया था। इस बीच बस अड्डे के पास सड़क पर खड़े ऑटो को हटाने के लिए कहा गया। एक होमगार्ड मौके पर पहुंचा और एक युवक से ऑटो सड़क से हटाने के लिए कहा। इस पर वहां नशे में धुत बैठा एक युवक होमगार्ड से भिड़ गया। नशेड़ी ने होमगार्ड का गला पकड़ लिया और नाखून से उसके चेहरे पर हमला कर दिया।

बातचीत के दौरान होमगार्ड ने बताया कि नशेड़ी ने गलत किया, लेकिन वह कोर्ट के चक्कर से बचने के लिए कार्रवाई नहीं चाहता।

देवलचौड़ के राउमावि विद्यालय में चोरी

हल्द्वानी : राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवलचौड़ में चोरों ने चोरी कर ली। चोर कक्षा नवीं व 10वीं के कमरों पर लगी दो एलइडी टीवी चोरी कर ले गए। इसका पता मंगलवार को तब लगा जब परिचारिका भगवती देवी कमरों के ताले खोलने के लिए पहुंची। प्रधानाध्यापक पूरन लाल सांगुड़ी ने ट्रांसपोर्टनगर पुलिस को तहरीर सौंपी है। उसका कहना है कि 21 व 22 जनवरी को शासन स्तर से अवकाश घोषित था। इसलिए स्कूल बंद थे। इसी बीच चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर 43 हजार की दो एलईडी टीवी चोरी कर ली। इधर, पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

मेधावी ज्योतिका दुम्का को सीएम ने किया सम्मानित

हल्दूचौड़ : प्रदेश सरकार द्वारा मेधावी छात्राओं के लिए चलाई जा रही बालिका शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत आज देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र एवं स्मार्टफोन देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष तथा भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम चंद दुम्का की बेटी ज्योतिका ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 500 में से 475 अंक अर्जित किए थे। इधर मुख्यमंत्री तथा कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य द्वारा ज्योतिका दुम्का को सम्मानित किए जाने पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट, विधायक डॉक्टर मोहन बिष्ट, पूर्व विधायक नवीन चंद्र दुम्का, पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल आदि ने खुशी व्यक्त की है।

महिला बास्केटबॉल खिलाड़ियों का जमघट कल से

रामनगर : देश के विभिन्न हिस्सों की महिला बास्केट बॉल खिलाड़ियों का जमघट 26 जनवरी से रामनगर में लगने जा रहा है। रामनगर बास्केट बॉल परिवार के संयोजक एवं निवर्तमान सभासद संजय रावत ने बताया कि 26 से रामनगर में महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन डिग्री कॉलेज के मैदान में होने जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में जयपुर, दिल्ली, सोनीपत, रोहतक, लखनऊ, पिथौरागढ़, रामनगर की टीमों के अलावा और भी टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ बास्केट बॉल महिला खिलाड़ी को भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

कार्यकर्ता सम्मेलन में दून जाएंगे सैकड़ों कार्यकर्ता

लालकुआं : कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 28 तारीख को प्रस्तावित कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए लालकुआं व बिंदुखत्ता कांग्रेस कमेटी की संपन्न बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ देहरादून जाने का निर्णय लिया गया। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सरदार गुरदीप सिंह के अध्यक्षता में संपन्न बैठक में पूर्व कैबिनेट मंत्री हरिश्चंद्र दुर्गापाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य हरेंद्र बोरा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिंदुखत्ता अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, महामंत्री प्रदीप बथ्याल, गुरदयाल सिंह मेहरा, रामबाबू मिश्रा, भुवन पांडे, खेमानंद दुमका मौजूद रहे।

स्थायी आधार केंद्र खोलने की मांग उठाई

लालकुआं : ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिंदुखत्ता ने पश्चिमी राजीव नगर घोड़ानाला क्षेत्र में स्थायी आधार केंद्र खोलने संबंधी ज्ञापन तहसीलदार लालकुआं को सौंपा। जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कहा कि करीब 50 हजार की आबादी वाले क्षेत्र पश्चिमी घोड़ा नाला बिंदुखत्ता क्षेत्र में स्थायी आधार केंद्र न होने के कारण क्षेत्र वासियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, महामंत्री प्रदीप बथ्याल, उपाध्यक्ष हर्ष बिष्ट, पूर्व सैनिक हेमचंद कोरी, सचिन कठायत, अमित बोरा, विजय सामंत आदि उपस्थित रहे।

हल्द्वानी में प्रदर्शन करते जल निगम व जल संस्थान के कर्मचारी। ● अमृत विचार

निजीकरण के विरोध में दूसरे दिन भी धरना

हल्द्वानी : जल निगम, जल संस्थान संयुक्त अगुवाई में बुधवार को भी निजीकरण के विरोध में मंगलवार को भी जल निगम और जल संस्थान के कर्मचारियों ने धरना दिया गया। धरने में कर्मचारियों ने बताया कि शहरी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित पेयजल और सीवरेज कार्यों को उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी के हाथों में दिया जाना दुभाग्यपूर्ण है। जिन कामों को जल निगम एवं जल संस्थान शुरू से करता चला आया है उसे एशियन डेवलप्मेंट बैंक से कराने की मंशा केवल पेयजल सेक्टर को निजीकरण करने की योजना हैं। डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ जल निगम के अध्यक्ष जगदीप सिंह राणा ने कहा कि आने वाले दिनों इस फैसले को नहीं बदला गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को मजबूर होगे। इस मौके पर हीरा कनवाल, उर्मिला देवी, दीपा जोशी, ओमवती, निधि जोशी आदि उपस्थित रहे।

जानकारी से ही होगी बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा

महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाइयों ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर की संगोष्ठी, कानूनी अधिकारों के प्रति किया गया जागरुक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाइयों ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य प्रो. एके श्रीवास्तव ने कहा कि बालिकाओं को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक होना चाहिए।

आयोजक सचिव डॉ. रितुराज पंत ने कहा कि बालिकाओं के अधिकारों की रक्षा तभी हो सकती है जब उनको अपने लिए बने कानूनों की जानकारी होगी। एनएसएस प्रभारी डॉ. ललिता जोशी ने कहा कि समाज के हर क्षेत्र में बालिकाएं अपना नाम रोशन कर रहीं हैं। शिविर में मुख्य वक्ता एवं महिला हेल्पलाइन की प्रभारी एसआई लता खत्री ने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, विभिन्न एप्लीकेशंस और अन्य अधिनियमों के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉ. बीना जोशी, डॉ. गीता पंत, डॉ. श्वेता बिश्नोई, डॉ. चन्द्र प्रकाश, डॉ. अंजू पालीवाल, चंद्रशेखर, कांति बल्लभ, भीम सिंह आदि मौजूद रहे।

हल्द्वानी के महिला विद्यालय में बालिकाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी देतीं महिला पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

बालिका दिवस पर आशा वर्करों को किया सम्मानित

हल्द्वानी, अमृत विचार : राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कठघरिया में आशा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें हल्द्वानी, रामनगर व कोटाबाग ब्लॉक की आशा वर्करों ने शिरकत की। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा वर्करों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसीएमओ डॉ. एनसी तिवारी, सीएमएस डॉ. उषा जंगपांगी, डॉ. दिनेश कोहली व डॉ. कुलदीप मर्तोलिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सम्मेलन में इस वर्ष मैदानी क्षेत्र में आशा श्रेणी में शांति जोशी ब्लॉक कोटाबाग प्रथम, गोविंदी अधिकारी ब्लॉक रामनगर द्वितीय और दीपा जोशी ब्लॉक हल्द्वानी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं पूनम कठायत कोटाबाग ब्लॉक को श्रेष्ठ कोर्डिनेटर के रूप में चुना गया। आशा सुगमकर्ता में तारा कालाकोटी प्रथम, सुनीता जोशी द्वितीय और प्रेमा पाठक तृतीय रहीं। इस मौके पर मदन मेहरा, सरयू नंदन जोशी, दीपक कांडपाल, दीवान बिष्ट, बच्चन कालाकोटी, प्रमोद भट्ट, अजय भट्ट, मनोज बाबू, देवेंद्र बिष्ट, स्मिता पन्त, सतीश, आनंद खंडोरी, राघवेंद्र रावत, पारस साह आदि मौजूद रहे।

आजादी में महिलाओं की भूमिका पर देखीं फिल्में

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : बालिका दिवस पर राजकीय इंटर कॉलेज ढेला की बालिकाओं ने आजादी के आंदोलन की नायिकाओं अरुणा आसफ अली और कैप्टन लक्ष्मी सहगल के जीवन पर आधारित फिल्में देखीं।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए शिक्षिका उषा पवार ने बताया कि साल 1966 में आज यानी 24 जनवरी के ही दिन इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। वो देश की पहली महिला प्रधानमंत्री थी। देश की बेटी के इस पद तक पहुंचने को उपलब्धि को हर साल याद करने के लिए ये दिन चुना गया था।

इस दौरान प्रधानाचार्य राम यादव, मनोज जोशी, नवेंदु मठपाल, प्रदीप शर्मा, सीपी खाती, सुभाष गोला, उषा पवार, बालकृष्ण चंद, शैलेंद्र भट्ट, संत सिंह आदि मौजूद रहे।

जीजीआईसी बनभूलपुरा में छात्राओं को जागरुक करते एसआई शंकर नयाल।

हिमाचल की तर्ज पर लागू किया जाए भू-कानून

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : भू-कानून की मांग को लेकर विभिन्न संगठन एकजुट हो गए हैं। 28 जनवरी को हल्द्वानी बुद्धपार्क में प्रस्तावित रैली को सफल बनाने की तैयारी तेज हो गई है। इसके लिए संगठनों ने लोगों से जनसंपर्क शुरू कर दिया है।

बुधवार को उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य भुवन चंद्र जोशी लोनिवि गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि आज उत्तराखंड में कोई भी अपना भू-कानून नहीं है। राज्य में 1962 के बाद जमीन की बंदोबस्ती नहीं की गई। पर्वतीय क्षेत्र की कृषि भूमि का कोई लेखा-जोखा सरकार के पास नहीं है। इसलिए हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर भू-कानून लागू करना चाहिए। जिससे भूमि की विसंगतियां और अवैध खरीद-फरोख्त बंद हो सके।

लामबंद

- 28 जनवरी को हल्द्वानी बुध पार्क में प्रस्तावित रैली की तैयारी

जिला संयोजक मोहन कांडपाल ने कहा कि उत्तराखंड में मूल निवास लागू करके समूह ग और घ के पदों पर स्थानीय लोगों को रोजगार देना चाहिए। वरिष्ठ नेत्री विजया ध्यानी ने कहा कि उत्तराखंड में महिलाओं के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। स्वराज हिंद फौज के संस्थापक अध्यक्ष सुशील भट्ट ने 28 को अधिक से अधिक लोगों से रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान उपपा से दीवान सिंह खनी, पूर्व पार्षद रवि वाल्मीकि, उत्तम बिष्ट आदि मौजूद रहे। वार्ता के बाद सभी संगठनों के पदाधिकारियों ने एमबीपीजी कॉलेज में जनसंपर्क कर युवाओं से रैली में शामिल होने की अपील की।

पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाएं

हल्द्वानी: देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के कुमाऊं मंडल प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा ने आगामी बजट देखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री से पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की मांग की है। जिससे ट्रांसपोर्ट व्यवसाई को कुछ राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि बजट व्यापारी और ट्रांसपोर्टर हित में होना चाहिए। बढ़ती महंगाई, टैक्स इंश्योरेंस, जीएसटी व महंगे पार्ट्स, टायरट्यूब, बैटरी, टोल प्लाजा, चालक-परिचालक वेतन ने ट्रांसपोर्ट व्यवसाईयों की कमर तोड़ रखी है। मौजूदा समय में खुदरा महंगाई भी चरम पर है। सरकार से अपील है कि बजट में मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा जाए और उत्तराखंड पर्वतीय राज्य को देखते हुए विशेष पैकेज की घोषणा की जाए। जिससे राज्य व देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल सके।

सालों बाद भी नहीं पहुंच पाई वार्डों में स्ट्रीट लाइट, आक्रोश

मुखर

- वार्ड 58, 59 व 60 में अब तक नहीं लगी स्ट्रीट लाइट
- नगर आयुक्त को निवर्तमान पार्षदों ने दिया ज्ञापन

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: चुनाव के समय आमजनता को जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे कर चुनाव तो जीत लेते है। लेकिन जब उन्हीं वादों को जनता के बीच पूरी करने की बारी आती है तो फिसड्डी साबित हो जाते है। नगर निगम का कार्यकाल 5 वर्ष बीत जाने के बाद भी निगम के वार्ड 58, 59 व 60 में स्ट्रीट लाइट नहीं लग पाई है। जिसके चलते वार्डों में अंधेरा छाया रहता है।

इसी क्रम में बुधवार को स्थानीय निवर्तमान पार्षदों ने स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर नगर आयुक्त से मुलाकात की। इस दौरान पार्षदों ने कहा कि जनता को जवाब देना भारी पड़ रहा है जल्द ही स्ट्रीट लगाई जाए। नगर निगम की ओर से आने वाले दिनों में जल्द ही स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई तो नगर निगम में ही धरना देने को मजबूर होगे। इस पर नगर आयुक्त की ओर से आश्वासन दिया गया कि जल्द ही वार्डों में स्ट्रीट लाइट लगाने की व्यवस्था कराई जाएगी। वहीं वार्ड 57 में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम प्रारंभ किया गया था लेकिन बीच में ही छोड़ दिया गया है। इस पर निवर्तमान पार्षदों ने नगर आयुक्त ज्ञापन सौंप कर विरोध जाताया कि स्ट्रीट लाइट नहीं लगने से स्थानीय जनता में रोष पनप रहा है। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी, मनोज मठपाल, रहीस अहमद, कंचन जोशी, फिरोज खान समेत कई लोग उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपते निवर्तमान पार्षद। ● अमृत विचार

किसानों की दीं तकनीकी जानकारियां

संवाददाता, ज्योलीकोट

अमृत विचार : कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 19वीं बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा के निदेशक डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद प्रभारी अधिकारी डॉ. सी तिवारी ने वर्ष 2023 की प्रगति रिपोर्ट और वर्ष 2024 की कार्ययोजना पेश की। डॉ. दीपाली तिवारी पांडेय, डॉ. विजय सिंह, डॉ. सुधा जकारिया ने प्रगतिशील किसानों को नवीन कृषि तकनीकियों के बारे में बताया। प्रसार शिक्षा के संयुक्त निदेशक डॉ. संजय चौधरी ने मुर्गी की प्रजाति को उत्तरा को शामिल किए जाने और पशुपालन विभागाध्यक्ष डॉ. शिव प्रसाद मौर्या ने बद्री गाय के कृत्रिम गर्भाधान प्रक्रिया से उच्च नस्ल की दुधारू गाय में परिवर्तित करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। उद्यान प्रधानाध्यापक डॉ. रत्ना राय ने कीवी का मदर ब्लॉक बनाने, विज्ञान संकाय के डॉ. रोहिताश सिंह ने जैविक कीटनाशक के बारे में बताया। प्रगतिशील किसान नरेंद्र सिंह मेहरा ने किसानों की मदद से पर्यटन को उनकी आय का मुख्य स्रोत बनाने के लिए चर्चा की। इस दौरान डॉ. शशि तिवारी, डॉ. कंचन नैनवाल, दीप कुमार मौजूद रहे।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

छात्राओं को सेबी, पूंजी बाजार के बारे में बताया

हल्द्वानी, अमृत विचार: एमबीपीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग में नेशनल इंस्टीयूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट की ओर से कार्यशाला शुरू हुई। छह दिवसीय कार्यशाला में फाइनेंशियल एजुकेशन फॉर यंग सिटिजंस विषय पर गोष्ठी हुई। संस्थान की ओर से डॉ. मनोज भट्ट ने विद्यार्थियों को वित्तीय जागरूकता, सेबी, शेयर बाजार, पूंजी बाजार, म्युचुअ फंड के बारे में बताया। इस दौरान विभाग प्रभारी डॉ. सीएस जोशी, डॉ. संजय खत्री, डॉ. बलदेव राम चन्याल, डॉ. नीरज तिवारी, डॉ. भुवन चंद्र मेलकानी, डॉ. विनय जोशी, डॉ. विजय लक्ष्मी शर्मा, डॉ. भानु प्रताप सिंह, डॉ. प्रतिभा शाह मौजूद रहे।

वाद-विवाद में जया ने मारी बाजी

संवाददाता, हल्दूचौड़

अमृत विचार: लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में मतदाता जागरूकता हेतु वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के शीर्षक मतदान की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए, मतदान की आवश्यकता एवं महत्व और टॉल फ्री नंबर 1950 के प्रति जागरूकता विषय को रखा गया। महाविद्यालय की प्राचार्य के निर्देशन में कैंपस एंबेसडर डॉ. हेम चन्द्र पाण्डे और डॉ मंजू जोशी द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

वाद-विवाद में प्रथम स्थान बी.एड. छात्रा जया पनेरू, द्वितीय स्थान इंदरजीत सिंह तथा तृतीय स्थान पर मदन मोहन रहे। प्रतियोगिता में यामिनी जोशी एवं शालिनी सनवाल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. मनीषा कड़ाकोटी, डॉ. गीता भट्ट, डॉ. हेमलता गोस्वामी और डॉ. सरोज पंत रहे। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय कैंपस स्वीप स्वयंसेवी सूरज सिंह राठौर और शालिनी सनवाल ने किया। प्रतियोगिता में कला, विज्ञान, वाणिज्य और बी.एड. संकायों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रतिभागी छात्र-छात्राएं।

एकलव्य एकेडमी फाइनल में पहुंची

हल्द्वानी: द्वितीय वीर शहीद हरक सिंह स्मृति अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मैच बुधवार को एकलव्य क्रिकेट एकेडमी और डीपीएस रुद्रपुर के बीच मुकाबला हुआ। डीपीएस रुद्रपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 216 रन का लक्ष्य दिया। टीम के लिए रितु वर्मा ने 80 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकलव्य क्रिकेट एकेडमी ने इस मैच को 6 विकेट से जीत कर अपने नाम किया। प्लेयर ऑफ द मैच एकलव्य क्रिकेट एकेडमी के ईशान पाठक को चुना गया। इस मौके पर मनोहर सिंह दशौनी, नायाब अंसारी, कमलेश जोशी उपस्थित रहे।

शिक्षक संगठन को लेकर गतिविधियां हुईं तेज

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: राज्य के सबसे बड़े प्राथमिक शिक्षक संगठन का लंबे समय से चले आ रहा गतिरोध समाप्त हो गया। अब शीघ्र ही क्षेत्रीय शाखाओं में सघन सदस्यता अभियान चलाया जाएगा, जिसकी अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई है। साथ ही प्रदेश के 13 जनपदों सहित सभी क्षेत्रीय इकाइयों के लिए भी तदर्थ समितियों का गठन किया जा चुका है।

उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय तदर्थ समिति ने इस आशय का निर्देश जारी करते हुए प्रांतीय कोष में सदस्यता धनराशि जमा किए जाने की अंतिम तिथि 15 मार्च निर्धारित की गई है। इसके पश्चात किसी भी दशा में कोई भी सदस्यता स्वीकार नहीं की जा सकेगी।

प्रांतीय तदर्थ समिति के सदस्य मनोज तिवारी एवं गोविंद बोरा की ओर से जारी संयुक्त विज्ञप्ति में यह संपूर्ण कार्रवाई निर्धारित समय के अंतर्गत संगठन के पंजीकृत संविधान के क्रम में की जानी है।

संगठन के प्रांतीय कार्यकारिणी के विरुद्ध उच्च न्यायालय में वाद दायर होने के उपरांत से लंबे समय से संगठन में आंतरिक प्रतिरोध चल रहा था, जिसे अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की मध्यस्थता में हुए समझौते के तहत सुलझा लिया गया था।

डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: डीएम वंदना सिंह अध्यक्षता में बुधवार को कैंप कार्यालय सभागार में विधानसभा क्षेत्र नैनीताल की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इसमें विधायक के साथ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में जनप्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से लंबित सड़कों, बिजली और पानी आदि की समस्या से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जनसमस्याओं का शीघ्र निदान करने के आदेश दिए। कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। विधायक सरिता आर्य ने बताया कि बेतालघाट, तिवारी गांव, भुजान, खैरना आदि सड़कों का डामर टूट-उखड़ गया है, जिस पर डीएम ने एसडीएम और लोनिवि के अधिकारियों को जांच कमेटी बनाकर सड़कों की जांच करने के आदेश दिए।

जनप्रतिनिधियों ने बेतालघाट में आपदा के दौरान क्षतिग्रस्त हुए झूला पुल को दुरुस्त करने की मांग की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सर्वे कर दैवीय आपदा मद से प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। वहीं हल्सो, बेतालघाट, बिनाकोट, सौनली आदि इलाकों में सड़कों के किनारे झाड़ी कटान आदि की जानकारी ली और तहसीलदार को निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिला अधिकारी पीआर चौहान, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी मौजूद रहे।

कैंप कार्यालय में बैठक लेतीं डीएम वंदना सिंह। ● अमृत विचार

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्पर्श न्यूरोसाइकिएट्रिक सेंटर
मनोचिकित्सा, यौन सम्बन्धित समस्या, व्यसन मुक्ति केन्द्र

DR. RAVI SINGH BHAINSORA
M.B.B.S. M.D (Psychiatry) Ex Consultant, Base Hospital,
Ex Senior Resident, J.N.M.C., Ex M.O, U.K.H.S.

- De-addiction (व्यसन मुक्ति)
- Depression (अवसाद)
- Schizophrenia (मनोविदलता या विखंडित मानसिकता)
- Bipolar Disorder (द्विध्रुवी विकार)
- Memory Clinic
- Sexual Problems
- Dementia (मनोभ्रंश)
- Headache and Migraine (गंभीर सिर दर्द या अधकपाली)
- Anxiety Disorders (चिंता विकार)
- OCD (मनोग्रसित-बाध्यता विकार)
- Neuropathy (न्यूरोपैथी)
- Epilepsy (मिर्गी)
- Phobia (दुर्भीति या फोबिया)
- व्यवहार सम्बन्धी समस्या अन्य प्रकार के मानसिक रोग

ABOVE NAINITAL DISTRICT CO-OPERATIVE BANK,
IN FRONT OF BAZJPUR BUS STAND, PILIKOTHI, HALDWANI.

SUNDAY CLOSED APPOINTMENT ONLY. CONTACT- 7617794225

सार संक्षेप

दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट के चाचा का निधन

कालाढूंगी : दर्जा मंत्री सुरेश भट्ट के चाचा चिंतामणि भट्ट (78) का मंगलवार रात आकस्मिक निधन हो गया। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। नगर में ओम बुबू के नाम से मशहूर चिंतामणि भट्ट रिटायर्ड शिक्षक व सरस्वती शिशु मंदिर के कोषाध्यक्ष रह चुके थे। मंगलवार रात करीब नौ बजे अचानक वह घर में गिर गए। उनकी मौत हो गई। घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, सांसद अजय भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने शोक जताया है। बुधवार को चित्रशिला घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया ।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पोस्टर लांच किया

भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पोस्टर लांच करते युवक कांग्रेस कार्यकर्ता।

रामनगर : युवक कांग्रेस नैनीताल जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी ने बुधवार को जिला कैंप कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का पोस्टर लांच किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि न्याय यात्रा के दौरान जनपद नैनीताल में भी युवक कांग्रेस जन जागृति अभियान चलाकर लोगों को कांग्रेस से जोड़ने का काम करेगी। इस दौरान अमित कुमार विधानसभा अध्यक्ष रामनगर, सलमान सलमानी, अब्दुल रहमान प्रदेश महासचिव, फैजल हक प्रदेश प्रवक्ता युवा कांग्रेस, प्रमोद कुमार, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

विपिन बने एआरटीओ हल्द्वानी

हल्द्वानी : हल्द्वानी एआरटीओ प्रशासन विमल पांडेय का काशीपुर में तबादला हो गया है, अब इनकी जगह रुद्रपुर से एआरटीओ विपिन कुमार को चार्ज संभालने के लिए भेजा गया है। उल्लेखनीय है की एआरटीओ विमल पांडेय काफी लंबे समय से यहां पर कार्यरत थे उन्होंने आमजन को यातायात के प्रति जागरुक करने के लिए काफी काम किया हुआ है।

अयोध्या में छोलिया नृत्य पेश करतीं बालिकाएं। ● अमृत विचार

महिलाओं ने पेश किया छोलिया नृत्य

हल्द्वानी, अमृत विचार : अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उत्तराखंडियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। यह पहला अवसर है जब सिर्फ बालिकाओं ने छोलिया नृत्य की प्रस्तुति दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बालिकाओं की सराहना की है। बीती 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के अयोध्या में जन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महिला कलाकारों ने छोलिया नृत्य की प्रस्तुति दी। इस सांस्कृति कार्यक्रम में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच पर आयोजन होने से उत्तराखंड के प्रसिद्ध छोलिया नृत्य को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। साथ ही छोलिया प्रस्तुत करने वाली बालिकाओं की भी सराहना की। बता दें कि एमबीए की छात्रा कामना बिष्ट के नेतृत्व में छात्राओं ने छोलिया पेश किया था। मूलरूप से उत्तराखंड की रहने वाली कामना बिष्ट हाल ही में लखनऊ में रहती है।

दीक्षांत समारोह में मीनाक्षी पंत को मिली उपाधि

हल्द्वानी : कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के 18वें दीक्षांत समारोह में मीनाक्षी पंत पत्नी महेश पन्त निवासी गायत्रीनगर, काठगोदाम को संगीत गायन विषय में डॉक्ट्रेट की उपाधि मिली। उन्होंने थारू एवं बुक्सा संगीत विषय पर डॉ. निर्मला जोशी के निर्देशन में शोध किया। वर्तमान में वे चंद्रावती तिवारी महाविद्यालय काशीपुर में असिस्टेंट प्रोफेसर संगीत के पद पर कार्यरत हैं। उनके पति महेश पंत कोतवाली काशीपुर में हेड मोहर्रिर के पद पर तैनात हैं। वे वर्ष 2003 एमबीपीजी कॉलेज की बीए टॉपर, वर्ष 2010 में प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से संगीत प्रवीण में गोल्ड मेडलिस्ट रही हैं।

500-600 पीस हर महीने बिकते हैं, अचानक मांग बढ़ने से कर्मचारियों के चेहरे खिले

उत्तरायणी के बाद 'मोदी वास्केट' की बढ़ी मांग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: गांधी आश्रम की दुकानों पर बिकने वाली 'मोदी वास्केट' की मांग अचानक से बढ़ गई है, जिससे कर्मचारियों के चेहरे खिल गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिधान में शामिल वास्केट 'मोदी वास्केट' के नाम से चर्चित है।

गांधी आश्रम के अधिकारी कहते हैं कि 'मोदी वास्केट' की मांग हमेशा बनी रहती है लेकिन इधर इसकी डिमांड अचानक से बढ़ी है। उन्होंने बताया कि अमूमन 'मोदी वास्केट' के 500-600 पीस हर महीने बिकते हैं लेकिन 15 जनवरी उत्तरायणी के बाद इसकी मांग काफी बढ़ी है। इधर, अयोध्या में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के कारण भी हर वर्ग के ग्राहकों में 'मोदी जैकेट' को लेकर आकर्षण बढ़ा।

उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह के भीतर ही 300-350 वास्केट बिक चुकी हैं। गांधी आश्रम की दुकानों पर 'मोदी वास्केट' की कीमत 2000 से 3500 रुपये तक है। बता दें कि नवाबी रोड स्थित गांधी आश्रम के मुख्य कार्यालय से संचालित नैनीताल व ऊधम सिंह नगर की करीब 24 दुकानों पर खादी के कपड़े बिकते हैं।

गांधी आश्रम में आई मोदी वास्केट। ● अमृत विचार

कुर्ता व टोपियों की भी है मांग

'मोदी कुर्ता' व 'मोदी टोपी' की मांग भी बढ़ी है। उत्तरायणी से अब तक गांधी आश्रम की दुकानों पर 300-350 कुर्ते व 800-1000 टोपियां बिकी हैं। कुर्ते 800 से 2000 रुपये तक व एक टोपी 200 रुपये में बिकती है। नाइट सूट, योगा किट आदि के प्रति भी लोगों की दिलचस्पी बढ़ी है।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया है, जिससे लोगों में खादी के प्रति भी आकर्षण बढ़ा है।
> – दीप चंद्र जोशी, सचिव, गांधी आश्रम, हल्द्वानी

पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में एमबीपीजी सम्मानित

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: उत्तर पुस्तिकाओं के केंद्रीय मूल्यांकन में अच्छा प्रदर्शन करने पर एमबीपीजीजी महाविद्यालय को देहरादून में सम्मानित किया गया है। महाविद्यालय ने पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में बेहतर और तेज गति से काम किया है।

उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी को इस उपलब्धि पर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सरकारी विश्वविद्यालयों से जुड़े 119 महाविद्यालयों में इस बार स्नातक प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जल्द घोषित करने की पहल शुरू की गई थी। इसके लिए हर जिले में एक या एक से ज्यादा महाविद्यालयों में मूल्यांकन केंद्र बनाया गया। मूल्यांकन केंद्रों में दूसरे महाविद्यालयों की उत्तर पुस्तिकाओं की भी जांच की गई। एमबीपीजी कॉलेज में कुमाऊं विश्वविद्यालय से जुड़े महाविद्यालयों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। कुमाऊं विवि की ओर से केंद्रीय मूल्यांकन में बेहतर काम के लिए एमबीपीजी कॉलेज का नाम भेजा गया था।

तेज गति और बेहतर तरीके से किया मूल्यांकन

सफाई नहीं मिलने पर काटा बीकानेरवाला का चालान

खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा

- सिंधी चौक से मिठाई की दुकानों से 8 घरेलू सिलेंडर किए जब्त, साफ-सफाई के दिए निर्देश
- मद्रासी डोसा कॉर्नर में मिलीं एक्सपायर डेट की कोल्डड्रिंक

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: तहसीलदार सचिन कुमार एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त अगुवाई में बुधवार को शहर के बीकानेरवाला रेस्टोरेंट में निरीक्षण किया। इस दौरान मिठाइयों और खाने-पीने की सामग्रियों को जांच की गई जिसमें प्रशासन व खाद्य विभाग की इस कार्रवाई से कारोबारियों में हड़कंप मचा रहा।

तहसीलदार सचिन कुमार ने बताया कि समय-समय पर विभाग की ओर दुकानों का औचक निरीक्षण किया जाता रहा है। इस निरीक्षण में बीकानेरावाला रेस्टोरेंट में मिठाइयों और खाने पीनी की सामग्रियों की जांच की गई तो उनमें खाने सामग्रियों में एक्सपायरी डेट नहीं अंकित थी। इस पर तत्काल एक्सपायरी डेट को अंकित करने के निर्देश दिए। वहीं साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर चलान की कार्रवाई हुई। इसके बाद टीम सिंधी चौक पहुंची और यहां मिठाई की दुकानों पर चेकिंग की। यहां दुकानों में घरेलू सिलेंडर इस्तेमाल किए जा रहे थे। इस पर टीम ने 8 घरेलू सिलेंडर जब्त किए। इसके बाद टीम मद्रासी डोसा कॉर्नर पहुंची जहां खाद्यों, साफ-सफाई की चेकिंग की। यहां एक्सपायरी डेट की कोल्डड्रिंक मिलीं जिन्हें नष्ट करवाया गया। साथ ही भविष्य में एक्सपायर डेट के खाद्य पदार्थ नहीं बेचने की चेतावनी दी गई। तहसीलदार सचिन कुमार ने बताया कि खाद्यों की जांच का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

बीकानेरवाला रेस्टोरेंट में छापेमारी करते अधिकारी। ● अमृत विचार

इज्जतनगर मंडल की कमाई में 39.75 करोड़ की वृद्धि

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: कोरोना के बाद रेलयात्रियों की संख्या फिर से बढ़ोत्तरी हो रही है। इज्जतनगर मंडल में रेल यात्रियों की संख्या में हुई बढ़ोत्तरी से रेलवे की आय में इजाफा हुआ है। रेलवे रेल सुविधाओं को और बढ़ाने की बात कह रहा है।

इज्जतनगर रेलवे मंडल में साल 2023-24 की तीसरी तमाही में यात्रियों की संख्या 4.28 करोड़ रही। पिछले साल तीसरी तिमाही में रेल यात्रियों की संख्या 3.39 करोड़ थी। पिछले वर्ष की तुलना में यह संख्या 26.43 प्रतिशत ज्यादा है। इज्जतनगर रेलवे मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले साल तीसरी तिमाही के अंत तक यात्रियों से मंडल को 232.98 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी जो इस साल बढ़कर उक्त समय में 272.73 करोड़ रुपये हो गई है।

रेलवे को यात्रियों से होने वाली आय में 17.06 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।

उल्लेखनीय है कि लालकुआं, हल्द्वानी, काठगोदाम, रुद्रपुर आदि रेलवे स्टेशन इज्जतनगर मंडल में ही आते हैं। मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने कहा कि रेलवे प्रबंधन आय बढ़ाने के साथ ही रेल और यात्रियों की सुरक्षा पर लगातार काम कर रहा है।



उपलब्धि

- बीती तिमाही में 26.43 प्रतिशत तक आया यात्रियों में उछाल
- रेलवे सुविधाओं को और बढ़ाने की बात कह रहा

बनभूलपुरा में सुबह से ही पुलिस रही सतर्क

हल्द्वानी, अमृत विचार:

बनभूलपुरा में अतिक्रमण के मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई थी जो टल गई। इधर सुनवाई के चलते बनभूलपुरा में पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी। हालांकि दिन भर वहां शांति बनी रही।

बनभूलपुरा में सुबह ही पुलिस ने सक्रियता बढ़ा दी। सुबह से ही पुलिस फोर्स तैनात हो गई। साथ ही खुफिया तंत्र भी चप्पे-चप्पे पर नजर बनाए हुआ था। बुधवार को बनभूलपुरा सुनवाई थी। इससे पहले मंगलवार की रात को बनभूलपुरा में लोगों ने इकट्ठे होकर राहत के लिए दुआ की थी। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टलने के साथ ही पुलिस बल भी धीरे-धीरे क्षेत्र से हटना लगा। उल्लेखनीय है कि मंगलवार की रात इकट्ठे हुए जनसमूह को देखते हुए बुधवार को पुलिस तंत्र सक्रिय रहा था।

महामंडलेश्वर यतीदानंद का अभिनंदन किया

हल्द्वानी : जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यतीदानंद बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता योगेश जोशी के कुसुमखेड़ा स्थित आवास पर पहुंचे। जहां श्रद्धालुओं ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। महामंडलेश्वर यतीदानंद अयोध्या में प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर में शामिल होने गए थे। वह अयोध्या से लौटते समय जोशी के आवास पर पहुंचे और प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा और भव्य, नव्य दिव्य मंदिर के बारे में बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचार नरेंद्र, विपिन जोशी, भुवन रिखाड़ी, धनानंद पाठक, लक्ष्मीकांत जोशी, धर्मानंद जोशी, कांतिबल्लभ जोशी, विपिन थुवाल, नवीन चंद्र पांडे, करन जोशी, रवि थुवाल आदि रहे।

जेल में बंद अपराधियों और मिलने आने वालों की रेकी करेगी एसटीएफ

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

कार्रवाई

- एडीजी अपराध एवं कानून व्यवस्था ने दिए एसटीएफ को निर्देश
- आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग लैब का प्रस्ताव बनाने को कहा

अमृत विचार : पुलिस मुख्यालय ने एसटीएफ को एक और टास्क दे दिया है। एसटीएफ अब जेल में बंद अपराधियों की रेकी करेगी। साथ ही आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग लैब स्थापित करने के लिए प्रस्ताव बनाने को भी कहा गया है।

मुख्यालय में हुई बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था ने एसटीएफ, सीसीपीएस और एएनटीएफ को सुदृढ करने के लिए जनशक्ति बढ़ाने का निर्णय लिया। उन्होंने साइबर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, एआई-एमएल (आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग) लैब स्थापित करने के लिए शासन को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए। कारागारों में बंद अपराधियों पर एसटीएफ नजर रखेगी।

एसटीएफ स्थानीय पुलिस और स्थानीय अभिसूचना इकाई से समन्वय रखेगी। जेलों से संचालित हो रहे गैंग और अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए जेलों में निरूद्ध कुख्यात अपराधियों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखते हुए जेल अधीक्षकों से समन्व्य बनाएंगे। साथ ही उनकी निगरानी भी करेंगे, जो जेलों में अपराधियों से मिलने आते हैं। विदेशों में रहकर राज्य में रंगदारी व हत्या जैसे अपराधों में संलिप्त लोगों की मुखबिरों और तकनीक के जरिये सूचना जुटाने के निर्देश बैठक में दिए गए। साथ ही कुख्यात अपराधियों के खिलाफ गवाही देने वालों की सुरक्षा के लिहाज से निगरानी की जाए। वन्य जीव अपराध को रोकने के लिए वन विभाग, पुलिस, अभिसूचना इकाई की मदद से निगरानी रखें और अपराध पर अंकुश लगाएं। नशे के खिलाफ शिक्षण संस्थानों में जागरुकता अभियान चलाएं और सप्लायरों को चिह्नित करें। साइबर अपराधों से संबंधित नए उपकरणों और सॉफ्टवेयर खरीदने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक ने प्रस्ताव मांगा।

गौलापार हेलीपैड की ड्रोन से हुई मैपिंग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : प्रशासन हेलीसेवा को लेकर संजीदा है। प्रशासन ने गौलापार स्थित हेलीपैड का ड्रोन सर्वे किया और वीडियो बनाई। अब हेलीपैड की लॉन्चिंग की तैयारी है। इसके बाद जल्द ही हेलीसेवा शुरू हो जाएगी।

उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत हल्द्वानी से पिथौरागढ़, मुनस्यारी और चम्पावत के लिए गौलापार स्थित हेलीपैड से हेली सेवा शुरू होगी। इसके लिए हेरिटेज एविएशन को जिम्मेदारी दी गई है। इस कंपनी को मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविशन और यूकाडा से एनओसी भी प्राप्त हो चुकीहै। 7 सीटर हेली सेवा शुरू होगी। पिथौरागढ़, मुनस्यारी व चम्पावत के लिए प्रतिदिन दो हेलीसेवा उड़ान भरेगी। इसी क्रम में बुधवार को एसडीएम परितोष वर्मा, राजस्व वन विभाग की टीम के साथ गौलापार स्थित हेलीपैड पहुंचे। जहां उन्होंने हेलीपैड का ब्लैक टॉप बनाया गया है। साथ ही हेलीपैड की साजसज्जा की जा रही है। इसकी ड्रोन से सर्वे कराया गया और वीडियो बनाई गई। ड्रोन से हेलीपैड के आसपास की वन भूमि की मैपिंग की गई है।

एसडीएम वर्मा ने बताया कि हेलीपैड की लॉन्चिंग होनी है, इसलिए हेलीपैड को तैयार किया जा रहा है। इसका ड्रोन सर्वे कर वीडियो बनाई गई है। इस दौरान रेंजर चंदन सिंह अधिकारी, तहसीलदार सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

संघर्ष इंदौर निवासी भजन गायक किशन भगत ने बचपन से जीवन के कई उतार चढ़ाव देखे

सनातन संस्कृति की मजबूती के लिए आगे आए युवा पीढ़ी : भगत

विनोद पपनै, रामनगर

अमृत विचार: चलना पड़ता है अंगारों पर इतिहास रचाने को,बिना ताकत झोंके तो एक जर्रा भी हिल नहीं सकता। संघर्ष ही दिलाता है एक इंसान को मुकाम उसका, बिन मेहनत के कोई फल मिल नहीं सकता। किसी शायर के यह शब्द भजन गायक किशन भगत पर सटीक बैठते हैं। जिन्होंने अपने जीवन में कई दुश्वारियां देखीं मगर मजबूत इरादों के चलते वह आज वह भजन गायन की दुनिया में अपना अलग मुकाम हासिल किए हुए हैं।

इंदौर निवासी किशन भगत ने बचपन से जीवन के कई उतार चढ़ाव देखे हैं। मगर जीवन में कभी हार नहीं मानी। जिसका नतीजा यह है कि आज उनकी आवाज का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोलता नजर आता है। यहां राम लला महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने आए किशन बताते हैं कि जब वह मात्र 12 साल के थे, तब उनके सिर से माता-पिता का साया उठ गया था। उनकी परवरिश नानी के घर हुई। कई जगह मेहनत मजदूरी और छोटे-मोटे काम शुरू किए। पेट की आग बुझाने के लिए हाथ ठेला तक चलाया। यहां तक कोरोना काल में मास्क तक बेचा। कहते हैं कि महाकाल के भक्त होने के कारण वह बाबा की सेवा, भक्ति के साथ ही उनके नाम के भजनों को वह गुनगुनाते रहते थे। इस दौरान उन्होंने पैसे देकर अपना पहला गाना महाकाल के राजा को रिकॉर्ड कराया। इस गाने को इतनी प्रसिद्धि मिली कि किशन ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

किशन आज देश भर में भजनों की प्रस्तुति देने जा रहे हैं। कहते हैं कि आज जिस मुकाम पर हूं सब महाकाल बाबा की कृपा से है। अगर आपके हृदय में ईश्वर के प्रति सच्ची आस्था और प्रेम है, उसका फल आपको एक न एक दिन प्रभु अवश्य देता है। आज की युवा पीढ़ी को सन्देश देते हैं कि आप पाश्चात्य संगीत सुने कोई हर्ज नहीं है मगर अपनी सनातनी संस्कृति के गीतों और भजनों के प्रति निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करें। इसी में सनातन धर्म और संस्कृति पूरी दुनिया मे अपनी अलग छाप छोड़ेगी।

भजन प्रस्तुत करते गायक किशन भगत।

मेरे राम जी की अलबेली सरकार...

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार: राम लला महोत्सव के पांचवें और अंतिम दिन उज्जैन से पहुंचे भजन सम्राट किशन भगत के भजनों पर झूमते नजर आए। श्री गणेश वंदना से शुरू हुआ भजनों का सिलसिला देर रात तक ऐसा चला कि लोग अपने स्थान से टस से मस नहीं हुए। किशन भगत ने जैसे ही भजन गाया कि मुझको तो बस राम राज्य ही चाहिए, मेरे राम जी की अलबेली सरकार चाहिए। कर्म से सारे सनातनी का सीना तन गया, बधाई हो पूरे विश्व को मेरे राम का मंदिर बन गया। भगवान शिव पर भजन सुनाया की कलयुग में तेरे भक्तो ने कमाल कर दिया, महा काल तेरी भक्ति ने कमाल कर दिया।

मुझको तो बस महाकाल बाबा चाहिए, महाकाल की नगरी में मकान होना चाहिए। सुनकर श्रोता भाव विभोर हो उठे। भजन संध्या में कई लोगो की आखों से भावुकता वस अश्रु धारा भी निकल पड़ी। इस दौरान ऋषि अग्रवाल तुषार अग्रवाल अतुल अग्रवाल विकास अग्रवाल शलभ मित्तल अतुल मेहरोत्रा प्रवीण गुप्ता सुलभ बंसल उमेश अग्रवाल, दीपक कोठीवाल ,कमल किशोर, दीपक अग्रवाल,विनय जिंदल,प्रदीप अग्रवाल,देवकीनंदन अग्रवाल, अक्षत मित्तल, आशीष अग्रवाल,राजन अग्रवाल, राजीव मित्तल, अनुज हुंडी वाल,राकेश नैनवाल, मदन जोशी, सत्यप्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

भाजपा ने आठ प्रकोष्ठों पर घोषित किए संयोजक

हल्द्वानी : भाजपा ने विभिन्न प्रकोष्ठों के संयोजक और सह संयोजक घोषित कर दिए हैं। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की संस्तुति के बाद 8 प्रकोष्ठों के संयोजक व सह संयोजक घोषित किए है। उन्होंने बताया कि पूर्व में 13 प्रकोष्ठों का गठन पूर्व में किया जा चुका है। चौहान ने बताया कि विधि प्रकोष्ठ के लिए संजय गुप्ता को संयोजक, पुरुषोत्तम कांडपाल व धर्मेंद्र शर्मा को सह संयोजक बनाया है। सहकारिता में राम मेहरोत्रा को संयोजक, उमेश त्रिपाठी व अमित चौहान को सह संयोजक, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ में ओपी कुलश्रेष्ठ को संयोजक कैलाश भगत व डॉ. राजेश रावत को सह संयोजक बनाया है। व्यापार प्रकोष्ठ में अरुण मित्तल को संयोजक, राज किशोर, दीपक मित्तल एवं संजय व्यास को सह संयोजक, लघु उद्योग में राहुल देव को संयोजक, मधुसूदन बलोनी व राजेंद्र ममगई को सहसंयोजक बनाया है।

बीस गांव के मामले का निस्तारण न होने पर किसानों ने जताया आक्रोश

मौजूदा महंगाई और खाद-बीज के दामों के अनुरूप नहीं बढ़ा गन्ना मूल्य: पड्डा

5838 एकड़ भूमि पर पूंजीपतियों की निगाह का आरोप

400 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य निर्धारित करना चाहिए था

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: बीस गांव की 5838 एकड़ भूमि को लेकर जारी आंदोलन में किसानों को कैबिनेट की बैठक से आज बड़ी उम्मीद थी और पहले से चर्चा भी थी कि किसानों के संबंध में सरकार कोई फैसला ले सकती है, लेकिन किसानों के संबंध में जो फैसला आया वह गन्ना मूल्य को लेकर रहा, उसमें भी किसानों को निराशा ही हाथ लगी है।

यह बात भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा ने कही है। उन्होंने कहा कि जहां लगभग छह माह से किसान सरकार की ओर टकटकी लगाए देख रहे हैं, वहीं सरकार द्वारा बीस गांव के मामले को अभी तक निस्तारित नहीं किया गया है। उन्होंने महंगाई व बढ़ते खाद-बीज के दामों के अनुरूप गन्ना मूल्य में बढ़ोत्तरी नहीं होने पर निराशा व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसानों की माली हालत को लेकर हुए कम से कम 400 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना मूल्य निर्धारित करना चाहिए था। इस दौरान तहसील में संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से भूमि बचाओ सत्याग्रह आंदोलन बुधवार को भी जारी रहा। क्रमिक अनशन पर बैठे पांच आंदोलनकारियों बाज सिंह, मंजीत सिंह, गुरतार सिंह, मुख्तयार सिंह, कश्मीर सिंह का भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा एवं किसान प्रतिनिधियों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान आंदोलनकारियों ने भूमि बचाने की प्रतिज्ञा को दोराहा तथा समाधान होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बाजपुर की 5838 एकड़ भूमि पर पूंजीपतियों की निगाह है और इसलिए सरकार की मंशा में भूमि प्रकरण को लेकर सही नहीं लग रही है। पांच माह से अधिक का समय व्यतीत होने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। हम अपने हकों की लड़ाई को जारी रखेंगे, इसके लिए चाहे जो कुर्बानी देनी पड़े। इस मौके पर पंजाबी महासभा के ब्लाक अध्यक्ष सतनाम सिंह रंधावा, जितेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, बलजिंदर सिंह, विक्की रंधावा, पूरन सिंह, सुखवंत सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

बाजपुर में क्रमिक अनशन पर बैठे आंदोलनकारियों को मालाएं पहनाकर स्वागत करते किसान। ● अमृत विचार

भाषण प्रतियोगिता में अमनदीप कौर ने मारी बाजी

बाजपुर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर की इतिहास परिषद के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम (स्नातक वर्ग) युवाओं के आदर्श श्री राम (परास्नातक वर्ग) के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं द्वारा विषय के अनुसार एम ए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा अमनदीप कौर ने प्रथम, बीए तृतीय सेमेस्टर के छात्र विकी ने द्वितीय तथा बीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र लोकेश चौहान तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्राध्यापक डॉ विकास रंजन के द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में समाजशास्त्र विभाग के डॉ. अनिल सैनी तथा हिंदी विभाग के डॉ. खेमकरण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. रीता सचान द्वारा की गई। कार्यक्रम में इतिहास विभाग प्रभारी डॉ. मनुहार आर्य, डॉ. अनिल सैनी, डॉ. खेमकरण, डॉ. विकास रंजन द्वारा विचार रखे गए। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ. आर्य ने कहा कि अयोध्या में नवनिर्मित देवालय में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा एक ऐतिहासिक घटना है तथा इस पर युवाओं के बीच संवाद होना चाहिए। श्री राम भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं तथा उन्हें किसी धर्म से न जोड़ते हुए मानवता का प्रतीक मानते हुए आज के युवा वर्ग को उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए।

हथकरघा बुनकर में काशीपुर के फिरोज रहे पहले स्थान पर

चयन

- हथकरघा बुनकर, हस्तशिल्प एवं लघु उद्यमियों का हुआ चयन
- प्रथम व द्वितीय स्थान वालों को मिलेंगे 6000 और 4000 रुपये

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने जनपद स्तरीय हथकरघा बुनकर, हस्तशिल्प एवं लघु उद्यमियों को पुरस्कार योजना के तहत वर्ष 2023-24 में उच्च गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने वाले उद्यमियों को पुरस्कार दिये जाने के लिए चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। इसमें हथकरघा बुनकर, हस्तशिल्प एवं लघु उद्यमियों का प्रथम व द्वितीय श्रेणी के लिए चयन किया गया।

बुधवार को विकास भवन सभागार में आयो3जित बैठक के दौरान महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र विपिन कुमार ने बताया कि हथकरघा बुनकर में काशीपुर के फिरोज को दरी बुनकर में प्रथम, नसीम जहां को सिंगल बेडशीट में द्वितीय, हस्तशिल्प में रुद्रपुर के जगदीश प्रसाद को कुशन कवर, बैग तोरण वॉल हैंगिंग आदि में प्रथम, खटीमा की शिक्षा देवी ने मूंज घास के बने ट्रे एवं भगवान गणेश की मूर्ति में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह लघु उद्यमी में जसपुर के मां भगवती बायोप्लास्ट एवं कम्पोस्टेबल्स को कम्पोस्टेबल कैरी बैग्स, बायोमेडिकल्स कैरी बैग्स में प्रथम, एमआरआर फूड्स को ब्रेड, रस के उत्पादन में द्वितीय श्रेणी के लिए चयन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वालों को 6000 रुपया और द्वितीय श्रेणी प्राप्त करने वालों को 4000 रुपया दिया जाएगा।

हस्तशिल्प से बने उत्पादों का निरीक्षण करते सीडीओ विशाल मिश्रा। ● अमृत विचार

पत्रकारों से वार्ता करते दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के स्वामी उमेशानंद।

सूचना

सूचित हो कि मोहम्मद ताहिर पुत्र की अहमद निवासी-167 मजुल्ला नगर कैमरी कौशलगंज बिलासपुर रामपुर का निवासी है। प्रार्थी का एक किता प्लाट दिनांक 31-12-2021 को जरिये बैनामा की प्रद्युमन तंवर पुत्र श्री दशरथ सिंह निवासी वार्ड- 114 पियूष हाइट्स सेक्टर 89 खेरा केला 113 फरीदाबाद, हरियाणा से क्रय किया है। जिसका प्रथम बैनामा ग्राम भमरौला खेत नं. 226 मि. मध्ये रकबा 100.29 वर्ग मी. भूमि दिनांक 07-08-2019 को बही नं. 1, जिल्द नं. 1494 पृष्ठ सं. 105 से 128 पर उपनिबन्धक कार्यालय रूद्रपुर में रजिस्टर्ड है। उक्त मूल बैनामा वास्तव में कहीं गुम हो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होना जिसको मिले सम्पर्क करें। - **जसपाल सिंह (एडवोकेट एल.आई.सी. ऑफिस, आवास विकास रूद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड 263153, मो.नं.9837317775**

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Harmannjeet Singh Chadha (पुराना नाम) से बदलकर Harmanjeet Singh Chadha (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे Harmanjeet Singh Chadha (नया नाम) S/o Jagjeet Singh Chadha के नाम से जाना पहचाना जाए। वर्तमान पता:- संत निवास, काठगोदाम, जिला नैनीताल, उत्तराखंड

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Dishmeet Kaur Chadha (पुराना नाम) से बदलकर Dishmeet Chadha (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे Dishmeet Chadha (नया नाम) D/o Jagjeet Singh Chadha के नाम से जाना पहचाना जाए। वर्तमान पता:- संत निवास, काठगोदाम, जिला नैनीताल, उत्तराखंड

एक पखवाड़े बाद धूप निकलने पर लोगों ने ली राहत की सांस

रुद्रपुर। तराई में पिछले एक पखवाड़े के बाद धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। हालांकि शीतलहर का प्रकोप जारी रहा। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाली 30 जनवरी हल्की धूप के साथ कोहरा छाने की संभावना जताई है। यहां बता दें कि पिछले एक पखवाड़े से तराई में घना कोहरा छाने के साथ ही शीतलहर चल रही थी। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं बुधवार की सुबह कोहरा लगने के बाद दिन में थोड़ी देर सूर्यदेव के दर्शन हुए, लेकिन शीतलहर के चलते धूप का असर कम रहा। वहीं जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई का अधिकतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं तराई के वातावरण में नमी की मात्रा 68 फीसदी रही, जबकि दक्षिण पश्चिम से 3.5 किमी. प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चली।

150 बालिकाओं को दिए पदक व प्रशस्ति पत्र

कार्यक्रम

- राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विकास भवन सभागार में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए किया प्रोत्साहित

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय स्तर और जिला स्तर में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त 150 बालिकाओं को पदक व प्रशस्ति पत्र एवं कप देकर पुरस्कृत किया गया।

बुधवार को विकास भवन सभागार मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन और मंडी परिषद की महाप्रबंधक (प्रशासन) निर्मला बिष्ट और बाल विकास अधिकारी आशा नेगी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी व्योमा जैन ने कहा की छात्राओं को आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ अपने अधिकारों और कानूनी व्यवस्था के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। बालिकाओं को अपने आप को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही अपने आसपास भी आत्मनिर्भरता की जागरूकता फैलानी चाहिए।

मंडी परिषद की महाप्रबंधक (प्रशासन) निर्मला बिष्ट ने बालिकाओं को जागरूक करते हुए स्वयं को सुरक्षित रखने के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 और 1098 की भी जानकारी दी। साथ ही इसके लिए माता पिता के महत्व को भी समझाया गया।

इस दौरान छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग भी दी गई। 45 ड्राप आउट बालिकाओं के लिए ब्यूटी पार्लर कोर्स का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने किया। कार्यक्रम का संचालन बबीता मौर्या ने किया। इस अवसर पर कराटे एवं जूडो की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रानू शर्मा, प्रिया विश्वास समेत कई लोग उपस्थित थे।

बालिकाओं को पदक व प्रशस्ति पत्र देते सीडीओ विशाल मिश्रा व अन्य।

28 को गांधी पार्क में होगी भागवत कथा: उमेशानंद

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: हर साल की भांति इस वर्ष भी दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा भव्य श्रीमदभागवत कथा का आयोजन करने का निर्णय लिया। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के स्वामी उमेशानंद ने बताया कि 28 जनवरी को गांधी पार्क में साध्वी कालिन्दी भारती द्वारा कथा का आयोजन करेगी।

बुधवार को पत्रकार वार्ता में स्वामी उमेशानंद ने बताया कि भागवत कथा में कई कथाओं का सार है। भारतीय इतिहास के 18 पुराणों के प्रमुख भागवत महापुराण को पुराणों का राजा कहा जाता है। जिसका अनुश्रवण कर इंसान को आत्मिक सुख की अनुभूति होती है। अध्यात्म द्वारा प्राप्त आत्म अनुसंधान की सनातन प्रक्रिया द्वारा संभव आत्म जाग्रति ही संस्थान है। इसी को ध्यान में रखते हुए 28 जनवरी से 3 फरवरी तक गांधी पार्क में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी मुख्य कथावाचक साध्वी कालिन्दी भारती रहेगी। दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक कथा का आयोजन होगा। जिसकी सारी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस मौके पर संजय ठुकराल, राजेंद्र भट्ट, मनदीप सिंह, नीरज कुमार, अनिल गुप्ता, हिमांशु आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में लोगों को जाम से मिली निजात

नई व्यवस्था

- पुलिस ने भगत सिंह चौक से तीनों तरफ दो सौ मीटर के दायरे में घोषित किया नो पार्किंग जोन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: नगर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोतवाल नरेश चौहान ने पूरे पुलिस प्रशासन को यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में लगा दिया है। जिसके चलते बुधवार को एक मिनट के लिए भी जाम नहीं लगा। जनता ने भी पुलिस के प्रयासों को सराहा है।

नगर में मुख्य रूप से भगत सिंह चौक पर अक्सर जाम लग जाता है। जिसका मुख्य कारण रोड पर ई-रिक्शा का खड़ा होना और सड़क पर ही चौपहिया वाहनों के खड़े हो जाने के चलते मेन रोड पर चलने वाले वाहन जाम में फंसते थे। इनमें नैतीताल जाने वाले पर्यटक भी फंस जाते थे। कई बार उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को भी जाम का सामना करना पड़ता था। इसको ध्यान में रखकर भगत सिंह चौक से तीनों तरफ दो सौ मीटर के दायरे में नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया गया है। अब यहां दिन भर पुलिस भी रहेगी और वाहन पार्क होते ही न्यूनतम पांच सौ रुपये का चालान किया जायेगा। कोतवाल नरेश चौहान एसएसआई जसवीर चौहान ने कहा है कि दुकानदार भी अपने आगे वाहन खड़ा न करें तथा अन्य वाहन चालकों को इंटर कालेज, तहसील की पार्किंग में पार्क कर बाजार में आने को कहें। वहीं व्यापार के जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग ने भी यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की व्यापारियों से अपील की है। पुलिस ने नो जोन में खड़े वाहनों के चालान भी किए।

बाजपुर में पुलिस द्वारा लगाए गए नो जोन पार्किंग के बोर्ड। ● अमृत विचार

सिटी कॉन्वेंट के प्रवीण का प्री कमीशन कोर्स हेतु चयन

खटीमा। सिटी कॉन्वेंट स्कूल के शिक्षक प्रवीण सिंह बोरा का दो माह के लिए ओटीए कामटी, नागपुर महाराष्ट्र प्रशिक्षण एकेडमी में प्री कमीशन कोर्स के लिए चयन हुआ है। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय, एजुकेशनल डायरेक्टर तिलक उपाध्याय तथा प्रधानाचार्य अमित रोनाल्ड चौहान ने प्रवीण सिंह बोरा को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के आर्मी एनसीसी के एएनओ लेफ्टिनेंट प्रकाश सिंह बिष्ट, नौसेना एनसीसी एएनओ सब लेफ्टिनेंट वंदना जोशी, आर्मी एनसीसी एएनओ थर्ड ऑफिसर नीता उपाध्याय, इंस्ट्रक्टर सतीश नाथ गोस्वामी उपस्थित रहे।

भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा 29-30 को

बाजपुर। राजकीय कन्या इंटर कालेज में इंटरमीडियट भूगोल प्रयोगात्मक परीक्षा 29-30 जनवरी को स्कूल टाईम में सम्पन्न कराई जाएगी। प्रधानाचार्य मीता वास ने कहा है कि प्रयोगत्मक परीक्षा में अनुपस्थित रहने बाले बच्चों को पुन: मौका नहीं मिल पायेगा तथा सभी छात्राओं को परीक्षा में आना अनिवार्य है।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

पुरस्कार देहरादून में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत व सचिव शैलेश बगौली ने प्राचार्य प्रो. केके पांडे को दिया 7 लाख रुपये का चेक

स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर को मिला बी डबल प्लस ग्रेड

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: उच्च शिक्षा विभाग की ओर बुधवार को देहरादून में आयोजित देवभूमि उद्यमिता कार्यशाला में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगौली द्वारा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर को उत्तराखंड के सभी महाविद्यालय एवं विवि में सबसे उच्च ग्रेड बी डबल प्लस प्राप्त करने के लिए प्राचार्य प्रो.केके पांडे को सात लाख रुपये का चेक प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

कुमाऊं विश्वविद्यालय से संबद्ध राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर की स्थापना 1996 में हुई और वर्तमान में बीए, बीकाम, बीएससी, एमएससी, एमकाम तथा पीजी डिप्लोमा इन योगा के कोर्स संचालित हैं। दिसंबर 2022 में महाविद्यालय के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य डा. मनुहार आर्य एवं आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन समिति के समन्वयक डा.आदर्श कुमार चौधरी के निर्देशन में नैक के माध्यम से महाविद्यालय के शिक्षण कार्य की गुणवत्ता, महाविद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं के समग्र आकलन करने का निश्चय किया, क्योंकि नैक प्रत्यायन के उपरांत ही महाविद्यालय को कुमाऊं विश्वविद्यालय से विभिन्न प्रकार के कोर्स हेतु स्थाई मान्यता प्राप्त हो सकती थी। विभिन्न चरणों के माध्यम से सत्र 2017 से 2022 तक की रिपोर्ट आनलाइन के जरिये जमा करवाई गई एवं इन सबके प्रत्यक्ष आकलन के लिए टीम का दौरा 23 व 24 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पांडे द्वारा नैक टीम की विजिट के लिए व्यक्तिगत रूप से तथा महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ मिलकर योजना बनाई। नैक पियर टीम के अध्यक्ष के रूप में उड़ीसा से डा.शिव प्रसाद अधिकारी, सदस्य हैदराबाद विश्वविद्यालय से डा.लक्ष्मी हरबंदी तथा नासिक से डा.सुभाष दांडे महाविद्यालय के सर्वेक्षण के लिए आए थे। टीम ने महाविद्यालय को नैक द्वारा निर्धारित सात मापदंडों पर परखा और समस्त विभागों का प्रस्तुतीकरण लिया गया। वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्रों तथा अभिभावकों से अलग-अलग बातचीत की गई। महाविद्यालय का भ्रमण कर उपलब्ध सभी सुविधाओं का भी आंकलन किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें उत्तराखंड की संस्कृति का परिचय कराया गया। समस्त मापदंडों के गहन परीक्षण के पश्चात महाविद्यालय को प्रथम प्रयास में ही 2.85 अंकों के साथ बी डबल प्लस ग्रेड मिला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर कमल किशोर पांडे ने महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर वर्तमान एवं भूतपूर्व छात्रों तथा अभिभावकों का आभार व्यक्त किया है तथा समस्त महाविद्यालय परिवार को भी बधाई दी है। विशेष रूप से आईक्यूएसी के समन्वयक डा.आदर्श कुमार चौधरी एवं सदस्य डा.जया कांडपाल, डा.मनुहार आर्य, डा.विकास रंजन, डा.संजय बिष्ट, डा.ललित, डा.अतीश, डा.रीता सचान एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के अथक प्रयासों की सराहना की गई।

देहरादून में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से पुरस्कार प्राप्त करते प्राचार्य प्रो. केके पांडे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

एक नजर

बाजपुर में बाइक की टक्कर से 10 वर्षीय बालक घायल

बाजपुर। दोराहा बाजपुर निवासी 10 वर्षीय बालक सूरत रामराज रोड पर पैदल बाजपुर की ओर आ रहा था। इसी बीच भोना-बिराहा मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से बालक को चपेट में ले लिया जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी चालक बाइक समेत मौके से फरार हो गया। आसपास के दुकानदारों व राहगीरों की मदद से घायल बालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं घटना के चलते मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी में युवक पर मुकदमा दर्ज

काशीपुर। सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी अपलोड करने पर आरटीसी हेमपुर निवासी एक युवक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। एसआई कपिल कांबोज ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उन्हे एसएसपी एसटीएफ से एक सीडी प्राप्त हुई है। जिसमें आपत्तिजनक चाइल्ड पोर्नोग्राफी की वीडियो है। उक्त वीडियो आरटीसी हेमपुर निवासी एक युवक की आईडी से फेसबुक पर अपलोड की गई है। मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

काशीपुर चीनी मिल की सीबीआई जांच की मांग

काशीपुर। हिंद मजदूर सभा के प्रदेशाध्यक्ष वेद प्रकाश विद्यार्थी ने एक फैक्ट्री समेत काशीपुर चीनी मिल की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में विद्यार्थी भैया ने कहा कि 16 नवंबर 2013 से काशीपुर चीनी मिल को सील कर दिया गया। आज तक भारत सरकार और राज्य सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। 75 मजदूर-कर्मचारी भुखमरी तथा बीमारी के कारण मर गए। 42 करोड़ रुपए का भुगतान आज तक मजदूरों को नहीं हुआ।

तीन घरों में विद्युत विभाग ने पकड़ी चोरी की बिजली

काशीपुर। चोरी की बिजली से अपने घरों को रोशन कर रहे तीन लोगों को विद्युत विभाग ने पकड़ा। मामले में अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। अवर अभियंता दीपक शर्मा ने थाना आईटीआई में तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी टीम के साथ बरखेड़ा पाण्डे में छापा मारा, तो वहां तीन घरों में बिजली चोरी होते हुए पकड़ी। जिस पर पुलिस ने बरखेड़ा पाण्डे निवासी याकूब, नाजिम व जफर के खिलाफ विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मासिक बैठक में डीएम बोले-जिन आरसी की डिमांड तय हो चुकी उनकी शीघ्र वसूली करें अधिकारी

तहसील स्तर पर आरसी का मिलान करें खनन अधिकारी

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को खनन विभाग के अधिकारियों को तहसील स्तर पर आरसी का मिलान करने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि जिन आरसी की डिमांड निर्धारित हो चुकी है, उनकी प्राथमिकता के आधार पर वसूली की जाए। तहसीलदारों को मिसलेनियस मांग के सापेक्ष कलेक्शन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश बुधवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित मासिक स्टाफ बैठक के दौरान दिये। उन्होंने आबकारी विभाग को राजस्व वसूली के लिए सभी पहलुओं पर रणनीति बनाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

रुद्रपुर में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

राज्य कर और परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी राजस्व वसूली और वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि न्यायालयों में अभियोजन पक्ष द्वारा प्रभावी पैरवी की जाए और पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिले।

उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत आर्म्ड लाइसेंस जमा कराने और सत्यापन की कार्यवाही शुरू करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को मजिस्ट्रियल जांच प्राथमिकता के साथ पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण न हो, इसलिए निर्धारित पोर्टल पर सभी प्रविष्टियां एवं सूचनाएं अपलोड की जाएं। गन्ना भुगतान की स्थिति के बारे में समय-समय पर संबंधित चीनी मिल के जीएम एवं अधिशासी निदेशकों से भुगतान की जानकारी लेते रहने के निर्देश सभी उप जिलाधिकारियों को दिये।

लापता बाहरी लोगों की लिस्ट की जाए तैयार

रुद्रपुर। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सम्मन समय से तामील करने और मुचलका आदि की कार्यवाही भी समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद के बारह के जिन व्यक्तियों के सम्मन एवं वारंट चालान गये हैं, लेकिन मिल नहीं रहे हैं, उनकी लिस्ट तैयार करते हुए संबंधित जनपदों के एसएसपी के साथ साझा की जाये।

बैठक में यह रहे मौजूद

अपर जिलाधिकारी नजूल एवं प्रशासन जय भारत सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अशोक कुमार जोशी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पांडे, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्रा, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ.अमृता शर्मा सहित संबंधित अधिकारी।

जयनगर में घर के सामने पड़ा मिला श्रमिक का शव

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: बुधवार की सुबह जयनगर स्थित एक मजदूर का घर के सामने मृत अवस्था में शव पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आशंका है कि युवक की छत से गिरकर मौत हो गई होगी।

जानकारी के अनुसार जयनगर वार्ड-नौ निवासी 45 वर्षीय जय प्रकाश सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम को वह ड्यूटी से वापस घर पहुंचा और खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। बुधवार की सुबह जब परिवार के लोग उठे तो युवक अपने कमरे में नहीं था। जब मुख्य गेट का दरवाजा खोला तो युवक दरवाजे के बाहर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था।

घटना

- छत से गिरने की जताई गई संभावना
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

सूचना मिलने थानाध्यक्ष दिनेशपुर अनिल जोशी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर, थानाध्यक्ष अनिल जोशी ने बताया कि प्रारंभिक पड़ताल में आशंका है कि सिडकुल कर्मी रात को उतरते वक्त घर की छत से नीचे गिर गया होगा और सिर में चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई होगी। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट आने की बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ट्रक से भिड़ंत में फॉर्च्यूनर कार सवार दो युवकों की मौत

मृतकों में जहानाबाद (पीलीभीत) की नगर पंचायत अध्यक्ष का पुत्र शामिल, घने कोहरे के दौरान पुलभट्टा-सितारगंज मार्ग पर हुआ हादसा

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: पुलभट्टा-सितारगंज मार्ग पर घने कोहरे के कारण फॉर्च्यूनर कार ट्रक से टकरा गई। घटना में कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में जहानाबाद (पीलीभीत) की नगर पंचायत अध्यक्ष के पुत्र सहित दो लोगों की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए। हादसे की सूचना के बाद परिजन भी किच्छा पहुंच गए। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

बुधवार तड़के करीब 3 बजे सितारगंज मार्ग पर पिपलिया मोड़ के निकट पेट्रोल पंप के सामने भीषण सड़क हादसा हो गया। किच्छा से सितारगंज की तरफ जा रही फॉर्च्यूनर कार संख्या यूके 03 बी 2626 तेज गति में ट्रक से टकरा गई। घटना के दौरान कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। डायल 112 पर सूचना के बाद किच्छा कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। घने कोहरे एवं कड़ाके की ठंड के बीच पुलिस व दमकल टीम के मदन सिंह रावत सहित अन्य लोगों ने क्षतिग्रस्त कार में फंसे तीन युवकों को बमुश्किल बाहर निकालकर सरकारी अस्पताल किच्छा भेजा। सरकारी अस्पताल में जहानाबाद, जिला पीलीभीत, उत्तर प्रदेश निवासी 24 वर्षीय शिवा गुप्ता पुत्र दुर्गा चरण गुप्ता एवं बायपास रोड, नवाबगंज, बरेली, उत्तर प्रदेश निवासी 32 वर्षीय आसिफ अहमद पुत्र जमील अहमद को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। किच्छा पहुंचे परिजनों ने मृतकों की पहचान शिवा गुप्ता एवं आसिफ अहमद के रूप में की। बताया जा रहा है कि मृतक शिवा गुप्ता की माता जहानाबाद नगर पंचायत की अध्यक्ष हैं। घटना में घायल जहानाबाद, पीलीभीत निवासी शिवा पुत्र रमेश चंद को परिजन एंबुलेंस से इलाज के लिए बरेली ले गए। घायल शिवा की हालत भी गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिवा गुप्ता और आसिफ अहमद की मौत के बाद दर्जनों लोग रुद्रपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंच गए। युवकों की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोडके ने बताया कि पुलिस ट्रक की तलाश कर रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

किच्छा में हुई सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

घटना के बाद पोस्टमार्टम हाउस के बाहर परिजनों की भीड़। ● अमृत विचार

आज होनी थी बहन की सगाई, शॉपिंग कर रुद्रपुर से लौट रहा था शिवा

जहानाबाद (पीलीभीत) अमृत विचार : नगर पंचायत जहानाबाद की चेयरमैन ममता गुप्ता पत्नी दुर्गाचरण गुप्ता उर्फ अन्ना की बेटी शिल्पी का रिश्ता हल्द्वानी (उत्तराखंड) से तय हुआ है। 25 जनवरी को बेटी की सगाई होनी है। ऐसे में 23 जनवरी को बड़ा बेटा शिवा (25) अपने दोस्त बरेली जिले के नवाबागंज बाईपास निवासी आसिफ पुत्र जमीन उर्रहमान उर्फ छोटे और नवाबगंज के मोहल्ला काहरान निवासी राइस मिलर रमेश गुप्ता उर्फ बंगाली बाबू के पुत्र शिवा (25) के साथ कार में सवार होकर उत्तराखंड के रुद्रपुर में शॉपिंग करने गए थे। दिन भर शॉपिंग करने के बाद तीनों कार में सवार होकर घर लौट रहे थे। देर रात किच्छा बाईपास पर पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी।

अवैध मिट्टी खनन में लिप्त ट्रक सीज किया

नानकमत्ता। मिट्टी के अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग ने छापा मारकर मौके पर मिट्टी से भरा डंपर सीज कर दिया। कार्रवाई से खनन माफिया में हड़कंप मचा रहा। नानकमत्ता थाना क्षेत्र में प्रशासन की अनुमति के बगैर क्षेत्र के मटेया देवकाली गांव में माफिया मिट्टी का खनन कर रहा है। बेखौफ माफिया धड़ल्ले के साथ जेसीबी मशीनों से खेतों और कैलास नदी की मिट्टी का अवैध खनन कर रहा है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद परगना अधिकारी तुषार सैनी के आदेश पर नानकमत्ता उप तहसील के नायब तहसीलदार सुरेन्द्र सिंह ने राजस्व निरीक्षक मोईउद्दीन, पटवारी बीना जोशी के साथ मौके पर पहुंचकर छापा मारा और देवकली गांव के पास मिट्टी के अवैध खनन से भरा एक डंपर यूके 06 सीबी 8838 को पकड़ लिया। नायब तहसीलदार सुरेन्द्र सिह ने बताया कि एक डंपर को सीज कर दिया गया है।

राष्ट्रीय खेलों में विजेता रहे खिलाड़ी सम्मानित

प्रोत्साहन

- एकल अभियान समिति के तहत किया प्रतिभाग
- केंद्रीय सहमंत्री की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: एकल अभियान समिति के तहत राष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने वाले विजेता खिलाड़ियों का सम्मान समारोह हुआ। जिसमें विहिप के केंद्रीय सहमंत्री स्नेह पाल की मौजूदगी में खिलाड़ियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

बुधवार को समारोह का शुभारंभ करते केंद्रीय सहमंत्री विहिप स्नेह पाल और खेल प्रभारी भारत भूषण चुघ ने बताया कि विगत माह मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में एकल अभियान के तहत प्रांतीय खेलों का आयोजन किया था। जिसमें विजेता खिलाड़ियों ने नागपुर में हुए राष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ था। इस प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन खेल का परिचय देते तमाम खिलाड़ियों ने पदक जीत कर राज्य का नाम रोशन किया और पूर्वी उत्तर प्रदेश को हराकर फाइनल की विजेता बनी। एकल अभियान समिति के खेल प्रभारी भारत भूषण चुघ ने कहा कि यह सम्मान और गौरव का विषय है कि दुर्गम क्षेत्र के रहने वाली इन बालिकाओं ने उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। बालिका दिवस के मौके पर विजेता बालिकाओं को सम्मानित किया गया। एकल अभियान समिति की शैली बंसल ने कहा कि विजेता बच्चियां बेहतर कल का निर्माण करेंगी और एकल अभियान समिति सदैव उनके साथ खड़ा रहेगी। इस अवसर पर विजय भूषण गर्ग, बलदेव राज छाबड़ा, विनय बत्रा, गणेश प्रजापति, नीलकंठ राणा, राज कोली, अनिल त्यागी, मैनेजर कुलबीर सिंह, ममता के अलावा विजेता गौरी, भावना, भूमिका, पलक, वैष्णवी, वैशाली, पार्वती, भक्ति आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में राष्ट्रीय खेलों में विजेता बालिकाओं को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

दोहरे हत्याकांड का शीघ्र करें खुलासा: डीआईजी

बैठक

- डीआईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने बाबा भारामल मंदिर का निरीक्षण कर जानकारी ली
- अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: कुमाऊं परिक्षेत्र के डीआईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत ने सुरई रेंज में स्थित बाबा भारामल मंदिर में पहुंचकर 20 दिन पूर्व हुए बाबा हरि गिरि और सेवादार के दोहरे हत्याकांड के मामले में घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी हासिल की। उन्होंने गठित एसओजी और पुलिस टीमों के साथ समीक्षा बैठक कर हत्याकांड का जल्द से जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा कि मैन्युअल और टेक्निकल क्षेत्र में तेजी से काम चल रहा है और कुछ अहम सुराग मिले हैं। बता दें कि 5 जनवरी को बाबा भारामल के महंत हरिगिरी और सेवादार रूप सिंह बिष्ट की रात्रि में डंडों से पीटकर हत्या कर दी थी जबकि नन्हें को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। कुमाऊं परिक्षेत्र के डीआईजी डॉ. रावत बुधवार दोपहर खटीमा से सीधे घटनास्थल भारामल मंदिर पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और इस संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल की। बाद में उन्होंने झनकईया थाने में पहुंचकर पुलिस और एसओजी की गठित टीमों के साथ बैठक कर पिछले 20 दिन में हुए कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने टीम व पुलिस अधिकारियों को मामले का जल्द से जल्द खुलासा करने के सख्त निर्देश दिए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा कि डीआईजी रावत ने हत्याकांड के मामले में अपराधियों की तलाश और धरपकड़ करने को गठित टीम की समीक्षा बैठक ली है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में मैन्युअल और टेक्निकल आधार पर तेजी से काम चल रहा है और कुछ अहम सुराग मिले हैं और हत्याकांड का शीघ्र खुलासा किया जाएगा। इस अवसर पर एएसपी अभय प्रताप सिंह, मनोज कत्याल, सीओ वीर सिंह, कोतवाल प्रकाश दानू, थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट, प्रदीप शर्मा, मनोज देव, कीर्ति वल्लभ भट्ट, सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

झनकईया थाने में अधिकारियों की बैठक लेते डीआईजी डॉ. योगेंद्र सिंह रावत।

सूची प्रकाशित | अंतिम मतदाता सूची हुई प्रकाशित, जिले में मतदाताओं की संख्या पहुंची 1317741

ऊधमसिंह नगर में 42133 मतदाता बढ़े और 15518 घटे

बीरेन्द्र बिष्ट, रुद्रपुर

अमृत विचार: ऊधमसिंह नगर जनपद में 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है। इसके तहत जनपद में मतदाताओं की संख्या 1291126 से बढ़कर 1317741 हो गयी है। जबकि जिले में 15518 मतदाताओं की संख्या भी घटी है।

दरअसल, ऊधमसिंह नगर में जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता और खटीमा विधानसभाएं भी। इन सभी विधानसभाओं में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होने से पूर्व मतदाताओं की संख्या 1291126 थी। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 671661 और महिला मतदाताओं की संख्या 619433 थी। जबकि ट्रांसजेंडरों की संख्या 32 थी। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद सितंबर माह से विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान जगह-जगह कैंप लगाकर और बीएलओ ने घर-घर जाकर अभियान चलाया।

इस दौरान सभी विधानसभाओं में मतदाताओं की संख्या 1317741 हो गयी है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 684597, महिला मतदाताओं की संख्या 633106 और ट्रांस जेंडर मतदाताओं की संख्या 38 है। इस दौरान सभी विधानसभाओं में मतदाताओं की संख्या 42133 बढ़ी है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 19518 और महिला मतदाताओं की संख्या 22607 और ट्रांसजेंडरों की संख्या 8 तक बढ़ी है। इसी तरह सभी विधानसभाओं में 15518 मतदाताओं की संख्या घटी है।

इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 6582, महिला मतदाताओं की संख्या 8934 और ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 2 घटी है।

393 मतदाताओं की हुई मौत, 8024 मतदाता शिफ्ट और 7101 मतदाता रिपीट

रुद्रपुर। जिला निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार जिले में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन के बाद सभी नौ विधानसभाओं में 15518 मतदाताओं की संख्या कम हुई है। इसमें 393 मतदाता ऐसे ही है जिनकी मौत हो चुकी है, जबकि 8024 मतदाता ऐसे हैं जो दूसरी जगह चले गये हैं। इसी तरह 7101 मतदाता ऐसे हैं जिनके नाम एक बूथ पर हैं और दूसरे बूथ में भी उनके शामिल हैं। इस कारण ऐसे नामों को भी हटाया गया है।

> जिले में अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है। इसके तहत जिले की नौ विधानसभाओं में मतदाताओं की संख्या 1291126 से बढ़कर 1317741 हो गयी है। इस बीच जिले में 42133 मतदाताओं की संख्या बढ़ी है तो 15518 मतदाताओं की संख्या घटी भी है।
>
> **-विजय तिवारी**, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

सिडकुल की कंपनी के प्लांट हेड की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप के आवास विकास में रहने वाले एक प्लांट हेड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक प्लांट हेड किराए के मकान पर रहता था।

जानकारी के अनुसार मूल रूप से अनूप शहर बुलंदशहर यूपी एवं हाल हाल निवासी आवास विकास के हेमंत शर्मा सिडकुल की एक कंपनी में प्लांट हेड के पद पर तैनात थे और आवास विकास में पिछले सात सालों से रह रहे थे। मंगलवार को खाना खाने के बाद वह मकान स्थित कमरे में सोने चले गए। बुधवार की सुबह काफी देर तक जब हेमंत नहीं उठे। पिता आरएस शर्मा ने फोन लगाकर बात करने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं आया। इसके बाद पिता ने मकान मालिक को फोन कर बेटे के कॉल नहीं उठाने की बात कही। जिस पर जब मकान मालिक ने कमरे के बाहर से आवाज दी। मगर अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। इस पर दरवाजे को तोड़ा गया तो देखा कि प्लांट हेड बिस्तर पर बेसुध हालत में पड़े हुए हैं। आनन फानन में स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घर में मिले मृत

- आवास विकास स्थित किराए पर था मृतक
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

रुद्रपुर में जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि। ● अमृत विचार

खटीमा के राज के इंटर कॉलेज चारुबेटा में बालिका दिवस पर सम्मान छात्राएं और शिक्षकगण। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निकाली जन जागरूकता रैली

बेटी बचाओ और कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम के स्लोगन लेकर निकाली रैली, विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया रैली का शुभारंभ

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर ऊधमसिंह नगर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों के तहत जनजागरूकता रैली निकाली गयी। इस दौरान स्कूली छात्राओं ने बेटी बचाओ एवं कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम स्लोगन के मुख्य बाजार में रैली निकाली। इसका शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार पाठक और जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. पीके सिन्हा ने किया।

बुधवार को गांधी पार्क से सुबह 11 बजे जन जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली में बी3 नार्सिंग कालेज के 150 विद्यार्थियों, सूरजमल नर्सिंग कॉलेज के 100 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। रैली में बेटा-बेटी एक समान, कन्या भ्रूण हत्या अपराध है। बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ, बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहां से लाओगे इत्यादि स्लोगन के साथ नारे लगाए गये। रैली के बाद गांधी पार्क में प्रतिभागियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। पीसीपीएनडीटी एनजीओ सदस्य सरोज सिंह ठाकुर ने बेटियों को एक समान अधिकार दिये जाने की अपील की।

इसी तरह एनजीओ सदस्य हीरा जंगपांगी ने कहा कि वर्तमान में बेटा एवं बेटी में कोई अंतर नहीं है। बेटियां प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। सभी अभिभावकों को दोनों को समान अवसर देने चाहिए। इस दौरान एएनएम दीपा जोशी, जिला समन्वयक पीसीपीएनडीटी प्रदीप महर ने भी कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही समाज में फैली इस कुरीति की रोकथाम के लिए आम-जनमानस को जागरूक होने की अपील की गयी। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.हरेंद्र मलिक, डॉ.एसपी सिंह, पीसीपीएनडीटी के गोपाल आर्य, आमिर खां, निधि शर्मा समेत 50 से अधिक आशा कार्यकत्रियां मौजूद रही।

गदरपुर के ग्राम मोहनपुर में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रैली निकालतीं महिलाएं।

बालिकाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं

गदरपुर। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रैली का आयोजन किया गया। बुधवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनपुर के प्रभारी चिकित्सक डॉ. बलबीर सिंह के नेतृत्व में कर्मियों ने रैली निकाली। रैली में शामिल महिलाओं ने हाथ में पोस्टर बैनर लिए हुए थे। जिसमें भ्रूण हत्या, जियो और जीने दो जैसे स्लोगन लिखे हुए थे। इस दौरान डॉ. बलवीर सिंह ने कहा कि आज लड़कियां चांद तक पहुंच रही हैं। हमें उन्हें पूरा मान-सम्मान देना चाहिए। इस मौके पर शशि कला, हरि प्रसाद, प्रियंका, दीपक, राजपाल, डॉ. शालिनी, सुनीता आदि उपस्थित रहे।

बालिका दिवस पर छात्राएं सम्मानित

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, नारायण नगर की टीम द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में स्वास्थ्यवर्धक जानकारी दी। जिसमें छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

वहीं छात्राओं को पोषण में सुधार, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य में सुधार, मानसिक स्वास्थ्य में वृद्धि, यौन हिंसा पर रोक, एनीमिया की जानकारी, करियर काउंसलिंग, गलत पदार्थों के दुर्पयोग इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। वहीं इस दौरान वाद-विवाद प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. आदित्य विक्रम, डॉ. एमपी सिंह, डॉ. शैफाली सीपाल, जयंत कुमार, प्रेम ब्रजलाल, आशा, नीलम, रीना व राधा कृष्ण आदि मौजूद रहे।

काशीपुर में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिका को सम्मानित करते अतिथि।

उधर चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, काशीपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने कविता, भाषण, नृत्य, स्लोगन आदि प्रस्तुत किये। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त ने छात्राओं को बालिका दिवस की शुभकामनाएं दीं व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता मेहरा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मंजू सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. मंगला, डॉ. रंजना, डॉ. पुष्पा धामा, डॉ. ज्योति गोयल, डॉ. मीनाक्षी पन्त आदि उपस्थित रहे।

जीआईसी चारुबेटा में बालिका दिवस पर सम्मानित हुईं 22 छात्राएं

खटीमा। राजकीय इंटर कॉलेज चारुबेटा में राष्ट्रीय बालिका दिवस धूमधाम से मनाया गया। बालिका दिवस का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य रामनारायण वर्मा ने कहा कि बालिकाएं आज किसी की भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 22 छात्राएं सम्मानित हुईं। विद्यालय की शिक्षिका बबीता देव विद्यालय के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का चयन किया। जिसमें 11वीं कक्षा की अंजलि नेगी को सर्वश्रेष्ठ बालिका कलाकार तथा 10वीं की दामिनी व सिमरन और कक्षा नौ की मुस्कान को विशेष बालिका कलाकार के रूप में चुना गया। वहीं बबीता, मानसी, दिशा, प्रिया, चंदा, कुसुम, बबली, रिया, अंजली गिरि, सिमरन गिरि अंजली, आशी, कशिश, शालिनी, तमन्ना, गुनगुन, सिमरन, और आयशा राणा को भी पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। अंत में प्रधानाचार्य वर्मा और पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम द्वारा स्वर्ण पदक से विभूषित विद्यालय के शिक्षक रावेंद्र कुमार रवि ने चयनित छात्राओं को सम्मानित किया। संचालन हरिओम पारखी ने किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र प्रसाद शुक्ल, संगीता रावत, गया प्रसाद मौर्य, नरेश चंद्र पांडेय, बंश नारायण मौर्य, चंद्रशेखर पाठक, किशोर कुमार, शकुंतला, सूरज नाथ कुशवाह, सीता मौर्या, संजय नाथ गोस्वामी, उमेश चंद्र तिवारी आदि उपस्थित रहे। इधर नागरिक चिकित्सालय की राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम के चिकित्साधिकारी डॉ संदीप मिश्रा, महिला चिकित्साधिकारी डॉ शैलजा त्रिपाठी, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की काउंसलर विजेता पांडे एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर नौगवां ठग्गू की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कविता बिष्ट ने बालिकाओं के सम्मान में कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषयों पर छात्राओं के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की। छात्राओं द्वारा स्लोगन, कला एवं निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से उक्त दोनों विषयों पर अपने भाव प्रकट किए। अंत में बच्चों की जन जागरूकता रैली निकाली गई।

राजा जगत देव की जयंती मनाई

संवाददाता, गदरपुर

अमृत विचार: राजा जगत देव परमार की जयंती पर बुक्सा समाज के लोगों उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर नमन किया।

बुधवार को तुलिया देवी धर्मशाला में सनातन परंपरा धर्म और संस्कृति के रक्षक राजा जगत देव सिंह की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बुक्सा आदिम जनजाति उत्थान समिति के अध्यक्ष गोविंद सिंह के नेतृत्व में बुक्सा समाज के लोगों ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर नमन किया इस दौरान गोविंद सिंह ने कहा राजा जगत देव परमार माता बाला सुंदरी के परम भक्त थे जिन्होंने अपने शीश मां भवानी को काटकर चढ़ा दिया था उन्होंने कहा कि राजा जगत देव सनातन धर्म परंपरा के रक्षक थे। इस मौके पर सचिव सोमल सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार पौष शुक्ल की चतुर्दशी को राजा जगतदेव सिंह की जयंती का शासनादेश जारी करें उन्होंने कहा उनकी जयंती पर शासनादेश जारी होने से बुक्सा समाज को खुशी मिलेगी। बाजपुर ब्लॉक प्रमुख जीत सिंह ने कहा राजा जगत देव ने बुक्सा समाज के लिए संघर्ष किया उन्होंने कहा बुक्स समाज को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। इस मौके पर गोविंद सिंह सचिव सोमल सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख जीत सिंह, सोमल सिंह, संजय सिंह, कैलाश सिंह, लच्छू सिंह, आनंद सिंह, उत्तम सिंह, वीर सिंह, गुड्डी देवी, इमरतो देवी सहित काफी संख्या में बुक्सा समाज के लोग मौजूद थे

तुलिया धर्मशाला में राजा जगत देव के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग। ● अमृत विचार

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी जोरों पर

बाजपुर। गणतंत्र दिवस की तैयारी जोरों पर है। स्कूलों में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी की जा रही है वहीं झंडारोहण की रूपरेखा तय की जा रही है। समस्त कार्यालयों एवं विद्यालयों में गणतंत्र दिवस झण्डारोहण प्रात 9.30 बजे किया जायेगा।

इसके बाद इंटर कालेज बाजपुर, जीजीआईसी, सेंट मेरी स्कूल, ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल दोराहा, जीईटी,ज्योति डिग्री कालेज, जीनियस ग्लोबल स्कूल बैरिया रोड, डीएवी, विकास भारती, मदर इंण्डिया, रिवरडेल इंटरनेशनल आदि विभिन्न स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। एसडीएम राकेश चन्द्र तिवारी ने सभी सस्थानों से ध्वजारोहण करने को कहा है।

आईआईएम बढ़ाएगा प्रबंधकों व अफसरों की संगठनात्मक दक्षता

प्रशिक्षण

आईआईएम ने साफ्ट स्किल्स फॉर द वर्क प्लेस ऑफ टुमारो ओपन मैनजमेंट डवलपमेंट प्रोग्राम लांच किया

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: आईआईएम पांच दिन में प्रबंधकों और अधिकारियों की संगठनात्मक दक्षता को बढ़ाएगा। इसके लिए आईआईएम ने पांच दिवसीय सॉफ्ट स्किल्स फॉर द वर्क प्लेस ऑफ टुमारो ओपन मैनजमेंट डवलपमेंट प्रोग्राम लांच किया है। जो 5 से 9 फरवरी तक चलेगा।

आईआईएम के कार्यक्रम निदेशक प्रो. स्मारक समरजीत ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रबंधकों और अधिकारियों के लिए तैयार किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को सॉफ्ट स्किल विकसित करने और बेहतर प्रभावी कार्यकारी उपस्थिति बनाने में मदद करना है। बताया कि ओपन मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एमडीपी) पांच दिनों में चार दैनिक सत्र आयोजित करेगा। इसके अतिरिक्त, आईआईएम काशीपुर ने 'कल के प्रबंधकों के लिए प्रभावी कार्यस्थल संचार' नामक एक एमडीपी कार्यक्रम शुरू किया है। जो प्रबंधकों के लिए चार शैलियों, अनुकूलन, प्रामाणिकता सुनने के कौशल और प्रेरक भाषा पर ध्यान केंद्रित करेगा।

काशीपुर में निकाली गई भव्य तिरंगा रैली

काशीपुर में तिरंगा यात्रा निकालते लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: केंद्रीय लोक शिकायत जांच आयोग संगठन के बैनर तले काशीपुर में तिरंगा रैली निकाली गई।

बुधवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोहेल खान ने मुरादाबाद रोड स्थित एक टूरिस्ट होटल से यात्रा का शुभारंभ किया। यह यात्रा एमपी चौक, चीमा चौराहा, स्टेडियम तिराहा, मानपुर रोड, गुरुद्वारा रोड होते हुए बैलजूड़ी स्थित एसके अस्पताल पर पहुंचकर संपन्न हुई। संगठन के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. आसिफ ने बताया कि कई अन्य शहरों में तिरंगा रैली निकाली जाएगी। संगठन के अल्पसंख्यक मोर्चे के अध्यक्ष अफसर अली ने हर घर तिरंगा पहुंचाने की बात कही। यात्रा में रशीद अहमद, दानिश मलिक, डॉ. युसूफ अली, फरमान सैफी, राशिद फारुकी, एमए राहुल, मुस्तकीम आदि रहे।

कार्यशाला डिग्री कॉलेज में देवभूमि उद्यमिता योजना के तहत दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप संपन्न

नये स्टार्टअप के लिए दी जरूरी जानकारी

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड की देवभूमि उद्यमिता योजना के दो दिवसीय स्टार्टअप बूट कैंप का समापन हो गया। यह योजना भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सहयोग से चलाई जा रही है। स्टार्टअप बूट कैंप में 262 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

समापन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सूरजमल विश्वविद्यालय किच्छा के डॉ. पुलकित अग्रवाल ने कहा कि नए स्टार्टअप के लिए व्यावसायिक और कानूनी प्रावधानों को जानना ज़रूरी है। भारत स्टार्टअप और यूनिकार्न के क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। नये उद्यमी को सफल उद्यमियों के इतिहास को पढ़ना व जानना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की यह योजना समय की मांग के अनुरूप है। इस योजना से स्थानीय युवा एवं वंचित वर्ग लाभ प्राप्त कर सकेगा एवं उद्यमिता एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है और विद्यार्थियों को अपने समय को खुले दिमाग और खुली आंखों से देखने की आदत डालनी होगी। रोजगार की दृष्टि से उद्यमिता एक मजबूत क्षेत्र है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि वित्तीय सलाहकार अरविंद खुराना ने कहा कि शिक्षित समाज के बीच वित्तीय निरक्षरता फैली हुई है, बाज़ार की नीतियों को समझकर ही निवेश किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डॉ इंदु कपूर ने विद्यार्थियों को नवाचार, उत्पादित मूल्य, बिजनेस आइडिया के विस्तार क्षेत्र, सामाजिक स्वीकार्यता तथा बाजार स्वीकार्यता इन पांच आधारों पर बिजनेस मॉडल के आधारों पर प्रकाश डालते हुए जागरूक किया। विद्यार्थियों के बिजनस आइडिया का मूल्यांकन डॉ. पुलकित अग्रवाल तथा महाविद्यालयी नोडल अधिकारी डॉ प्रकाशचंद भट्ट ने किया। कार्यक्रम में डॉ. जसकरन सिंह, कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार ने विचार रखे। प्राचार्य डॉ. नरेश ने कहा कि ईडीआईआई के सहयोग से उत्तराखंड में उद्यमिता का प्रसार हो सकेगा। देवभूमि उद्यमिता योजना का बारह दिवसीय ईडीपी फरवरी में आयोजित किया जाएगा।

समापन कार्यक्रम में पीटीए सदस्य वीर बहादुर, डॉ. उमराव सिंह, डॉ. हर्षिता तिवारी, शुभम गंगवार, लवली पांडेय, आनन्द सिंह, सूरजमल अग्रवाल प्राइवेट कन्या महाविद्यालय से डॉ. इंदू कपूर, सुरभि वार्ष्णेय, नेहा पुष्पक, सलमा खातून, जानकी जोशी, गौरव जोशी तथा सूरजमल विश्वविद्यालय, किच्छा से फैकल्टी मेम्बर डॉ. कमला भाकुनी रहे।

किच्छा में आयोजित शिविर में मंचासीन वरिष्ठ जन। ● अमृत विचार

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज

विशेष चिकित्सा:- ● भूख न लगना ● कब्ज ● अपच ● गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुड़ायें।

शादी से पहले या शादी के बाद सफल बनाएं
सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

घर बैठे मेडिसिन डाक व कोरियर से प्राप्त करें।
विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 14 जनवरी 2024, रविवार
28 जनवरी 2024, रविवार
होटल नागपाल बड़ा गुरुद्वारा के सामने
गोल-मार्केट-रुद्रपुर (उधम सिंह नगर)
9837069463
7599211076

उत्तर प्रदेश कई कारणों से भारत का विशेष राज्य

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: राजभवन में बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य के यहां कार्यरत अधिकारियों सहित अन्य लोगों ने प्रतिभाग किया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए उपस्थित सभी लोगों को पूरे प्रदेश की ओर से स्थापना दिवस की बधाई दी।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश कई कारणों से भारत का विशेष राज्य है। उत्तर प्रदेश, देश का सबसे अधिक आबादी और सबसे अधिक जिलों वाला प्रदेश है। अपनी समृद्ध और विविध स्थलाकृति, जीवंत संस्कृति, त्योहारों, स्मारकों एवं प्राचीन धार्मिक स्थलों व विहारों के कारण घरेलू पर्यटकों के साथ उत्तर प्रदेश भारत के सभी राज्यों में घरेलू पर्यटकों के आगमन में प्रथम स्थान पर है। हिन्दी साहित्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश का स्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। साहित्य और कला के क्षेत्र में यूपी का स्थान सबसे अग्रणी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर में राम लला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होना, भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना है, जो देशवासियों के लिए बहुत अविस्मरणीय पल है। आखिरकार, समूचा राष्ट्र सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण का गवाह बना है। राम की नगरी अयोध्या हो या फिर बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी हो, इनके अभूतपूर्व विकास से आज यूपी वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटक स्थल बन गया है। इस अवसर पर हिम ज्योति स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। वहीं, दून विश्वविद्यालय की छात्रा शैफाली ढौंडियाल ने कत्थक नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव राधिका झा, सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडे, आईजी विम्मी सचदेवा रामन, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति. एस. भदौरिया मौजूद रहे।

उद्यान विभाग जैविक कृषि उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का करेगा काम

विभाग की इस नई पहल से इलाके के किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : काशीपुर व आसपास के क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को उनके जैविक उत्पादों का सही दाम दिलाने के लिए उद्यान विभाग ने नई पहल शुरू की है। विभाग की इस नई पहल से इलाके के किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी।

जैविक कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने व किसानों के साथ-साथ उद्यमियों की आय में बढ़ोतरी के लिए उधान विभाग ने एक व्यापक कार्ययोजना तैयार कर रहा है। जिसके तहत विभाग किसानों को एक खुला मंच प्रदान करेगा। जहां किसान अपने जैविक उत्पादों को ग्राहकों को आसानी से पहुंचा सकेगा। साथ ही उनके जैविक उत्पादों को सही दाम भी मिल सकेगा। उधान विभाग ने रसायन युक्त कृषि उत्पादों जहां लोगों की सेहत पर बुरा असर डाल रहे है। वह उनकों गंभीर बीमारियो की ओर भी धकेल रहे है।

किसानों को जैविक कृषि उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए बन रहा केंद्र।

ऐसे उत्पादों से लोगों को बचाने के लिए उद्यान विभाग ने जैविक खेती को बढ़ावा देने की पहल की है। जिसके तहत विभाग किसानों को उनके द्वारा तैयार जैविक उत्पादों को एक मंच के माध्यम से बेचने की योजना बना रहा है। विभाग ने काशीपुर के आईजीएल रोड स्थित अपने उद्यान एवं प्रसंस्करण केंद्र पर एक केंद्र बनाया है। जहां किसान व ग्राहकों के मध्य विभाग सेतु का कार्य करेगा और किसानों को उनके जैविक उत्पादों को बेचने में मदद करेगा।

साथ ही उनके उत्पादों का सही मूल्य निर्धारण करने का भी कार्य करेगा। जिससे किसानों को आर्थिक लाभ भी हो सके। प्रभारी उधान सचल दल काशीपुर जगदीश चंद्र तिवारी ने बताया कि काशीपुर क्षेत्र में 80 से अधिक किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिसमें से अधिकतर किसानों ने जैविक खेती को अपनाया भी है। लेकिन उनको बाजार नहीं मिलने के कारण वह जैविक खेती करने के बाद मायूस हो जाते है। ऐसे में विभाग उनको अपने यहां एक केंद्र स्थापित कर बाजार उपलब्ध कराने का कार्य करेगा।

जिससे किसानो को उनके जैविक उत्पादों का सही मूल्य व बाजार दोनों उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि इस केंद्र का कार्य जून माह तक सुचारू हो जाएगा। साथ ही किसी महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा इसे संचालित भी किया जाएगा। जिसको लेकर कवायद चल रही है।

अंडर 14 क्रिकेट टीम के लिए 4 खिलाड़ी चयनित

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधमसिंह नगर ने अंडर 14 उत्तराखंड क्रिकेट टीम के लिए चार खिलाड़ियों का चयन कर खिलाड़ियों के नाम की घोषणा कर दी। एसोसिएशन द्वारा घोषित की गई टीम में उधम सिंह नगर जिले के चार खिलाड़ी अभिमन्यु कांडपाल, नीतीश पचौरी, हार्दिक अरोरा एवं मेहुल चौधरी शामिल हैं।

क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ़ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अजय तिवारी ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि चारों खिलाड़ी उधम सिंह नगर के प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। तिवारी ने बताया कि अभिमन्यु कांडपाल रुद्र लायंस क्रिकेट अकादमी से क्रिकेट के गुर सीख रहे हैं जबकि नीतीश पचौरी जेसिस क्रिकेट अकादमी के मेघावी खिलाड़ी हैं। उन्होंने बताया कि रुद्रपुर निवासी हार्दिक अरोरा एसीए क्रिकेट अकादमी देहरादून से प्रशिक्षण प्राप्त हैं जबकि मेहुल चौधरी अमेनिटी पब्लिक स्कूल के छात्र हैं और अमेनिटी स्पोर्ट्स अकैडमी में क्रिकेट सिखाते हैं। जिला अध्यक्ष तिवारी ने बताया कि चारों खिलाड़ियों का चयन क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड की अंडर 14 क्रिकेट टीम में हो गया है और सेंट्रल जोन की ट्रॉफी राज सिंह डूंगरपुर क्रिकेट प्रतियोगिता खेलने के लिए चारों खिलाड़ी रायपुर (छत्तीसगढ़) जाएंगे। खिलाड़ियों के चयन पर इंद्र नीलकर, बलवंत सिंह, मानिक अरोरा, सुभाष अरोड़ा, नूर आलम आदि ने बधाई दी है।

अभिमन्यु कांडपाल नीतीश पचौरी

हार्दिक अरोरा मेहुल चौधरी

पुत्रवधू से दुष्कर्म विरोध पर पीटा

देहरादून : पटेल नगर क्षेत्र में घर में अकेली पुत्रवधू से ससुर द्वारा दुष्कर्म करने और विरोध करने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने मंगलवार को कोतवाली पटेलनगर पर दिए लिखित प्रार्थना पत्र में आरोप लगाते बताया कि बीती 16 जनवरी को मैं अपने घर पर अकेली थी, इसका फायदा उठाकर उसके ससुर ने उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। महिला उपनिरीक्षक मीना रावत ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर दुष्कर्म और मारपीट की धाराओं में नामजद अभियोग दर्ज किया गया। बुधवार को 65 वर्षीय आरोपी ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

दिनेशपुर में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई नेताजी की जयंती

- स्कूली बच्चों के साथ अतिथियों व आयोजकों ने नगर में निकाली भव्य प्रभात फेरी

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती के उपलक्ष्य पर शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में प्रेस क्लब के तत्वावधान में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। सर्वप्रथम छात्र- छात्राओं के साथ पूर्व सैनिकों, जनप्रतिनिधियों व आयोजकों ने गाजे- बाजे से नगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली।

पराक्रम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय, अतिविशिष्ट अतिथि जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की व नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार ने संयुक्त रूप से नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर मालियार्पण किया। मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडेय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की आजादी में नेताजी का विशेष योगदान रहा है। नेताजी सच्चे महान देशभक्त थे। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि जिपं पूर्व उपाध्यक्ष त्रिनाथ विश्वास ने कहा कि हम सबको नेताजी के आदर्शों पर चलकर देशभक्ति का अनुकरण करना चाहिए। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

दिनेशपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष दुलाल चक्रवर्ती ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर स्मृति चिन्ह भेंट किए। संचालन रवि सरकार व सरोज मंडल ने किया। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री सुरेश परिहार, पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, समाजसेवी चंद्रकांत मंडल, कांग्रेस प्रदेश महामंत्री ममता हालदार, पंजाबी महासभा के अध्यक्ष केके गावा, हिमांशु सरकार, अनादिरंजन मंडल, विशंभर लाल मिगलानी, राजकुमार शाह, मनोज राय उर्फ मुन्ना, दीपक मक्कड़, सुनीता मिस्त्री, सत्यप्रकाश सिंह, डॉ. सुधीर राय, विकास सरकार, योगेश मिगलानी, काजल राय, रोहित मंडल, में राजू गाईन मौजूद थे।

वरिष्ठ समाजसेवी त्रिनाथ विश्वास को सम्मानित करते आयोजक। ● अमृत विचार

देश में आपातकाल जैसी स्थितिः धस्माना

देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 28 जनवरी को देहरादून में प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए परेड ग्राउंड की अनुमति जिला प्रशासन ने सरकार के दबाव में देने से इनकार कर दिया है।

धस्माना ने पत्रकार वार्ता में आरोप लगाया कि, यह अलोकतांत्रिक है व जिस प्रकार से देश भर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के कार्यक्रमों में व्यवधान डाला जा रहा है, उससे प्रतीत हो रहा है कि देश में अघोषित आपातकाल लगा है। देश तानाशाही की तरफ जा रहा है। कहा कि जब उत्तराखंड में व केंद्र में कांग्रेस की सरकारें थीं, तब भाजपा को कार्यक्रमों के लिए परेड ग्राउंड दिया जाता रहा। कांग्रेस को कार्यक्रम करने के लिए जिला प्रशासन कैसे मना कर सकता है।

श्रीमद् भागवत कथा सुनने से दूर होते हैं कष्ट: संगीता किशोरी

- आदर्श युवा दल एवं महिला समूह के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय अनुष्ठान
- बड़ी संख्या में भागवत कथा सुनने के लिए पहुंचे श्रद्धालु

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन कथा वाचक देवी संगीता किशोरी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से श्रोताओं के सभी कष्टों का निवारण होता है। वहीं घर परिवार व समाज में सुख-शांति व समृद्धि आती है।

बुधवार को नगर के वार्ड-आठ में आदर्श युवा दल एवं महिला समूह के तत्वावधान में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा श्रीहरि धर्म मंदिर स्थित कामना सागर से जल भरकर प्रारंभ होकर अनुष्ठान स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। कथा वाचक देवी संगीता किशोरी ने प्रथम दिन श्रीकृष्णा के बाल रूपों का वर्णन किया।

श्रीमद् भागवत में प्रवचन करतीं कथावाचक देवी संगीता किशोरी।

श्रीकृष्ण की लीला का बखान सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए। अनुष्ठान में सभासद सत्यजीत विश्वास, सुकुमार सरकार, अल्पना राय, मीता चक्रवर्ती, ममता सरकार, सुचित्रा विश्वास, सुजीत मंडल, अमित सरकार, तुषार मंडल, श्याम सुंदर, विष्णु कुमार, मनोज विश्वास, श्रवण बैरागी, राजू गाईन, सूरज राय आदि थे।

तीसरी बार भी केंद्र में बनेगी मोदी सरकार

- भाजपा ने की स्वयं सहायता समूह, एनजीओ संपर्क अभियान की शुरुआत

संवाददाता, हरिद्वार

अमृत विचार : हरिद्वार में शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन कर भाजपा ने महिला स्वयं सहायता समूह, एनजीओ संपर्क अभियान की शुरुआत की है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस गंभीरता के साथ देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, आने वाले समय में देश दुनिया की तीसरी आर्थिक शक्ति का देश बनेगा। आज सभी लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है, ऐसे में एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनेगी और प्रदेश की पांचों लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत की हैट्रिक लगाएगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनता के बीच जाने की अपील भी की।

शक्ति वंदन प्रदेश प्रभारी लाजवंती झा ने कहा कि, केंद्र सरकार महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। उसके लिए प्रधानमंत्री मोदी निरंतर कार्य कर रहे हैं, उसमें शक्ति वंदन एक जीता जागता उदाहरण है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को महिला मोर्चा जन-जन तक पहुंचा रही है, उसी कड़ी में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और एनजीओ के साथ भी संपर्क अभियान की शुरुआत की गई है, इसी के तहत छात्र-छात्राओं का सम्मेलन किया जाएगा और उन्हें सम्मानित किया जाएगा। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अजेय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है। वहीं, प्रदेश सरकार भी उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए काम कर रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार आयुष्मान योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बेहतर इलाज के लिए काम कर रही है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उज्ज्वला योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं को लाभ दिया जा रहा है। वर्ष 2025 तक प्रदेश में सवा लाख बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा, उस दिशा में जिस तरह से काम किया जा रहा है, स्वयं सहायता समूह के माध्यम से यह संकल्प जल्द पूरा होगा।

हरिद्वार में शक्ति वंदन कार्यक्रम में मौजूद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

दून पुलिस के जाल में फंसे नशे के सौदागर

देहरादून। ड्रग्स फ्री देवभूमि के विजन में दून पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए नशे के चार सौदागरों को गिरफ्तार किया है। थाना सेलाकुई पुलिस ने चेकिंग के दौरान सेलाकुई क्षेत्र से साजिद पुत्र नसीम निवासी सहसपुर को 620 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है।

अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। वहीं, थाना सहसपुर पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत अलग-अलग स्थानों शीतला नदी के पुल के आगे जामनखाता वाले रास्ते से 2 अभियुक्तों को 400 ग्राम चरस तथा तिमली क्षेत्र से 1 अभियुक्त को 8.5 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध थाना सहसपुर पर एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपी शाहिद और अब्दुल रहमान निवासी जीवनगढ, डाकपत्थर विकासनगर और वाहिद निवासी बड़ा रामपुर, थाना सहसपुर हैं।

अवसर | चमोली, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ के सरपंच पति-पत्नी सहित विशेष तौर पर आमंत्रित

35 सरपंच बनेंगे गणतंत्र दिवस परेड के साक्षी

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : आगामी 26 जनवरी को देश 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा।

इस खास मौके पर भारत सरकार ने अलग-अलग क्षेत्रों और मंत्रालयों की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, महिला स्वयं सहायता समूह, किसान उत्पादन संगठन आदि योजनाओं के लाभार्थियों को 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड पर विषेष तौर पर आमंत्रित किया है। इसके अलावा सीमांत क्षेत्रों के सर्वांगणी विकास के लिए चलाई जा रही वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत आने वाले गांवों के सरपंचों को भी कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड पर विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। इसी कड़ी में उत्तराखंड के सीमांत जिले चमोली, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ के 35 सरपंचों को उनके पति और पत्नी के साथ कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाली परेड पर विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। इसके अलावा इन जिलों के 23 उप सरपंचों को भी कर्तव्य पथ पर आमंत्रित किया है।

आमंत्रण पाकर जतायी खुशी

सीमांत जिले चमोली के नीति गांव की सरपंच हेमलता राणा व उनके पति मुकेश राणा ने आमंत्रण के लिए भारत सरकार का आभार जताया है। चमोली के माणा गांव के आमंत्रित सरपंच पिताम्बर सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी गायत्री देवी के साथ परेड देखने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि जब देश के सीमांत जिलों के गांवों के सरपंचों और उपसरपंचों को गणतंत्र दिवस परेड के कार्यक्रम देखने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। वाइब्रेंट विलेज स्कीम से सीमांत क्षेत्रों के विकास के लिए सरकार बेहतरीन प्रयास कर रही है। उत्तरकाशी जिले के मुखवा गांव की सरपंच शिवकला देवी अपने पति संजय सिंह के साथ और धराली गांव की सरपंच प्रभा देवी और उनके पति प्रदीप सिंह भी आमंत्रित हैं।

यह बेहतरीन प्रयास

सीमांत जनपद पिथौरागढ़ के गुंजी गांव के आमंत्रित सरपंच सुरेश सिंह ने कहा कि सरकार सुदर गांव के सरपंचों को भी आमंत्रित कर रही है, ये एक बेहतरीन प्रयास है। पिथौरागढ़ के कुटी गांव के सरपंच धर्मेंद्र कुतियाल और डुकतु गांव के प्रधान विरेंद्र दुकताल भी परेड कार्यक्रम में आमंत्रण मिलने पर उत्साहित हैं।

खटीमा में राम भक्तों ने बांटी मिठाई

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : अयोध्या में बने श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा से उत्साहित राम भक्तों ने पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में पूरे शहर में मिष्ठान वितरण किया।

रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि उनकी इच्छा थी कि 5100 लड्डू का प्रसाद स्वयं बनवाकर पूरे क्षेत्र में वितरित करेंगे। आज उन्होंने पूरे क्षेत्र में खुद अपने हाथों से दुकान दुकान, घर-घर जाकर लोगों को लड्डुओं का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज बाधवा, भवानी भंडारी, सतीश गोयल, संतोष अग्रवाल, दीपक तिवारी, करण यादव, विश्वनाथ यादव, राजीव बंसल, सुनील रैदानी मनोज शर्मा, शुभम पटवा, प्रदीप गुप्ता, बाबूराम अरोड़ा, हरीश बत्रा, मनोज पंत, विजय अरोड़ा, नीरज शर्मा, राहुल वाल्मीकि, नवल वाल्मीकि, ललित जोशी, राहुल सक्सेना, ललित बिष्ट, शुभम वाल्मीकि, मनोज शाही, जितेंद्र ठाकुर, जगजीत मल्ली, ध्यान पाल सिंह, लक्ष्मण प्रजापति, सुरेश पवार आदि राम भक्त शामिल रहे।

खटीमा में मिष्ठान वितरण करते पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी। ● अमृत विचार

रथ : शरीरं पुरुषस्य राजत्रात्मा नियन्तेन्द्रियाण्यस्य चाश्चा : ।
तैरप्रमत्त : कुशली सदश्वैर्दान्तै : सुखं याति रथीव धीर : ॥

यह मानव शरीर रथ है, आत्मा (बुद्धि) इसका सारथी है, इंद्रियां इसके घोड़े हैं, जो व्यक्ति सावधानी, चतुराई और बुद्धिमानी से इनको वश में रखता है वह श्रेष्ठ रथवान की भांति संसार में सुखपूर्वक यात्रा करता है।

संपादकीय

भारत का विश्वास

इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध शीघ्र समाप्त होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इजराइल ने हमास के खिलाफ तीन महीने पहले शुरू किए गए हमलों को बढ़ाने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक मिस्र की सीमा से लगे रफाह शहर और इसके आसपास करीब 15 लाख लोग आश्रयगृहों तथा तंबुओं के शिविरों में रह रहे हैं। यह संख्या गाजा की आबादी की करीब दो-तिहाई है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने इजराइल को आगाह किया कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का द्वि-राष्ट्र समाधान से इनकार यकीनन संघर्ष को बढ़ाएगा जो पहले ही वैश्विक शांति के लिए खतरा है। उधर भारत के एक शीर्ष राजनयिक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को बताया कि पश्चिम एशिया में इजराइल और हमास के बीच जारी संघर्ष से हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात सुरक्षा प्रभावित हो रही है और इसका सीधा असर भारत के ऊर्जा एवं आर्थिक हितों पर पड़ रहा है। भारत के साथ ही विभिन्न असफलताओं से उबर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए यह खबर चिंताजनक है। ध्यान रहे युद्ध की शुरुआत में ही आशंका जताई गई थी कि यह संघर्ष मध्य पूर्व में व्यापार और कच्चे तेल की आपूर्ति को बाधित कर सकता है जिससे इस क्षेत्र के कई देश एवं उनके व्यापारिक भागीदार प्रभावित होंगे।

विश्व की 20 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल की आपूर्ति पश्चिमी एशिया से होती है, इस क्षेत्र में संघर्ष से कच्चे तेल की कीमतें 150 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं। वर्ष 2024 में वैश्विक मुद्रास्फीति लगभग 6.7 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। इसके अलावा भारत और अमेरिका जैसे देशों के लिए गंभीर प्रभाव के परिणामस्वरूप संभावित वैश्विक मंदी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। संघर्ष से हिंद महासागर में समुद्री वाणिज्यिक यातायात सुरक्षा प्रभावित हो रही है जिसमें भारत से जुड़े जहाजों पर हुए कुछ हमले भी शामिल हैं और इसका भारत की ऊर्जा और आर्थिक हितों पर सीधा असर पड़ता है। स्पष्ट रूप से समझा जाना चाहिए यह भयावह स्थिति किसी भी पक्ष को लाभ नहीं पहुंचाएगी। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बड़ी चिंता का विषय है। अनेक देश चाहते हैं कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध मानवीय आधार पर रुकना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को भोजन, पानी और दवाएं आदि पहुंचाई जा सकें। भारत का दृढ़ विश्वास है कि केवल द्वि-राष्ट्र समाधान ही अंतिम विकल्प है और यही स्थायी शांति प्रदान करेगा जिसकी इजराइल और फलस्तीन के लोग इच्छा रखते हैं और इसके हकदार हैं।

अर्थव्यवस्था, आत्मविश्वास, आवश्यकता, असलियत और आंकड़े

प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने दावोस में दावा किया कि पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 2028 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सात फीसदी की दर से बढ़ने की क्षमता है।

इन दिनों विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ सब कुछ अर्थव्यवस्था के आसपास है। आम आदमी से जुड़े बेरोजगारी और महंगाई के आंकड़ों की व्याख्या अपनी-अपनी आस्था के अनुसार हो रही है। इस बीच दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर 15 से 19 जनवरी तक हुई चर्चाओं के दौरान आर्थिक असमानता पर भारत के संदर्भ में आक्सफैम की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी कुल संपत्ति के 40 फीसदी से अधिक हिस्से पर काबिज है। रिपोर्ट में 2012 से 2021 तक इससे नीचे की आधी आबादी की कुल संपत्ति में हिस्सेदारी महज तीन प्रतिशत बताई गई। रिपोर्ट में बताया गया कि 2020 के बाद दुनिया में पांच अरब लोग और गरीब हो गए हैं।

अगले दिन आनन-फानन जारी नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में 2013-14 से 2022-23 तक 24.82 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला गया है। इस अवधि में गरीबी 29.17 फीसदी से घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई। इसका महत्वपूर्ण कारक 81.35 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज की योजना को बताया गया। नीति आयोग के सीईओ बीवी सुब्रह्मण्यम ने आत्मविश्वास से कहा कि 2030 से पहले गरीबी का उन्मूलन हो जाएगा। देश में 2004-05 में 37 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे,जो 2011-12 में अनुमानित 21.9 फीसदी रह गए थे। बाकी 15 करोड़ लोगों को भी गरीबी से निकालने के लिए अर्थव्यवस्था का गतिशील रहना आवश्यक है। इसमें आत्मनिर्भरता नहीं है। इस संदर्भ में संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों की खाद्य सुरक्षा और पोषण पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में 74.1 प्रतिशत भारतीय या 104.3 करोड़ लोग स्वस्थ आहार लेने में असमर्थ थे। रिपोर्ट भारत सरकार के 81.35 करोड़ लोगों को ही खाद्य सहायता देने पर सवाल उठाती है।

इसी परिप्रेक्ष्य में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने दावोस में दावा किया कि पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने में भारत को 2028 तक का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने इसे आगे बढ़ाते हुए कहा कि 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था में सात फीसदी की दर से बढ़ने की क्षमता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कहती रहीं हैं कि 2047 तक देश की अर्थव्यवस्था 30 लाख करोड़ की हो जाएगी। उधर,केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गांवों और शहरों के मोहल्लों तक पहुंचाने के लिए शुरू विकसित भारत संकल्प यात्रा से दो महीने में 2.21 लाख ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्र के 9541 स्थानों तक पहुंच चुकी है और इससे 15 करोड़ से अधिक लोग जुड़े। इस दौरान 50 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए। आयुष्मान कार्ड के मानकों से पता चलता है कि ये कौन सी श्रेणी के लाभार्थी हैं।

> इस परिदृश्य में यह जानना दिलचस्प होगा कि सितंबर 2023 तक देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पांच लाख करोड़ का कर्ज बीते छह महीने में बढ़ा है। इसका मतलब है कि बेरोजगार ही नहीं, नवजात भी 1.40 लाख रुपये का कर्जदार है। मनमोहन सिंह सरकार के समय देश पर कर्ज 50 लाख करोड़ था। नौ साल में यह चार गुना बढ़ा है। आत्मनिर्भरता की आवश्यता के दृष्टिकोण से स्वाभाविक सवाल है कि आठ वर्ष में पांचवे स्थान पर आई अर्थव्यवस्था का आधार ये कर्ज तो नहीं है? कर्ज की इसी राशि से 24 .82 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए हैं।

विंग्स इंडिया 2024 में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बताया कि भारत ने बोइंग और एयरबस को एक साल में 1120 जहाजों के लिए ऑर्डर दिए हैं। 2030 तक हवाई अड्डे 149 से बढ़ाकर 200 करने का लक्ष्य है। तब तक देश 30 करोड़ एयर ट्रैफिक वाला और विमानों की संख्या डेढ़ से दो हजार हो जाएगी। 2042 तक 2500 नए विमानों और 20 वर्षों में 41 हजार पायलटों की जरूरत होगी। स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो के मिशन डायरेक्टर कुणाल कुमार ने भी बता दिया कि देश में 100 स्मार्ट शहरों में 40 हजार करोड़ की 383 परियोजनाएं चल रही हैं। 1300 पूरी हो चुकी हैं जिनमें 76 हजार सीसीटीवी कैमरे, 50 लाख से अधिक सौर और एलईडी लाइट लगाना और 89 हजार किमी से अधिक भूमिगत बिजली केबल का निर्माण प्रमुख है। 6855 स्मार्ट क्लास रूम और 40 डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई गई हैं। दूसरी ओर 140 करोड़ के देश में 12 करोड़ युवक-युवतियां बेरोजगार के तौर पर पंजीकृत हैं। नोटबंदी और जीएसटी के कारणों के अलावा कोरोना काल में संगठित-असंगठित क्षेत्र में 17 करोड़ लोग बेरोजगार हुए हैं। फिर भी दावा है कि बेरोजगारी दर 2017-18 में 17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 10 प्रतिशत रह गई। 2020 में बेरोजगारी दर 8, 2021 में 5.98 और 2022 में 7.33 फीसदी रही। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) के अनुसार अक्तूबर 2023 में बेरोजगारी दर 29 माह के सर्वोच्च स्तर 10.05 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। अक्टूबर से दिसंबर 2023 के आंकड़े बताते हैं कि 20-24 आयुवर्ग में भयावह बेरोजगारी है। इस बीच संयुक्त राष्ट्र संघ की श्रमबल एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने आशंका जताई कि 2024 में बेरोजगारी वैश्विक स्तर पर विकराल होगी। 20 लाख से अधिक लोगों के पास काम नहीं होगा। 2024 में दुनिया में बेरोजगारी की दर 5.2 प्रतिशत हो जाएगी,जो 2023 में 5.1 प्रतिशत थी। 2022 में यह 5.3 फीसदी रही थी। मान्यता है कि बेरोजगारी एक प्रतिशत बढ़ने पर सकल घरेलू उत्पाद में दो फीसदी की कमी आ जाती है।

गूगल ने साल के शुरू में एक हजार से अधिक कर्मचारी निकाल दिए। सीईओ सुदंर पिंचाई ने और कर्मचारियों को भी छंटनी के लिए तैयार रहने को कहा है। 2022 में भी गूगल ने सबसे अधिक 12 हजार कर्मचारी बाहर कर दिए थे। आईटी सेक्टर की नौकरियों में सर्वाधिक कमी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का बढ़ता प्रभाव है। पेटीएम ने एक हजार लोग निकालने पर तर्क दिया कि उन्हें एआई ने अपेक्षा से ज्यादा परिणाम दिया है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने एआई के कारण भारत जैसे विकासशील देश में औसतन 40 प्रतिशत नौकरियां खत्म होने की आशंका जताई है। बीते साल भारत की स्टार्टअप कंपनियों ने 28 हजार से ज्यादा लोग निकाल दिए। बीते दो वर्ष में दुनिया की प्रमुख टेक कंपनियां भारत के 36 हजार कर्मचारी निकाल चुकी हैं। नौकरी डॉट काम की मानें तो आईटी, बीपीओ, शिक्षा, खुदरा कारोबार, स्वास्थ्य देखभाल और सतर्कता के क्षेत्र में दिसंबर 2023 में पेशेवरों की नियुक्ति में 16 फीसदी की कमी आई है।

यही नहीं, जोर-शोर से कहा जा रहा है कि 2014-15 से 2023-24 के दौरान महंगाई दर 5.5 प्रतिशत रही। 2009-14 के बीच यह 10.04 प्रतिशत थी। आईएलओ की रिपोर्ट का महत्वपूर्ण तथ्य है कि बेरोजगारी बढ़ने के कारण महंगाई बढ़ेगी। देश में महंगाई दर दिसंबर 2023 में 5.69 फीसदी थी। दिसंबर 2022 में यह 5.72 प्रतिशत रही थी। दिसंबर 2023 में थोक महंगाई नौ महीने में सबसे ज्यादा बढ़ी। दिसंबर 2002 में यह 5.02 प्रतिशत थी। महंगाई के बारे में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की उप प्रबंध निदेशक गीता गोपीनाथन ने दावोस में ही चेतावनी दी है। कहा, 2024 में दुनिया इसमें राहत की उम्मीद न करे।

इस परिदृश्य में यह जानना दिलचस्प होगा कि सितंबर 2023 तक देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पांच लाख करोड़ का कर्ज बीते छह महीने में बढ़ा है। इसका मतलब है कि बेरोजगार ही नहीं, नवजात भी 1.40 लाख रुपये का कर्जदार है। मनमोहन सिंह सरकार के समय देश पर कर्ज 50 लाख करोड़ था। नौ साल में यह चार गुना बढ़ा है। आत्मनिर्भरता की आवश्यता के दृष्टिकोण से स्वाभाविक सवाल है कि आठ वर्ष में पांचवे स्थान पर आई अर्थव्यवस्था का आधार ये कर्ज तो नहीं है? कर्ज की इसी राशि से 24.82 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकाले गए हैं।

व्यंग्य

अपने लिए यही तो चाहते हैं

जो लोग खासकर हिंदुस्तानी लोग, सास को लेकर रोने रोते हैं मुझे उनसे कतई इत्तेफाक नहीं है। सास को समस्या,सिरदर्द बताने को लेकर बने सारे ही चुटकुले झूठे हैं। सच तो ये है कि जब पूरी दुनिया आपको नकारा समझकर लतियाने में जुटी हो ऐसे दुर्दिनों में भी आपकी मां के अलावा दुनिया में सास ही आपकी वो इकलौती रिश्तेदार होती है जिसके हिसाब से आप दुनिया के सबसे होनहार,लायक और नजर उतारने के काबिल खूबसूरत इंसान होते हैं।

सास ही है,जो आपके आने का इंतजार करती है। आपको देखते ही खुश हो उठती है। आपको देखकर गदगद होकर अपनी बहुओं को छप्पन भोग बनाने के लिए रसोई की तरफ रवाना कर देती है। वह दुनिया की इकलौती औरत होती है,जो अपनी गैरशादीशुदा बेटियों को देर रात तक आपसे गपियाते देख नाराज नहीं होती,जो आपकी खातिरदारी में अपने पति और लड़कों सहित पूरे घर को जुटा दे,आपके आने की खबर भर से पुराने सोफे पर नए कवर चढ़वाने लगे,शैल्फ में बहुत दिनों से बंद नई क्राकरी खनकाने लगे,आपकी जेब को अपनी बचत के नोटों से भर दे,जो आपको अपने बेटों से ज्यादा तवज्जो दे,आपकी हां में हां मिलाए,आपकी सारी घिसी पिटी बातों को ध्यान से सुनें,वह आपकी सास के अलावा और कौन हो सकता है?

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

आपके बारे में उसका यह यकीन कि आप उसकी बेटी को प्यार करते हैं ,उसके लिए आपको दुनिया का सबसे अच्छा आदमी मानने के लिए काफी है।

आपके बारे में उसका यह यकीन कि आप उसकी बेटी को प्यार करते हैं,उसके लिए आपको दुनिया का सबसे अच्छा आदमी मानने के लिए काफी है। इसी भरोसे के चलते वो बहुत बार आपकी जब भी अपनी बीबी से तनातनी होती है,वो आप की तरफदारी करती है। अपनी बेटी से ज्यादा आपको सराहती है। आपको और क्या चाहिए? सास का होना ही ससुराल के आतिथ्य की गारंटी है,उसका होना भर आपके मन में अपने वीआईपी होने की गलतफहमी पैदा कर देता है, जो आप वाकई होते नहीं है। यदि आपके दामाद होने के पहले ही आपकी सास दुनिया छोड़ चुकी हो तो मेरे ख्याल से आप एक बदनसीब इंसान हैं, आप कभी जान ही नही पाएंगें कि सास का सुख क्या होता है,आप खुद को कभी खास महसूस ही नहीं कर सकेंगे। हमारे देश का पिलपिला से पिलपिला आम आदमी जब अपनी सास के सानिध्य में होता है तो खास बना रहता है। जहां तक खास होने की बात है तो यकीन मानिये आपका ये रुतबा सास के होने भर तक का है,उसके जाते ही आपकी ससुराली दुनिया उजड़ जाएगी और आप वहां अचानक अलफांसो से दशहरी आम हो सकते हैं। उसका जाना आपका डॉलर से रुपया हो जाना है। आपका शेयर मार्केट धड़ाम से मुंह के बल आ गिरता है और आप मुद्रास्फीति का मतलब समझने लगते हैं। हां यदि आप बहुत सी बहनों की सबसे छोटी बहन के पति हैं तो आपका यह सौभाग्य अक्षुण्ण रह सकता है। यह दुर्लभ संयोग है, जो आपको अतिरिक्त ममतामयी सासें दिलवा सकता है,वे भी बलिहारियां जाएंगी आप पर। आप अपनी पत्नी की बड़ी बहनों के घर में भी दामादों सी ठसक से तर माल उड़ा सकते हैं,पर ऐसा हो ही यह जरूरी नहीं,ससुराल की दुनिया में बस सास की ही शुद्धता की गारंटी है।

यदि आप कुंवारे हैं,आप की शादी की बात चल रही हो तो होने वाली सास से जरूर मिल लें। आपका ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है,क्योंकि आपकी होने वाली बीबी पच्चीस -तीस साल बाद कैसी दिखेगी? कैसे बोलेगी बतियाएगी? कैसा व्यवहार करेगी,यह भावी सास से मिलकर आसानी से जाना जा सकता है।

मां के अलावा वो ही है,जो आपकी किसी छोटी सी उपलब्धि को भी वो समुद्र पर बना पुल मान लेती है। जब भी आपका थोड़ा बहुत नाम हो जाए तो आप पर गर्व होता है उसे। हर आने जाने वाले से वो आपकी चर्चा करती है और सच्चे मन से खुश हो जाती है। लिहाजा अपनी सास की इज्जत कीजिए। उसकी इज्जत करेगें तो उनकी बेटी आपकी इज्जत करेगी। वो आपकी इज्जत करेगी तो दुनिया आपकी इज्जत करेगी। सास का होना ही आपका इज्जतदार बने रहने के लिए काफी है। मेरा ख्याल है आप अपने लिए यही चाहते हैं।

भारत-मालदीव संबंध: वर्तमान और भविष्य

भारत द्वारा कोरोना के समय आर्थिक संकट से उबरने के लिए 250 मिलियन यूएस डॉलर की दी गई,मदद हेतु संयुक्त राष्ट्र में धन्यवाद देते मालदीव के विदेश मंत्री के वक्तव्य को अभी तीन वर्ष भी नहीं हुए थे कि मालदीव के जनप्रतिनिधियों, विपक्ष और सरकार की मंशा में चीनी मिलावट होते दिखने लगी है।

वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप महज 40 लाख डॉलर में 50 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी मालदीव ने किया। चीन के वन बेल्ट वन रोड योजना का भी खुलकर समर्थन करने वाले मालदीव में चीन की यह उपस्थिति सामरिक दृष्टिकोण से सही नहीं है। न केवल हिंद महासागर,बल्कि भारत के निकटवर्ती राष्ट्रों में चीन की बढ़ती उपस्थिति चिंता का कारण है। इसी बात को समझते हुए हमारे नीतिगत निर्णयों में शानदार प्रयास विगत वर्षों में होते दिखाई दिए हैं।

वर्ष 1965 में मालदीव की ब्रिटेन से आजादी के बाद से ही भारत और मालदीव के बीच वाणिज्यिक,सांस्कृतिक आर्थिक, संबंधों का दूसरा दौर शुरू होता है। भारत उन आरंभिक देशों में से एक है जिसने मालदीव के मुक्ति संघर्ष और स्वतंत्र मालदीव को सर्वप्रथम मान्यता प्रदान की। औपनिवेशिक शासन के अधीन रहे भारत और मालदीव दोनों के ही बीच प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान संबंधों में प्रगाढ़ता आई। वर्ष 1974 में मालदीव के तत्कालीन प्रधानमंत्री अहमद जैकी की भारत यात्रा इस संदर्भ में प्रासंगिक है। इसी बैठक के बाद भारत और मालदीव ने हिंद महासागर क्षेत्र को शांति क्षेत्र के रूप में स्वीकृत करते हुए इस क्षेत्र को बड़ी महा शक्तियों और सैन्य गतिविधियों से मुक्त रखने का संकल्प लिया था। शिक्षा, मत्स्य पालन, वायु और समुद्री संचार के क्षेत्र में अपने द्विपक्षीय सहयोग को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर दोनों पक्ष सहमत हुए। इसी क्रम में भारत द्वारा शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु मालदीव के 19 एटोल में 19 विद्यालयों की स्थापना और मत्स्य के डिब्बाबंद उद्योग को बढ़ावा देने की समुचित व्यवस्था भारत द्वारा की गई।

जय प्रकाश पांडेय
वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी

वर्ष 2016 में मालदीव ने चीन को अपना एक द्वीप महज 40 लाख डॉलर में 50 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। वर्ष 2017 में चीन के साथ मुक्त व्यापार समझौता भी मालदीव ने किया।

80 के दशक के दौरान मालदीव की सत्ता पर आसीन मोमून अब्दुल गयूम के खिलाफ तख्तापलट की कोशिशों को निरस्त करने के लिए 'ऑपरेशन कैक्टस' चलाया गया। इसके बाद के वर्षों में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भारत की प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया। भारत की मालदीव के प्रति विदेश नीति में क्रांतिकारी परिवर्तन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में आया। लगभग एक दशक के बाद भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी का मालदीव दौरा दोनों देशों के बीच रिश्तों की प्रगाढ़ता को स्थापित करने में सहायक सिद्ध हुआ। वर्ष 1995 के बाद इतने वर्षों के अंतराल के बाद अटल जी की यात्रा कई मायनों में वर्ष 2023 में महत्वपूर्ण रही। हिंद महासागर क्षेत्र में सामरिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मालदीव में, "इंडिया फर्स्ट" की नीति अपनाने वाले राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराकर,निर्वाचित नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार और जेल से छूटकर आए पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन ने उन सभी सकारात्मक पहलों पर प्रश्न चिह्न लगा दिया है,जो इतने वर्षों तक मालदीव के सामाजिक,आर्थिक,शैक्षिक,पर्यावरणीय विकास के लिए भारत द्वारा की गई हैं। हालांकि भारत के लिए यह ऐसा पहला अनुभव नहीं है। इससे पहले भी वर्ष 2008 के चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद और वर्ष 2013 चुनाव में निर्वाचित राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन भी चीन के प्रति झुकाव को प्राथमिकता देते थे।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि विभिन्न विकास प्रोजेक्ट से लेकर कैंसर हॉस्पिटल निर्माण तक भारत ने एक अच्छे पड़ोसी और समावेशी विकास की नीति के चलते मालदीव को हर संभव मदद की है। बंदरगाहों के निर्माण से लेकर, मजबूत कनेक्टिविटी तक, सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस राष्ट्र के लिए भरसक प्रयास किए गए हैं। वर्तमान हालातों में केवल मालदीव का विरोध नहीं,बल्कि सार्थक चर्चाओं और कूटनीति के आधार पर इसका समाधान होना चाहिए। लक्षद्वीप के विकास में पर्यटन,इस मॉडल को मालदीव के मॉडल से भलीभांति अध्ययन कर, वहां से काफी कुछ सीखा जा सकता है। भावावेश में विरोध की राजनीति के इतर हमें बातचीत द्वारा इसे सुलझाने का प्रयास करना चाहिए। आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से मालदीव से खराब रिश्ते किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं किए जा सकते।

सोशल फोरम

आसान है अच्छा इंसान बनना

जिंदगी में सब कुछ हुआ मेरी, मगर मैं कभी कुंठित नहीं हुआ। कुंठा और मेरा, वैसा ही साथ रहा जैसे ओस और धूप। मुझे लगता है कि अगर मुझमें कुंठा जन्मी,तो हम खत्म हो गए। नाराजगी में तो बात की गुंजाइश रहती है, कुंठा में बात की गुंजाइश को ही तो घुन लग जाता है।

हफीज किदवई
लेखक

सैकड़ों बातें मेरे मन की नहीं होती। मेरे बहुत करीबी लोग,बहुत बार मेरे ठीक उल्टा सोचते हैं। तो क्या करें,उन्हें उलट-पुलट करके अपने जैसा ही बना दें या कहिए उनसे मन में गंदगी पाल लें। हमसे यह दोनों नहीं होता,सबसे बड़ी बात न मक्कारी होती है और न ही हम कुंठित होते हैं।

एक बात जान लें,दुनिया की बड़ी से बड़ी लड़ाई, कुंठा से नहीं लड़ी जा सकती है। कुंठित व्यक्ति हमेशा अपने पक्ष की दीमक ही बनता है। हमें न लोगों से चिढ़ है और न ही उनके बदलते रवैय्ये से कोई कुंठा। एक बात और मेरा अगर कोई दुश्मन भी है तो हम यह कतई नहीं चाहेंगे कि सब उससे लड़ने लगे। मेरा दुश्मन मेरा दुश्मन है। हमें उससे लड़ना है, न कि उसे अकेला करने का कुंठित प्रयास करना है।

हमसे बहुत गलतियां होती हैं। लोगों को समझने में गलती करते हैं,मगर कभी इस बात पर कुंठित नहीं होते। सब मेरे ख्याल के नहीं हो सकते और न ही हम सबके ख्याल के हो सकते हैं। एक अंतिम बात, हमने जिंदगी में इतना एहतियात हमेशा बरता है कि दुश्मन से लड़ते लड़ते,दुश्मन जैसे न बन जाए।

बाकी आपका जो जी चाहे, वह समझें। हमें जो पसंद है,वह किसी का भी दुश्मन हो,मेरा नहीं होगा। मैं उसके खिलाफ हो सकता हूं,मगर उसके प्रति कुंठित नहीं होऊंगा। हमें यह व्यवहार ही सबसे बुरा लगता है कि जो हमारा सगा नहीं,वह दुनिया का सगा नहीं। दुनिया बहुत बड़ी है, लोग बहुत खूबसूरत हैं। जमाना अच्छे लोगों से खाली नहीं है। हो सकता है अच्छा दोस्त,अच्छा इंसान मिलना बहुत मुश्किल हो,मगर अच्छा दोस्त या अच्छा इंसान बनना तो बहुत आसान है। इसकी पहली शर्त है कुंठा छोड़ दो...

-फेसबुक वॉल से

राम का विवेक

अयोध्या कांड को पूरी कथा का मर्म कहा गया है। उसका एक कारण यह है कि पूरी कथा संरचना में यहां पर एक बहुत ही रोचक मोड़ आता है और दूसरा यह है कि समाज में संदेश बहुत ही प्रभावी ढंग से संप्रेषित होता है,पर यहां पर अधिकांश संदेश राम और भरत ही देते हैं। चित्रकूट प्रसंग जो उदात्तता की चरम सीमा को दर्शाता है उसमें किसी महिला पात्र का कोई विशेष योगदान नहीं दिखता है। पूरे संवाद रचना में प्रमुख रूप से राम, भरत, लक्ष्मण,निषादराज,वशिष्ठ ही दिखते हैं। कैकेयी का पश्चाताप तो है,पर वह मुखर नहीं होता। कई बार लगता है,यह सायास है। कैकेयी का पश्चाताप इतना घोर है कि वह अभिव्यंजित नहीं हो सकता शब्दों से। कैकेयी का मौन संभवतः भरत की तीव्र प्रतिक्रिया के कारण आया। वरदान देने के बाद पति विमुख पहले ही चुके थे,राम के शोक में प्राण त्याग दिए,पुत्र ने त्याग दिया- पश्चाताप मात्र मौन से ही हो सकता था जितनी आक्रामक कैकेयी दशरथ के साथ वचन लेते समय होती हैं,उसकी तुलना में पश्चाताप पर उनकी मौन अभिव्यक्ति है। किसी भी महिला पात्र की भूमिका पूरे प्रसंग में कुछ विशिष्ट उल्लेखनीय नहीं है।

वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

राम के चरित्र निर्माण पर गोस्वामी जी ने विशेष ध्यान दिया है। इंद्र पुत्र जयंत के दुस्साहस पर राम ने सीता के सम्मान को ध्यान में रखते हुए उस पर प्रत्यंचा का प्रयोग किया। उसने सीता के चरणों में एक कौए का वेश धरकर आक्रमण किया। सीता के पैर से हुए रक्तस्त्राव पर राम इतने कुपित हुए कि राम के बाण ने उसका पीछा तीनों लोक में किया और अंत में उसके द्वारा क्षमा मांगने पर भी उसको एक नेत्र से हीन कर दिया,पर जब सूपनखा ने सीता पर आक्रमण का प्रयास किया तब राम का रोष लक्ष्मण के माध्यम से निकला।

राम के चरित्र में स्त्री पर हमले का अंश नहीं था। वह स्त्री का बहुत सम्मान करते थे। चाहे वह राक्षसी ही क्यों न हो?

वह परशुराम के क्रोध पर शांत रहते हैं। लक्ष्मण के रोष को नियंत्रित करते हैं। राम महिलाओं , ज्ञानियों एवं मुनियों पर न तो वचन से और न ही पौरुष से कोई आक्रमण करने में विश्वास रखते हैं। लक्ष्मण प्रायः अपने आप पर से नियंत्रण खो देते हैं। कई बार उनके संवादों से उनके अहम का भी अहसास होता है। वह अकसर यह कहते हुए दिखते हैं कि अगर प्रभु की आज्ञा हो तो वह कुछ भी कर सकते हैं,पर राम ऐसा कहते हुए कभी नहीं दिखते। राम में नम्रता का अपार सागर है। वह सिंधु राज पर भी क्रोध करने के पूर्व उससे विनती करते हैं।

'विनय न मानत जलधि जड़ गए तीन दिन बीत। बोले राम सकोप तब भय बिनु होय न प्रीति।।' यह पंक्ति राम की नम्रता के बारे बहुत सुंदर अभिव्यक्ति देती है। वह कोप करने के पहले भी तीन दिन तक विनय करते हैं। उनका रोष अकारण हो ही नहीं सकत,पर जब सिंधुराज प्रकट होकर क्षमा याचना करते हैं तो राम उसे स्वीकार करते हैं। राम का विवेक अयोध्याकांड से लेकर लंका कांड तक पूरी घटनाक्रम को संचालित करता है। वह किसी भी अवसर पर अधीर नहीं होते। राम के पराक्रम का ही नहीं उनके वंदनीय विवेक का युग भी सघन जंगलों में गतिशील है।

समृद्धि की वाहक शिक्षित नारी

नारी शिक्षा समाज के विकास के लिए आवश्यक है,क्योंकि एक समर्पित, ज्ञानवान और आत्मनिर्भर महिला समाज की स्थिति को सुदृढ़ करती है। नारी शिक्षा का महत्व इसलिए भी बहुत है,क्योंकि यह महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक और उन्हें स्वतंत्रता का एहसास दिलाती है। संस्कृत में कहा गया है "नास्ति विद्यासमं चक्षुर्नास्ति मातृ समो गुरुः" अर्थात् इस दुनिया में विद्या के समान नेत्र नहीं है और माता के समान गुरु नहीं है।

शालिनी मिश्रा
बरेली

बालक के विकास पर प्रथम और सबसे अधिक प्रभाव उसकी माता का ही पड़ता है। माता ही अपने बच्चे को पहली अध्यापक होती है। बालक का प्रारंभिक ज्ञान पत्थर पर बनी अमिट लकीर के समान जीवन का स्थाई आधार बन जाता है। समाज में बाल अपराध बढ़ने का कारण बालक का मानसिक रूप से विकसित न होना है। यदि मां शिक्षित नहीं होगी तो एक स्वस्थ समाज का निर्माण एवं विकास संभव नहीं हो सकेगा। पुरुष और स्त्री इस समाज के एक सिक्के के दो पहलु हैं तो फिर शिक्षा भी एक समान प्राप्त होनी चाहिए। जिस तरह पुरुष का शैक्षिक जीवन इस समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण है,उसी प्रकार नारी शिक्षा भी देश के हित के लिए आवश्यक है। किसी भी तरह की नकारात्मक सोच इस समाज के विकास का रोड़ा बन सकती है। आज के इस युग में स्त्री पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं। हर एक क्षेत्र में नारी आज कुशल है,वह घर की देखभाल के साथ-साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अडिग है। भारत में महिला साक्षरता की अहम जरूरत है।

महिलाओं के शिक्षित हुए बिना हम देश के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना भी नहीं कर सकते। परिवार, समाज और देश की उन्नति में महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। भारत के लोकतंत्र को सफल बनाने का एकमात्र रास्ता यही है कि महिलाओं तथा पुरुषों को शिक्षा हासिल करने के लिए बराबरी का हक दिया जाए। शिक्षित महिलाएं ही देश,समाज और परिवार में खुशहाली ला सकती है।

सार-संक्षेप

बसभीड़ा के अशोक कुमार ने नेट उत्तीर्ण किया

बैरती। निकटवर्ती बसभीड़ा के गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले मेधावी छात्र अशोक कुमार पुत्र उमेश कुमार ने यूजीसी नेट परीक्षा (हिन्दी विषय) से उत्तीर्ण की है। अशोक कुमार की प्रारंभिक शिक्षा बसभीड़ा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय से शुरू हुई। राजकीय इंटर कालेज महाकालेश्वर से हाईस्कूल व इंटर करने के बाद सोबन सिंह जीना कैंपस (अब विश्वविद्यालय) अल्मोड़ा से स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण की। वह अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता- पिता एवं गुरुजनों को देते हैं। प्रधानाचार्य नव प्रभात हाईस्कूल बसभीड़ा किरन पांडेय, ग्राम प्रधान संगठन चौखुटिया के ब्लॉक अध्यक्ष पवन पांडेय, कैलाश रौतेला, हरीश चन्द्र पांडेय, मनीष कंडारी, चन्द्र लाल वर्मा, दीनदयाल वर्मा, प्रधान दिवाकर चौधरी, जगत सिंह किरौला, मोहन सिंह किरौला, मंगल फुलारा, संतोष चौधरी आदि ने अशोक को बधाई दी है।

शिविर में 1050 हस्तशिल्पियों के आवेदनों का सत्यापन

बैरती। गोपाल दत्त शिक्षण समिति चौखुटिया अल्मोड़ा के बैरती-पान स्थित शाखा केंद्र पर शिल्पियों के सत्यापन के लिए शिविर लगाया गया। इसमें क्षेत्र के शिल्पियों ने अपनी अपनी उपस्थिति दी। उत्तराखंड विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय बैरती-पान में दो दिवसीय शिविर लगाया गया। चौखुटिया एवं द्वाराहाट विकासखंडों के 1050 हस्तशिल्पियों द्वारा जमा आवेदनों का शिविर में सत्यापन किया गया। शाखा प्रभारी एडवोकेट अशोक कुमार ने बताया कि क्षेत्र के विकास में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनका योगदान सुनिश्चित करने की उद्देश्य को लेकर संस्था कार्य कर रही है। हस्तशिल्पयों का उत्थान संस्था का प्रमुख लक्ष्य है। शिविर में हस्तशिल्प प्रमोशन अधिकारी गब्रियाल, पूर्व विधायक महेश नेगी एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों व शिल्पियों ने भागीदारी की। शाखा प्रभारी एडवोकेट अशोक कुमार ने बताया कि संस्था से संबद्ध सभी शिल्पियों को परिचय पत्र प्रदान किये जाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

आर्थिक आधार पर आरक्षण देने की उठाई मांग

अल्मोड़ा। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याणकारी संस्था ने अल्मोड़ा में बैठक का आयोजन किया। बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। सदस्यों ने सरकार से जल्द समस्याओं ने निदान की मांग की। तिलाड़ी गांव में हुई संस्था की बैठक में सदस्यों ने आर्थिक आधार पर आरक्षण देने, मूल निवास व स्थाई निवास प्रमाण पत्र निर्गत करने, जंगली जानवरों से रक्षा करने के लिए हर ग्राम पंचायत में दो-दो व्यक्तियों को नियुक्त करने, आईटीआई केंद्रों में कम से कम पांच ट्रेडों की व्यवस्था करने, बिलों का भुगतान मासिक रूप से करने, बाड़ेछीना बमन तिलाड़ी मार्ग को गैराड़ बैंड में लिंक करने आदि की मांग की। बैठक में अध्यक्ष जमन सिंह देवड़ी, महासचिव लक्ष्मण सिंह बोरा, शिवराज सिंह सुप्याल आदि मौजूद रहे।

सल्ट में गुलार पेयजल योजना ठप, नहीं हो रही पानी की आपूर्ति

अल्मोड़ा। जिले के विकास खंड सल्ट में इन दिनों पेयजल संकट गहराया है। विकास खंड के एक बड़े क्षेत्र को पेयजल आपूर्ति करने वाली गुलार पेयजल योजना से पिछले एक सप्ताह से एक बूंद पानी नहीं टपक रहा है। जिस कारण लोगों को कड़ाके की ठंड में दूरदराज से पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। जिले के दर्जनों गांवों को गुलार करगेत पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन पिछले एक सप्ताह से इस योजना से पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जिस कारण क्षेत्र के गांवों में पेयजल का संकट बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की आपूर्ति ना हो पाने के कारण कड़ाके की ठंड में उन्हें दूरदराज से पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है, लेकिन विभाग के अधिकारियों से कई बार की शिकायत के बाद भी पेयजल समस्या दूर नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि गुलार पेयजल योजना में अक्सर फाल्ट आने के कारण लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ता है, लेकिन अधिकारी इस समस्या का स्थाई निदान करने में लगातार नाकाम साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं की गई तो वह विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मोर्चा खोल देंगे।

ऊर्जा की खपत कम करने के लिए खोजने होंगे वैकल्पिक स्रोत

अल्मोड़ा। गोविंद बल्लभ पंत राष्टीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान की ओर से डीआईटी देहरादून में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वैज्ञानिकों ने पैसिव सोलर हीटेड बिल्डिंग्स के इस्तेमाल से कार्बन संतुलन में मदद मिलने की बात कही। साथ ही सर्दियों में ऊर्जा की खपत कम करने के लिए हमें वैकल्पिक स्त्रोत तलाशने की जरूरत पर भी जोर दिया। डीआईटी देहरादून में हुई कार्यशाला का विषय एडवांसर्गेट्स इन पैसिव सोलर हीटेड बिल्डिंग डिजाइन एंड परफॉर्मेस असेसमेंट रहा। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय हिमालयी क्षेत्र को सर्दियों के समय कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सर्दियों में पारंपरिक बॉयोमास का इस्तेमाल कार्बन उत्सर्जन को बढ़ाता है। इससे पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है। विशेषज्ञों ने पैसिव सोलर हीटेड बिल्डिंग्स यानी निष्क्रिय सौर भवन की क्षमता पर चर्चा की। ऊर्जा विज्ञान उत्कृष्टता केंद्र शूलिनी विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. एसएस चंदेल ने कहा कि पैसिव सोलर हीटेड बिल्डिंग्स से कार्बन संतुलन और टिकाऊ ऊर्जा प्रबंधन में मदद मिलेगी। सभी विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, नीति नियोजकों ने इन बिल्डिंग्स को अपनाने पर जोर दिया। परियोजना कार्यान्वयन में नीति निर्माताओं को शामिल करने और बिल्डिंग्स के आर्थिक व पर्यावरणीय लाभों के बारे में स्थानीय लोगों को जागरूक करने को कहा। साथ ही प्रोद्योगिकी को आगे बढ़ाने में आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की।

पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया

टनकपुर। पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार किया है। मोहित सिंह पुत्र हीरा सिंह निवासी ग्राम उचौलीगोठ, टनकपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। उक्त वारंटी काफी समय से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। अभियुक्त को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

केंद्रीय विद्यालय की छात्रा सुमेधा देहरादून में सम्मानित

छात्र सुमेधा।

बनबसा। राष्ट्रीय बालिका दिवस पर केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 कैंट की छात्रा सुमेधा उपाध्याय को देहरादून में सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं की छात्रा सुमेधा उपाध्याय को बाल विधानसभा 2022 कार्यकाल में सराहनीय कार्य के लिए बुधवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने सम्मानित किया। सुमेधा को राज्यपाल की ओर से सम्मानित किए जाने पर विद्यालय के प्राचार्य चन्दन सिंह पिलखवाल, विद्यालय प्रबंध समिती के अध्यक्ष कर्नल आलोक आनंद, शिक्षक प्रकाश पंत के अलावा विद्यालय प्रबंध समिति के अन्य तमाम सदस्यों और शिक्षकों ने सुमेधा की प्रशंसा की।

सख्त भू-कानून लागू करने को जोरदार प्रदर्शन

भिकियासैंण में निकाली स्वाभिमान रैली , बाहरी लोगों के लिए भूमि की खरीद फरोख्त का रास्ता खोलने का आरोप

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : प्रदेश में सख्त भू-कानून, मूल निवास और अनिवार्य चकबंदी लागू करने की मांग को लेकर विभिन्न संगठनों की ओर से भिकियासैंण में स्वाभिमान रैली का आयोजन किया गया। रैली में भिकियासैंण, चौखुटिया, सल्ट, स्याल्दे, भतरौंजखान, द्वाराहाट और रानीखेत के लोगों ने प्रतिभाग किया। रैली के दौरान लोगों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन किया और शीघ्र अपनी मांगों पर कार्रवाई करने की मांग उठाई। कार्रवाई ना होने पर प्रदर्शन कारियों ने प्रदेश व्यापी आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

प्रदर्शन के बाद आयोजित सभा को संबोधित कर कृषक बागवान उद्यमी संगठन के दीपक करगेती ने प्रदेश में सख्त भू-कानून के साथ साथ अनिवार्य चकबंदी की मांग की और 28 जनवरी को हल्द्वानी में आयोजित होने वाली विशाल रैली सफल बनाने का आह्वान किया। भू-कानून और मूल निवास संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी व लुशन टोडोरिया ने 2018 के विधानसभा प्रस्तावों को रद्द करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस संशोधन ने राज्य में बाहरी लोगों के भूमि खरीद के रास्ते खोल दिए हैं। वरिष्ठ आंदोलनकारी चारु तिवारी ने सरकार से तत्काल भू-कानून के लिए बनाई गई। कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक कर उत्तराखंड में सख्त भू-कानून लागू करने, मूल निवास 1950 लागू करने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 23 सालों में उत्तराखंड की अंदरूनी हालत खोखली हो चुकी है।

तिवारी ने कहा कि सरकारें इन्वेस्टर समिट के नाम पर बाहरी लोगों के लिए उत्तराखंड में भूमि के खरीद फरोख्त के रास्ते खोल दिए हैं, इसलिए ऐसे में राज्य की स्थिति बद से बदत्तर होने में देर नहीं लगेगी। प्रदर्शन और सभा में मनीष सुंदरियाल, कपिल खुल्वै, भोपाल सिंह रावत, नारायण सिंह रावत, धनगढ़ी पुल संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुनील टम्टा, दीपक ढौंढियाल, प्रांजल ढौंडियाल, रब्बू रौतेला, पुष्कर पाल, आनंद नाथ, राकेश बिष्ट आदि आंदोलनकारी मौजूद रहे।

भिकियासैंण में धरने पर बैठे आंदोलनकारी। ● अमृत विचार

मोटर मार्ग का निर्माण ना हुआ तो करेंगे आंदोलन

अल्मोड़ा। राज्य आंदोलनकारी संगठन ने मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग के मंत्री और जिलाधिकारी को पत्र भेजकर विकास खंड धौलादेवी के तोली बरतोली मोटर मार्ग के शीघ्र निर्माण की मांग उठाई। संगठन ने कहा कि मार्ग का निर्माण नौ साल पहले शुरू किया था, जो पूरा नहीं हो पाया है। संगठन ने कहा है कि अगर इस मार्ग का कार्य शीघ्र पूर्ण नहीं किया गया। तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क मार्ग स्वीकृत होने के बाद भी जनसंख्या को मुख्य मार्ग तक आने के लिए पैदल चलना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी रोगियों को अस्तपाल पहुंचाने में होती है। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर 15 दिनों के अंदर इस मार्ग का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। पत्र में ब्रह्मानंद डालाकोटी, सदस्य जिला पंचायत शिवराज बनौला, दौलत सिंह बगड़वाल, राम सिंह, रवि कुमार, दिनेश सिंह समेत अनेक लोगों के हस्ताक्षर हैं।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर होगी क्रॉस कंट्री

अल्मोड़ा। प्रभारी जिला क्रीड़ाधिकारी अरुण बनग्याल ने बताया कि गणतन्त्र दिवस पर खेल निदेशालय, देहरादून एवं जिला प्रशासन अल्मोड़ा के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा ओपन पुरुष, महिलाओं की क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ 25 जनवरी प्रातः साढ़े सात बजे से चौघानपाटा अल्मोड़ा से करबला और पुलिस लाइन से वापस होते देवदार होटल से चौघानपाटा तक आयोजित की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 26 और 27 जनवरी तक प्रातः 11 बजे से अंडर 11, अंडर 13, अंडर 15 बालक, बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता का भी आयोजन हेमवती नन्दन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों को जिला खेल कार्यालय में आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र जमा करना होगा। क्रॉस कंट्री दौड़ में प्रथम से 10 स्थान प्राप्त करने वाले विजेता, उपविजेता धावकों को खेल विभाग द्वारा आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

ताला तोड़कर देवी मंदिर से कीमती वस्तुएं चोरी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : सल्ट के टुकनोली गांव में स्थित देवी मंदिर में चोरों ने ताला तोड़कर मंदिर से कीमती चीजें चोरी कर लीं। ग्रामीणों ने चोरी की जानकारी थाना सल्ट को दी है।

थाना सल्ट में दी तहरीर में ग्रामीणों ने कहा कि गांव में देवी का मंदिर है। बीते दिनों चोरों ने मंदिर का ताला तोड़कर चांदी के मुकुट, दान पात्र में रखे चढ़ावा और चांदी के अन्य आभूषणों पर हाथ साफ कर लिया। ग्रामीणों ने कहा कि मंदिर के गांव से थोड़ी दूरी पर होने के कारण चोरों ने इसका फायदा उठाया। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने शीघ्र मामले का खुलासा कर दोषियों को सजा देने की मांग की है। तहरीर में गोपाल सिंह तड़ियाल, फकीर सिंह, प्रेम सिंह, सुरेंद्र सिंह, सोबन सिंह, बचे सिंह रावत, चंदन सिंह, जगत सिंह, नंदन सिंह, ग्राम प्रधान शिवानी, रेनू, पुष्कर सिंह, दुर्गा देवी, कविता देवी आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

शव के दाह संस्कार को लेकर विवाद, 15 दिन में होगी बैठक

रानीखेत। चिलियानौला नगर पालिका क्षेत्र में स्थित मुक्तिधाम में वृद्धा का शव दाह करने को लेकर विवाद पैदा हो गया। बुधवार को ग्राम बधाण की 80 वर्षीय महिला मोहिनी देवी पत्नी स्वर्गीय आन सिंह का देहांत हो गया। महिला के परिजन हैड़ाखान चिकित्सालय से लगे मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इस बीच मुक्तिधाम से जुड़े आदर्श कॉलोनी के लोग वहां आ गए। वह लोग यहां अंतिम संस्कार नहीं करने दे रहे थे। इसकी भनक लगते ही ग्राम बधाण के लोग भी यहां आ धमके। दोनों ही पक्षों के बीच विवाद बढ़ने लगा। पुलिस व राजस्व विभाग के तहसीलदार हेमंत मेहरा यहां पहुंचे। ग्राम बधाण के लोगों का कहना था कि बोरा जाति का यह मुक्तिधाम बरसों पुराना है। वह लोग मृतक वृद्धा का अंतिम संस्कार यही पर करेंगे। तय हुआ कि 15 दिन के अंदर बैठक बुलाई जाएगी जिसमें नगर पालिका अलग से मुक्तिधाम स्थल का चयन करेगी व निर्माण कार्य का वहन खुद करेगी। तब जाकर मामला शांत होने पर मृतक के परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

टनकपुर : कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान टनकपुर क्षेत्र की एक महिला को 2 .25 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। गांव मनिहारगोठ क्षेत्र से 19 वर्षीय रीना गुप्ता पत्नी यश गुप्ता निवासी पूर्णागिरि विहार, टनकपुर के कब्जे से स्मैक बरामद हुई। उसे गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध कोतवाली टनकपुर में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाएं : डीएम

संवाददाता, चम्पावत

अमृत विचार : जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जनपद मे शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं पूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी रवि सनवाल एवं एसीएमओ डॉ. कुलदीप को सीएचओ, आशा, एएनएम, सम्बंधित सस्ते राशन के डीलर एवं ग्राम प्रधान को संयुक्त टीम बनाकर रोस्टर से शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाकर आयुष्मान गांव घोषित करने के निर्देश दिए।

डीएम ने मास्टर ट्रेनर को तीन दिन के भीतर समस्त खाद्यान्न गोदाम में पूर्ति निरीक्षको को रोस्टर के तहत ऑपरेटर लॉगिंग, लॉगिंग आईडी के अलावा आयुष्मान कार्ड बनाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी रवि सनवाल एसीएमओ डॉ. कुलदीप आदि मौजूद रहे।

100 मीटर दौड़ में लता प्रथम

संवाददाता, बनबसा

अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय बनबसा में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा ने किया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन 100 मीटर छात्रा दौड़ में लता टम्टा प्रथम, पूजा महर द्वितीय स्थान पर रही। छात्र वर्ग की 100 मीटर दौड़ में सोहेल मंसूरी प्रथम, प्रियांशु मेहरा द्वितीय स्थान पर रहे।

200 मीटर छात्रा वर्ग दौड़ में पूनम भंडारी प्रथम, पूजा महर द्वितीय स्थान पर रही। छात्र वर्ग 200 मीटर दौड़ में मोहम्मद सारिक प्रथम और अमित रेन सवाल ड्यूटी स्थान पर रहे, 400 मीटर छात्रा वर्ग दौड़ में पूनम भंडारी प्रथम, पूजा महर द्वितीय स्थान पर रही। छात्र वर्ग 400 मीटर दौड़ में रोहित प्रथम स्थान, सुंदर बिस्ट द्वितीय स्थान पर रहे, 800 मीटर छात्रा वर्ग के दौड़ में निशा भट्ट प्रथम स्थान, पूजा महर द्वितीय स्थान पर रही। 800 मीटर छात्र वर्ग दौड़ में सुंदर बिष्ट प्रथम, कुणाल द्वितीय रहे। भाला फेंक छात्रा वर्ग में पूजा महर प्रथम, लता टम्टा द्वितीय स्थान पर रही। चक्का फेंक छात्रा वर्ग में पूजा महर प्रथम, स्वाति गंगवार द्वितीय स्थान पर रही। छात्र वर्ग चक्का फेंक में मोहम्मद सारिक प्रथम, प्रीतम द्वितीय स्थान पर रहे। गोला फेंक छात्रा वर्ग में पूजा महर प्रथम स्थान, निशा भट्ट द्वितीय स्थान पर रही। गोला फेंक छात्र वर्ग में मोहम्मद सारिक प्रथम, मोहम्मद ओवैस द्वितीय स्थान पर रहे। हैमर थ्रो छात्र वर्ग में सोहेल मंसूरी प्रथम, मोहम्मद सारिक द्वितीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद छात्रा वर्ग में लता टम्टा प्रथम, पूजा महर द्वितीय स्थान पर रही। ऊंची कूद छात्र वर्ग में अमित प्रथम, सोहेल मंसूरी द्वितीय स्थान पर रहे। लंबी कूद छात्रा वर्ग में लता टम्टा प्रथम, पूजा महर द्वितीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता के दौरान दौड़ लगातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

एसएसजे परिसर की आरती ने बॉक्सिंग में जीता कांस्य

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : एसएसजे विवि की बॉक्सर आरती धारियाल ने एलपीयू जालंधर में हुई अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय बॉक्सिंग महिला प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। आरती धारियाल ने पहले मैच में केवीपीयूएम की सरबनी, दूसरे मैच में सीडीएल विवि की प्रतिभा और यूओकेके विवि की निशा को हराया। आरती की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट, कुल सचिव डा. भास्कर चौधरी, वित्त अधिकारी एके त्रिपाठी, परीक्षा नियंत्रक डा. मुकेश सामंत, देवेंद्र पोखरिया, आनंद सिंह, डा. ललित जोशी, प्रेम लटवाल, पंकज कुमार व अन्य खेल प्रेमियों ने आदि ने बधाई दी है।

वर्ग पहेली-323

बाएं से दाएं

1.1. वायु, हवा, पवन, समीर 2. जगत का प्राण 3. (पुराण) वायु के अधिपति देवता।

4.1. विवाद, झगड़ा, कलह 2. अंकुर, अंखुआ 3. स्वर्ण, सोना 4. युद्ध 5. एक तरह का केला 6. कपाल 7. कलध्वनि, मधुर ध्वनि।

6.1. छोटा डोल, बालटी जैसा बरतन 2. फल-फूल आदि ढोने के लिए उपयोग किया जाने वाला बेंत या बांस के तनों से निर्मित तीलियों का बना गहरा बरतन।

7.1. कपड़े आदि पर ज़री के बेल-बूटों का काम 2. वह कपड़ा जिसपर ज़री

8.1. छोकरा, लड़का, बालक 2. छिछोरा नवयुवक।

ऊपर से नीचे

2. भोजन में प्रयुक्त होने वाला मसाला, दारचीनी।

3. सफ़ेद टुकड़ों में प्राप्त किया जाने वाला बाँस का सारभाग जिसका प्रयोग औषधि के रूप में होता है।

4. परिवार नियोजन तथा सुरक्षित यौन संबंध के लिए पुरुषों व स्त्रियों द्वारा प्रयोग की जाने वाली एक तरह की थैली, एक गर्भनिरोधक उपकरण।

5. मोटी तह

7. जीव विज्ञान की एक शाखा जिसमें जीवों के विभिन्न अंगों की आंतरिक क्रियाओं एवं उनके परिणामों का अध्ययन किया जाता है, (फ़िज़ियोलॉजी)।



वर्ग पहेली - 322 का हल

1 ल		2 मू	3 स	ली
हु	4 घ		ज	
रा	ह		वा	
5 नि	र	ख	ना	
6 काँ	ख	ना		7 के
	र	8 लं	ब	क
	ना			ड़ा

सुडोकू -40

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

							2	
4		3		6	1		8	
5		7	8	2				9
		9			5		1	
	5		3		8		7	
	8		4			5		
8				5	2	1		3
	6		7	3		4		8
	3							

सुडोकू - 39 का हल

5	3	2	4	8	6	1	7	9
7	8	9	1	2	5	3	4	6
6	1	4	9	3	7	8	5	2
8	9	3	6	4	2	5	1	7
4	6	5	7	1	8	9	2	3
1	2	7	3	5	9	4	6	8
9	5	8	2	6	4	7	3	1
2	7	1	5	9	3	6	8	4
3	4	6	8	7	1	2	9	5

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 जनवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-पूर्णिमा 23 .23 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11 .57-12 .40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10 .31-11 .14, 14 .50-15 .33 तक।

दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुनर्वसु 08 .16 तक तत्पश्चात पुष्य।

मेष — आज घर में नकारात्मकता हावी हो सकती है। पति-पत्नी के बीच अहम को लेकर टकराव हो सकता है। जितना शांत0 रहेंगे उतना अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए।

वृष — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आप काफी शान्त रहेंगे। आय के नए स्रोत बन सकते हैं। सभी काम सुचारु रूप से पूर्ण होंगे। इससे आपकी आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है।

मिथुन — आज धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है। धार्मिक स्थल में पर्यटन के लिए जा सकते हैं। कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा।

कर्क — आज सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। शोध कार्यों से जुड़े कार्यों में सफलता मिल सकती है। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

सिंह — आज कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है। अनावश्यक खर्च करने से आपको बचना चाहिए। दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए।

कन्या — आज तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हाथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा।

तुला — आज व्यापार में नया निवेश कर सकते हैं। आप परोपकार में धन खर्च करेंगे। ऑफिस आपका काफी अच्छा प्रदर्शन होगा। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे।

वृश्चिक — आज निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रिनया वाहन खरीद सकते हैं। व्यापार में लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर लेंगे। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी।

धनु — आज अपनी भावनाओं को सभी के समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहजमी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आपको उबाने वाली यात्रा करनी पड़ सकती है।

मकर — आज आर्थिक स्थिति को लेकर संतुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे।

कुंभ — आज समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी। परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें।

मीन — आज नया कार्य शुरू करने से बचें। विवाहेतर संबंधों से आपको बचना चाहिए। पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुरे लोगों की संगत से आपको बचना चाहिए। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

आज की फिल्में

इंसानियत — सुबह : 11 .40

ब्लैकमेल — रात : 07 .20

दीवाना मैं दीवाना — सुबह : 08 .49

भूल भूलैया 2 — रात : 07 .00

सिसु — सुबह : 10 .21

जॉम्बीलैंड — रात : 09 .00

दस्तक — दोपहर : 01 .30

हाईवे ड्रीम्स — रात : 10 .00

चेन्नई एक्सप्रेस — सुबह : 09 .52

हम्टी शर्मा की दुल्हनियां — रात : 07 .00

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-07 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने गली के कोने में कचरा फेंक दिया।
थोड़ी देर बाद वो घूम फिर कर गली में ही वापस आया, तो मोहल्ले वाले आपस में लड़ने लगे कि कचरा किसने फेंका?
एक औरत ने गुस्से से कहा -फेंका होगा किसी कुत्ते के बच्चे ने।
पप्पू हंसा और बोला- कचरा मैंने फेंका और नाम कुत्ते के बच्चे का आ गया।

पप्पू साइकिल से जा रहा था।
अचानक एक लड़की से भिड़ गया।
लड़की- घंटी नहीं मार सकता था बे
पप्पू – अबे मैंने पूरी साइकिल मार दी अब क्या घंटी अलग से मारूं।

मुंबई कौथिग उत्तराखंड के लिए समर्पित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुंबई में आयोजित मुम्बई कौथिग सीजन-15 का शुभारंभ कर कहा

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नवी मुंबई में आयोजित 'मुम्बई कौथिग सीजन-15' में प्रतिभाग कर कौथिग का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार का कौथिग उत्तराखंड के पर्यटन, विकास और स्वरोजगार को समर्पित है। यह अद्वितीय आयोजन जहां एक ओर पर्यटकों को उत्तराखंड की सुंदरता से परिचित कराएगा। वहीं, उत्तराखंड के चहुंमुखी विकास और पर्यटन की अपार संभावनाओं को भी प्रमोट करेगा। सागर और पर्वतों के बिना हमारी जीवन रूपी रेखा अधूरी है। जैसे मुंबई के सागर की लहरें और हमारे उत्तराखंड के पहाड़, दोनों हमें कुछ न कुछ सीखने के लिए प्रेरित करते हैं।

दोनों की गंभीरता, दोनों की सुंदरता, दोनों की शालीनता हमें सीख देती है कि चाहे कुछ भी हो जाए

मुम्बई कौथिग सीजन-15 का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

,जीवन में हारना नहीं है। यह संबंध हमें यह भी याद दिलाता है कि हम सभी, चाहे कहीं भी हों, एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। यहां पर पहाडों के लोक गीत, लोक नृत्य और संस्कृति के विविध रूप दर्शकों को देखने के लिए मिल रहे हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारी युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत की ताकत को पहचानेगी तथा इसके विस्तार के लिए आगे आएगी। कहा कि, हमारी सरकार अपनी लोक संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए गंभीर प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब-जब उत्तराखंड के दौरे पर आते हैं तो इस बात का विशेष रूप से जिक्र करते हैं कि 21 वीं सदी का यह तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। प्रधानमंत्री के कहे अनुसार उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए हमारी सरकार निरंतर प्रयासरत है। अभी हाल ही में देहरादून में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था, जिसके लिए ढाई हजार करोड़ के एमओयू का हमने लक्ष्य तय किया था लेकिन हमने इससे कहीं ज्यादा साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये के न केवल एमओयू किये बल्कि अब तक लगभग 46 हजार करोड़ की ग्राउंडिंग भी हो चुकी है।

प्रवासियों से आह्वान, न भूलें बोली-भाषा

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि कौथिग के इस मंच पर आज उत्तराखंड के मुख्य सेवक के रूप में खड़ा हूं तो ये इस बात का द्योतक है कि हम तरक्की कर रहे हैं। उन्होंने प्रवासियों से आह्वान किया कि आप अपनी बोली-भाषा, संस्कृति और संस्कारों को न भूलें क्योंकि जो समाज अपनी बोली भाषा और संस्कृति से दूर हो जाता है, उसका पतन उसी दिन शुरू हो जाता है। अपनी बोली-भाषा, अपने खानपान और संस्कृति के बारे में अपने बच्चों को अवश्य बताएं। पीढ़ियों के मध्य ये अंतर नहीं आना चाहिए कि माता-पिता तो पहाड़ के हैं और हम मुंबईवासी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति में जो मधुरता है, विनम्रता है और एक अपनापन है, वो अपने आप में विशिष्ट है। हमारे खान-पान में, हमारे रहन-सहन में, हमारी बोल-चाल में, एक भावनात्मक लगाव है। हमारी मंडुवे की रोटी, झिंगोरे की खीर, पहाड़ी ककड़ी का रायता, आलू के गुटके, भट्ट का चुड़कानी, मूली की थीचयौणी, कंडाली के साग के स्वाद को कौन भूल सकता है। कहा कि आपसे आग्रह करूंगा कि आप सभी उत्तराखंड अवश्य आएं और हमारे प्रदेश की विशेषताओं का आनंद लें और जो उत्तराखंड के ही हैं, वे अवश्य वर्ष में एक बार परिवार सहित अपनी मातृभूमि आने का प्रयास करें। अपने आपको तथा अपने बच्चों को अपने गांव से, अपने मूल निवास से जोड़े रखिये, अपने ग्राम देवता, अपने कुल देवी-देवता से जोड़े रखिये। इस दौरान देवभूमि स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेश राणा, मुख्य आयोजक भरत कुकरेती, धारचूला के विधायक हरीश धामी आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने भी बजाया चुनावी बिगुल

अल्मोड़ा में आयोजित बैठक को संबोधित करते विधायक मनोज तिवारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : लोकसभा चुनावों के नजदीक आते ही अब कांग्रेस ने भी चुनावी बिगुल बजा दिया है। बुधवार को अल्मोड़ा पिथौरागढ़ लोकसभा के कांग्रेस प्रभारी प्रो. जीत राम अल्मोड़ा पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक में उनकी नब्ज टटोली और कार्यकर्ताओं को चुनावों के लिए एकजुट होकर कमर कस लेने की नसीहत दी।

अल्मोड़ा पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने लोकसभा प्रभारी का जोरदार खैरमकदम किया। एक निजी सभागार में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर लोकसभा प्रभारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है, इसके लिए पार्टी के सभी घटकों को आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैयार करने के मद्देनजर इस बैठक का आयोजन किया गया है। साथ ही इन बैठकों के जरिए सभी कार्यकर्ता चुनावों के लिए एकजुट होकर अपनी तैयारियों को परखने को लेकर संदेश दिया जा रहा है। लोकसभा प्रभारी ने कहा कि चुनावों को लेकर हमें एकजुट होकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों को घर घर तक पहुंचाना होगा। बैठक में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, पीतांबर पांडे, दीपा साह, सरस्वती आर्य, राधा टम्टा, रंजना टम्टा, मीरा देवी, तारू तिवारी, दीपक कुमार, तारा चंद्र जोशी, ललित सतवाल, शिवराज नयाल, कुंदन भंडारी, पूरन सुप्याल, अंकुर कांडपाल, पारितोष जोशी, सूरज वाणी, पूरन रौतेला, प्रताप सत्याल, मोहन नगरकोटी, मनोज सनवाल, नवीन कुमार, गोपाल मेहरा, रमेश बिष्ट, खड़क सिंह, महेश चंद्र, जमन सिंह, दीवान धपोला समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्लाईमेट चेंज से सूखे जैसे हालात

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मौसम में हो रहे लगातार बदलाव का सबसे अधिक असर अब पर्वतीय क्षेत्रों की खेती पर दिखने लगा है। समय पर बारिशा ना होने के कारण जहां फसलें सूखती जा रही हैं। वहीं किसानों के लिए नई फसलों की बुआई भी परेशानी भरी साबित हो रही है। प्रदेश के अल्मोड़ा जिले में तो हालात इस कअर खराब हो गए हैं कि अब यहां सूखे जैसे हालात पैदा हो गए हैं।

प्रदेश के अल्मोड़ा जिले की बात करें तो यहां 80 फीसद खेती बारिश पर निर्भर है। लेकिन बीते दो माह से बारिश नहीं होने के कारण रबी की फसल को भारी नुकसान हुआ है। काश्तकारों की मानें तो उनकी 40 से 60 फीसद तक फसल सूखे की भेंट चढ़ गई है। इस सीजन में यहां गेहूं, मसूर, सरसों, तुरई, मटर आदि की फसल बहुतायत तात्रा में होती है। रबी के सीजन में जिले में गेहूं की फसल 44 हजार हेक्टेयर, मसूर 2500 हेक्टेयर, सरसों 1500 हेक्टेयर, तुरई 1200 हेक्टेयर, मटर 500 हेक्टेयर में बोई गई है। वर्तमान में किसान 80 हजार हेक्टेयर भूमि पर खेती का कार्य कर रहे हैं, लेकिन सूखे के उपजे हालातों ने काश्तकारों को खासा नुकसान पहुंचाया है।

> रबी की फसल के लिए दिसंबर में बारिश की जरूरत होती है। इस बार बारिश नहीं हुई। सूखे से हो रहे नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। आंकलन का कार्य पूरा होने के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।
>
> **-धनपत कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी, अल्मोड़ा,**

रबी के सीजन में बोई गई फसल की बात करें तो इस फसल को करीब 342 मिमी बारिश की जरूरत होती है, लेकिन जिले में 10 अक्टूबर के बाद बारिश ही नहीं हुई हैं। खेतों में सरसों के फूल तक नहीं दिखाई दे रहे हैं। अल्मोड़ा जिले में एक लाख 10 हजार किसान खेती कर अपनी आजीविका चलाते हैं, लेकिन इस बार समय से बारिश नहीं होने से काश्तकारों की कमर टूट गई है। इसलिए अब वह सरकार की ओर टकटकी लगाकर देखने को मजबूर हैं।

तीनों पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग पर मुहर

महापंचायत

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के छह जनपदों के त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचित प्रतिनिधियों के संगठनों की बुधवार को अल्मोड़ा में महापंचायत हुई। महापंचायत में तीनों पंचायतों के दो वर्ष का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग पर मुहर लगाई गई। महापंचायत में तय किया है नौ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा पंचायत राज मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात की जाएगी।

अल्मोड़ा में आयोजित महापंचायत में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

जिला पंचायत सभागार में आयोजित महापंचायत में कार्यक्रम संयोजक पिथौरागढ़ के जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा की आज तक इन मांगों को लेकर तीनों पंचायतों के संगठन अलग अलग मंचों से प्रयास कर रहे थे। लेकिन अब तीनों संगठनों ने एक साथ मिलकर इन मांगों को मुकाम तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी को गढ़वाल मंडल के सभी जिलों के पंचायत सदस्यों की महापंचायत देहरादून में आयोजित की गई है।

ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर संभल ने कहा कि इन मांगों को लेकर ग्राम प्रधान संगठन पूर्व में राज्य सरकार के सम्मुख प्रस्ताव रख चुकी है। क्षेत्र प्रमुख संगठन के संरक्षक डा. हरीश सिंह बिष्ट ने कहा कि उत्तराखंड में पंचायती राज व्यवस्था को 29 विषय हस्तांतरित करने के लिए तीनों पंचायत को एकजुट होना होगा। जिला पंचायत संगठन के संरक्षक तथा अल्मोड़ा के जिला पंचायत सदस्य धन सिंह रावत ने कहा कि जिला पंचायत संगठन दोनों पंचायत के साथ एकजुट होकर इस आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाएगी। महापंचायत में त्रिस्तरीय पंचायत का कार्यकाल 2 वर्ष बढ़ाने, राज्य वित्त तथा 15 वें वित्त का भुगतान पूर्व की प्रणाली से किए जाने, सुस्पष्ट पंचायती राज एक्ट बनाने, पंचायत में आरक्षण को 10 वर्ष तक यथावत रखने, पंचायती राज विभाग का ढांचा पुनर्गठित करने, 29 विषयों को पंचायतों को सौंपने, क्षेत्र प्रमुख तथा जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव आम जनता से किए जाने, पंचायत कल्याण कोष की स्थापना करने, देहरादून में पंचायत सदस्यों के लिए हॉस्टल का प्रस्ताव पारित किया गया। महापंचायत में अल्मोड़ा के ग्राम प्रधान संगठन के अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह गैलाकोटी, ललित मोहन कांडपाल, ग्राम प्रधान संगठन पिथौरागढ़ के अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह सौन, नैनीताल के जिला अध्यक्ष हीरा बल्लभ बधानी, बागेश्वर के कपकोट ब्लॉक के अध्यक्ष केदार महर, भीमताल के अध्यक्ष हेमा आर्या, द्वाराहाट के प्रमुख दीपक किरौला, ग्राम प्रधान संगठन पिथौरागढ के सलाहकार लीलांबर जोशी आदि ने विचार व्यक्त किए।

पटरियों के पीस चोरी, दो गिरफ्तार

टनकपुर। टनकपुर के रेलवे स्टेशन परिसर में रखे पुरानी पटरियों के पीस चोरी हो गए। पटरियों के पीस चोरी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रेलवे पुलिस ने नगर के एक कबाड़ी के यहां से 17 नग पटरियों के पीस बरामद किए हैं।

रेलवे पुलिस के एसएसआई कमलेश कुमार ने बताया कि रेलवे परिसर में पुरानी पटरियों के पीस रखे हुए थे, जिन्हें चोरों ने चुरा लिया। छानबीन करने पर एक कबाड़ी की छत से पुरानी पटरियों के 17 नग बरामद किए गए हैं। बताया कि इनमें से कुछ पीस छह और कुछ पीस आठ फीट के हैं।

महिला के कोख में समाया हुआ है संसार : मनोरमा

संवाददाता, लोहाघाट

अमृत विचार : आइटीबीपी की 36वीं वाहिनी में हिमवीर वाइफ्स वेलफेयर एसोसिएशन (हावा) की पैट्रिक मनोरमा रावत का कहना था कि महिला भोग विलास की वस्तु नहीं, उसकी कोख में सारा संसार छुपा हुआ है।

जिस दिन व्यक्ति ईश्वर के इस शाश्वत सत्य को जान लेगा उसे उसी दिन से पुरुषों का महिलाओं के प्रति आचार-विचार व संस्कार बदलकर नारी को नारायणी मानने लगेगा। रावत हावा के 31वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रही थी। उन्होंने महिला शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि पढ़ी-लिखी संस्कारवान महिलाएं होती हैं तो वह अपने घर को ही नहीं समाज का दर्पण बन जाती हैं।

इस अवसर पर हिमवीर परिवारों की महिलाओं ने राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत कार्यक्रमों का जहां शानदार प्रदर्शन किया वहीं उन्होंने सारे देश की संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों को मंच में प्रस्तुत कर देश की समूची एकता का भी संदेश दिया।

उत्तर प्रदेश

आनर किलिंग में तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : अदालत ने प्रेम प्रसंग के चलते युवक की पीट कर हत्या के मामले में तीन दोषियों को उम्र कैद की सजा और एक लाख 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। घटना 27 जुलाई 2021 में थाना हयातनगर क्षेत्र के गांव मूसापुर में हुई।

मुकदमा न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। मृतक नदीम के पिता का कहना है कि लड़की पक्ष ने परिवार का सम्मान बचाने के लिए

▸▸ बेटी से प्रेम प्रसंग के चलते युवक की पीट कर हत्या कर दी थी

मेरे बेटे की पीट-पीट कर हत्या की थी। वादी मो. मोनिस निवासी गांव मूसापुर थाना हयातनगर जनपद संभल ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसके पुत्र मोहम्मद नदीम (18 वर्ष) ने प्रधानी का चुनाव लड़ाया था। कुछ समय पूर्व विपक्षी के व्यक्ति को पुलिस ने गो हत्या में पकड़ कर जेल भेजा था। इसी कारण विपक्षी सुलेमान आदि उसके लड़के से रंजिश मानने लगे। 27 जुलाई 2021 को अपराह्न करीब तीन बजे उसका पुत्र मोहम्मद नदीम मूसापुर अड्डा मोड़ पर तरबूज बेच रहा था। उसी समय सुलेमान पुत्र नजर हुसैन, नजर हुसैन पुत्र हिमायत, माजिद पुत्र सद्दीक, जाहिद पुत्र हाजी मजहर, आबिद पुत्र भोलू, हाजी इरफान पुत्र हिमायत उल्लाह, मौनिस पुत्र यूनुस, आबुल पुत्र जहीर, निवासी गांव मूसापुर एक राय होकर आए और हत्या के इरादे से उसके बेटे का अपहरण कर मक्का के खेत में ले गए और जान से मारने की नीयत से बुरी तरह पीट कर बेदम व जख्मी कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी उसके बेटे को घायलावस्था में गाड़ी में डाल कर ले गए।

खेत में किसान पर भालू ने किया हमला, मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : जंगल किनारे खेत की रखवाली कर रहे किसान पर भालू ने हमला कर मार डाला। गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर मार्ग पर जाम लगा दिया। रेंजर द्वारा मुआवजा दिलाने के आश्वासन के बाद करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।

कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव पिपरिया संतोष निवासी किसान लालाराम (26) पुत्र राममूर्ति गेहूं के खेत की रखवाली करने गया था। लालाराम का खेत पीलीभीत टाइगर रिजर्व की बराही रेंज से करीब 200 मीटर की दूरी पर है। गुरुवार सुबह किसान का खून से लथपथ शव खेत में मिला। बताते हैं कि रात में किसी समय खेत की रखवाली के दौरान किसान पर भालू ने हमला कर दिया। घटना की जानकारी परिजनों को गुरुवार सुबह हुई। घटना की जानकारी पर ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन वन विभाग को कोई अफसर मौके पर नहीं पहुंचा। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया।

मनरेगा में फोटो युक्त हाजिरी पर ही अब हो सकेगा भुगतान

रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा

अमृत विचार : महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना में फर्जीवाड़े को रोकने के लिए अब नेशनल मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम अनिवार्य कर दिया गया है। इसमें मोबाइल ऐप के माध्यम से मनरेगा मजदूरों को कार्य स्थल पर काम करते हुए सुबह, दिन और शाम को फोटो लिया जाएगा। फोटो युक्त हाजिरी के बाद ही मजदूरों को डिजिटल रूप से भुगतान किया जाएगा।

दरअसल जिलेभर में मनरेगा योजना के तहत कुल 1 लाख 52 हजार 232 मजदूर पंजीकृत है। इनमें से 1 लाख 3 हजार 630 मजदूर एक्टिव हैं। ऐसे में अब मजदूरों को दिहाड़ी के लिए कार्य के समय अब सुबह, दिन व शाम को वापस जाते हुए अपनी फोटो अपडेट करनी होगी। इसके बाद ही हाजिरी लग पाएगी।

हाजिरी पूरी होने के बाद ही मजदूर को डिजिटल रूप से भुगतान किया जाएगा। जिस मजदूर की फोटो अपलोड नहीं हो पाएगी उसकी दिहाड़ी काट दी जाएगी। इस व्यवस्था से मनरेगा में फर्जी मजदूर दिखाने, फर्जी भुगतान करवाने से जुड़े मामलों को खत्म किया जा सकेगा।

काम करते फोटो अपलोड करनी होगी

एनएमएमएस सिस्टम के पहली हाजरी मजदूर के सुबह काम पर पहुंचते ही लगेगी। ऐप के माध्यम से मौके पर काम करते मजदूर का फोटो अपडेट होगा। इसके बाद दिन में जब मजदूर काम कर रहा होगा तो दूसरी बार ऐप के जरिए फोटो हाजिरी लगेगी। तीसरी हाजिरी शाम को काम से वापस जाने से पहले लगेगी। तीनों की फोटो कार्यस्थल की होनी अनिवार्य होगी।

> नई योजना के तहत मनरेगा मजदूरों को अपनी हाजरी एनएमएमएस सिस्टम के माध्यम से लगानी होगी। इसके लिए कार्यस्थल के तीन समय तय किए गए हैं। इसके बाद ही मजदूरों को मजदूरी का भुगतान डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। **-संतोष कुमार पंत, डीडीओ अल्मोड़ा**

चेक बाउंस में छह माह की कैद तीन लाख का अर्थदंड भी लगाया

पीलीभीत। चेक बाउंसिंग के एक मामले की सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी पाते हुए अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) ज्योति प्रकाश सिंह ने छह माह के कारावास और तीन लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने यह भी आदेश किया कि अर्थदंड की धनराशि में से दो लाख अस्सी हजार रुपये बतौर क्षतिपूर्ति परिवादी को दिये जाएंगे। अभियोजन कथानक के अनुसार न्यूरिया कालोनी के भवतोष कुमार पुत्र ठाकुरदास ने न्यायालय में इस आशय का परिवाद प्रस्तुत किया कि आरोपी परिमल सरकार पुत्र ठाकुरदास निवासी न्यूरिया कॉलोनी से परिवादी ने 20 दिसम्बर 2020 को एक प्लाट का सौदा किया था। पेशगी के रूप में एक लाख अस्सी हजार रूपये परिवादी ने अभियुक्त को दे दिये। जांच पड़ताल के बाद परिवादी को पता चला कि सौदे वाली भूमि पट्टे की है।

सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मौत, महिला सहित तीन घायल

चन्दौसी/बनियाठेर। बनियाठेर थाना क्षेत्र में मुरादाबाद रोड पर थाने के पास महेंद्र पिकअप व कार की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। जबकि महिला सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें कार चालक व महिला को मुरादाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक पिता-पुत्र जनपद फर्रुखाबाद के निवासी बताए जा रहे हैं। कार सवार थाना कुंदरकी जनपद मुरादाबाद जा रहे थे। पुलिस परिजनों के आने का इंतजार कर रही थी। जनपद फर्रुखाबाद के थाना जहानगंज क्षेत्र के गांव जरारी निवासी जुल्फकार 55 वर्ष पुत्र दुखतजल हुसैन, अपनी पत्नी राबिया व पुत्र वासिद 32 वर्ष के साथ अरटिका कार में सवार होकर कुंदरकी जनपद मुरादाबाद आ रहे थे।

कांशीराम को भी मिले भारत रत्नः मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि पार्टी संस्थापक रहे कांशीराम को भी भारत रत्न दिया जाय। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने का स्वागत किया।बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच एक्स के जरिये कहा कि देश में खासकर अति-पिछड़ों को उनके संवैधानिक हक के लिए आजीवन कड़ा संघर्ष कर उन्हें सामाजिक न्याय व समानता का जीवन दिलाने वाले जननायक कर्पूरी ठाकुर को 100वीं जयंती पर अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित। उन्होंने कहा कि बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे देश के ऐसे महान व्यक्तित्व कर्पूरी ठाकुर को देर से ही सही अब भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित करने के केन्द्र सरकार के फैसले का स्वागत है।

समाज कल्याण अधिकारी समेत दो पर छेड़छाड़ व पॉक्सों में एफआईआर

बदायूं। जिला समाज कल्याण अधिकारी और एक आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्य के खिलाफ दो बहनों से छेड़छाड़ करने, अपहरण कर षड्यंत्र रचने और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। उसावां के व्यक्ति ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर दोनों पर गंभीर आरोप लगाए थे। कोर्ट के आदेश पर दातागंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी दो नाबालिग बेटियां विकास क्षेत्र समरेर के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में पढ़ती हैं। दोनों विद्यालय के छात्रावास में रहती हैं। 22 जनवरी की दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे जिला समाज कल्याण अधिकारी रामजनम और विद्यालय की प्रधानाचार्य सुषमा गौतम छात्रावास का निरीक्षण करने के बहाने पहुंचे। आरोप है कि प्रधानाचार्य उनकी दोनों बेटियों को बुलाकर अपने आवास पर ले गईं।

लोस चुनाव तैयारी पर चर्चा

देहरादून। आगामी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रमों को लेकर भाजपा मुख्यालय में बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसने आगामी कार्यक्रम सुनिश्चित किए गए। बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय, महामंत्री आदित्य कोठारी, राजेंद्र बिष्ट, खिलेंद्र चौधरी, लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त दोनों कलष्टर प्रमुख कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं सौरभ बहुगुणा उपस्थित रहे।

एमएल प्रसाद बने सदस्य, शपथ दिलाई

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने बुधवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग में सदस्य (तकनीकी) के रूप में मदन लाल प्रसाद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम एवं आयोग के सचिव नीरज सती भी उपस्थित रहे।

चालकों को नियम बताए

टनकपुर। बुधवार को पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा टैक्सी स्टैण्ड टनकपुर के पास वाहन चालको के साथ बैठक लेकर यातायात नियमों के बारें में जागरूक किया। एसएसआई बीएस बिष्ट ने चालकों को रेस ड्राइविंग न करने, अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग नहीं करने, ओवर स्पीड और ओवर सवारी नहीं बैठाने, मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन नहीं चलाने की अपील की।

मैनेजर के घर से नकदी समेत 9 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चोरों ने पुलिस की गश्त की पोल खोल दी है। मंगलवार रात चोरों ने नया आरटीओ ऑफिस के पास पॉवर हाउस मार्ग पर विवेकानंद कॉलोनी के एक घर से 1.05 लाख की नकदी समेत 9 लाख रुपये के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया है।

परिवार अपने ननिहाल गया हुआ था। मामला अंकित विश्नोई के घर का है। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक जांच की और फिर फोरेंसिक टीम को भी बुलाकर घटना के संबंध में साक्ष्य एकत्र कराए गए हैं। अंकित विश्नोई ने बताया कि वह सेल्स मैनेजर हैं।

उन्होंने बताया कि वह और उनका परिवार घर में ताला लगाकर मंगलवार शाम मामा की बेटी की लगन में शामिल होने को फतेहपुर विश्नोई गांव गया था। बुधवार सुबह मुहल्ले के एक व्यक्ति ने उन्हें फोन कर घर का गेट खुला होने और ताला टूटा होने की सूचना दी।

ज्ञानवापी मामले की सुनवाई से खुद को किया अलग

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर स्थित वजूखाने के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) करने की मांग को खारिज करने वाले वाराणसी जिला जज के फैसले को चुनौती देने वाली पुनर्विचार याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष की ओर से न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की पीठ के समक्ष अधिवक्ता सौरभ तिवारी ने बहस की। अधिवक्ता को सुनने के बाद न्यायमूर्ति ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया।

कारोबारी के बच्चे की चाकू से गोदकर हत्या

संवाददाता,तारुन(अयोध्या)

अमृत विचार : थाना क्षेत्र में एक कारोबारी के आठ वर्षीय बेटे की चाकू से गोदकर कर हत्या कर दी गई। बालक का शव जंगली क्षेत्र स्थित एक गड्ढे में घास-फूस से छिपा दिया था। वह मंगलवार देर शाम से लापता था और गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मृतक के पिता की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस फरार आरोपी जय प्रकाश यादव की तलाश में जुटी है। मूल रूप से थाना क्षेत्र के किछूटी निवासी और बेलगरा में आवास और दुकान बनवा कारोबार करने वाले सूर्यदेव कसौधन का पुत्र राज कसौधन(8) मंगलवार शाम अपने घर के बगल झोला लेकर दाना भुनाने गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन के बावजूद कोई पता न मिलने पर पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। ग्रामीण बुधवार सुबह करीब 10 बजे जलौनी लकड़ी एकत्र करने मिश्राने के जंगल पहुंचे तो वहां एक गड्ढे को घास-फूस (सरपत) से ढंका देखा।

दूसरे दिन 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने किए रामलला के दर्शन

चार पंक्तियों में बनाई गई दर्शन की व्यवस्था, चाक-चौबंद रही सुरक्षा

जन्मभूमि पथ से श्रद्धालुओं का प्रवेश और गेट नंबर तीन से कराई गई निकासी

अयोध्या, कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर और मंदिर में प्रतिष्ठित हुए रामलला के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में राम भक्त बुधवार सुबह से ही लंबी कतार में खड़े हो गए। डीएम नीतीश कुमार के मुताबिक मंगलवार की अपेक्षा बुधवार को भीड़ कम रही। दूसरे दिन बुधवार को सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक 2.5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन किया। दर्शन के लिए मंगलवार को अचानक सैलाब के बाद प्रशासन ने आज चाक-चौबंद व्यवस्था रखी। बढ़ रही भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर में दर्शन की सुगम व्यवस्था के लिए चार लाइन बनाई गईं। जिनके माध्यम से अलग-अलग लाइनों में पुरुष व महिलाओं को प्रवेश कराकर बाहर निकाल गया।

राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन आज भी राम भक्तों में मंदिर दर्शन का जबर्दस्त उत्साह दिखाई दिया। मंगला आरती के साथ ही दर्शन प्रारम्भ हुआ। इस मौके पर गृह सचिव संजय प्रसाद, डीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, डीएम नितीश कुमार समेत सभी स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि रामपथ से लेकर जन्म भूमि पथ तक चार अलग-अलग लाइन के माध्यम से राम भक्त दर्शन के लिए राम मंदिर पहुंचे। आज सुरक्षा के सभी मानकों को पूरा करते हुए दर्शन कराए गए। सभी आने वाले श्रद्धालु आसानी से सुरक्षा के बीच होते हुए परिसर पहुंचे जहां दर्शन के बाद गेट नंबर 3 से बाहर निकाला गया।

रामलला के दर्शन-पूजन के लिए जाता श्रद्धालुओं का जत्था। ● प्रशांत शेखर

मंदिर के गर्भगृह तक पहुंच गया बंदर

राम मंदिर में रामलला विराजमान होने के बाद एक बंदर मंदिर परिसर में भी पहुंचते ही रामलला के मुख्य द्वार से मूर्ति तक चला गया। मंदिर परिसर में रखें किसी भी सामान का नुकसान नहीं किया। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से मंगलवार शाम श्रीराम के गर्भ ग्रह में हुई एक अद्भुत घटना का जिक्र करते हुए बताया कि आज शाम लगभग 5:50 बजे एक बंदर दक्षिणी द्वार से गूढ़ मंडप से होते हुए गर्भगृह में प्रवेश करके उत्सव मूर्ति के पास तक पहुंचा। बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने देखा, वे बंदर की ओर यह सोच कर भागे कि कहीं वो उत्सव मूर्ति को जमीन पर न गिरा दे। जैसे ही पुलिसकर्मी बंदर की ओर दौड़े, वैसे ही बंदर शांतभाव से भागते हुए उत्तरी द्वार की ओर गया। द्वार बंद होने के कारण पूर्व दिशा की ओर बढ़ा और दर्शनार्थियों के बीच में से होता हुआ, बिना किसी को कष्ट पहुंचाए पूर्वी द्वार से बाहर निकल गया। सुरक्षाकर्मियों का कहना था कि ये हमारे लिए ऐसा ही है, मानो स्वयं हनुमान जी रामलला के दर्शन करने आये हों।

समर्थकों के साथ प्रवीण तोगड़िया ने किए रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण तोगड़िया बुधवार को समर्थकों के साथ रामनगरी पहुंचे। मंदिर निर्माण की संकल्प की पूर्ति के बाद उन्होंने सरयू में स्नान किया और रामलला का दर्शन-पूजन किया। प्रवीण तोगड़िया ने मोदी और अमित शाह पर विश्वास जताते हुए कहा कि अब मथुरा और काशी के लिए आंदोलन नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि रामलला का मंदिर बन गया है, यह आनंद का विषय है। जैसे राम मंदिर बना हुआ है वैसे काशी और मथुरा भी बना दिखेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद समृद्ध हिंदू, सम्मानित हिंदू का देशव्यापी समृद्ध अभियान चलाने जा रही है। जो देश भर में चला जाएगा। राम मंदिर आंदोलन में सहयोग करने वाले सभी लोगों के लिए राम मंदिर खुशी का विषय है।

भीड़ नियंत्रण की रात भर चली कवायद

▸▸ अब भी मोर्चा संभालें हैं गृह सचिव व एसडीजी

▸▸ निगरानी में जुटे एडीजी, आईजी व एसएसपी मुख्य मार्ग पर डाइवर्जन अब भी लागू

जन्मभूमि पथ पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात आरएएफ के जवान। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : रामजन्मभूमि परिसर में मंगलवार रात भर चली कवायद के बाद पुलिस-प्रशासन ने दर्शन-पूजन की व्यवस्था को बुधवार को सुचारु कर लिया। अब भी प्रमुख सचिव गृह और स्पेशल डीजी ने परिसर में मोर्चा संभाल रखा है। एडीजी, आईजी व एसएसपी निगरानी में जुटे हैं। रामनगरी के मुख्य मार्ग रामपथ पर अभी भी रुट डाइवर्जन लागू है। स्थानीय लोगों को वैकल्पिक मार्ग से आवागमन की अनुमति दी गई है। रामनगरी में भीड़ नियंत्रण योजना सख्ती से लागू किये जाने के बाद बुधवार को सारी व्यवस्थाएं पुलिस-प्रशासन के नियंत्रण में दिखीं। रामपथ पर रामजन्मभूमि पथ के प्रवेश द्वार पर आरएएफ के जवानों ने मानव शृंखला बना रखी थी। दूसरी पटरी पर बज्र व दंगा नियंत्रण वाहन तथा उस पर तैनात सुरक्षा बल ने मोर्चा संभाल रखा था। एसएसएफ और सिविल पुलिस के साथ पीएसी के जवान और अधिकारी पूरे पथ पर मुस्तैद रहे। दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं को रामजन्मभूमि पथ पर बाएं तरफ स्थित तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र के बगल कैनोपी वाले पत्थर जड़ित मार्ग से प्रवेश दिया जा रहा था। जगह-जगह भीड़ नियंत्रण के लिए सुरक्षाबलों की निगरानी में बैरियर और स्कैनर सक्रिय रहे, जबकि निकास दाएं स्थित वाहनों के आवागमन के लिए निर्धारित मार्ग से कराया गया। आसपास के मंदिरों में दर्श-पूजन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं को अमावां मंदिर-राम गुलेला मार्ग से भी निकलने की अनुमति दी गई। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने परिसर स्थित कंट्रोल रूम में मोर्चा संभाल रखा था तो प्रशासन की ओर से लगाए गए मजिस्ट्रेटों के साथ राजपत्रित पुलिस अधिकारी अपने ड्यूटी प्वाइंट पर जमे थे। वहीं एडीजी लखनऊ ज़ोन पीयूष मोर्डिया, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार और एसएसपी राजकरन नय्यर घूम-घूमकर हालात और व्यवस्था का जायजा लेते रहे। एसपी ट्रैफिक एपी सिंह, एसपी सिटी मधुबन सिंह समेत विशेष ड्यूटी में लगाए गए पुलिस अधिकारी निगरानी में जुटे दिखे। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि सुचारु रूप से दर्शन-पूजन कार्यक्रम जारी है। सभी को व्यवस्थित ढंग से दर्शन कराया जा रहा है। सुरक्षा और व्यवस्था के लिए पर्याप्त इंतजाम किये गए हैं।

पहले दिन रामलला को 3 करोड़ 17 लाख का चढ़ावा

अयोध्या, अमृत विचार: राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को रामभक्तों ने तीन करोड़ 17 लाख रुपये का दान देकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन 10 दान काउंटर खोले गए थे। इसके अलावा देश दुनिया से तमाम राम भक्तों ने ऑनलाइन दान प्रभु श्री राम को भेजा है। डॉ. मिश्रा के अनुसार मंगलवार 23 जनवरी को पांच लाख से ज्यादा रामभक्तों ने दर्शन किए हैं। दर्शन सुव्यवस्थित हो इसके लिए प्रशासन से वार्ता करके व्यवस्था की जा रही है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी के साथ बैठक करके नई रणनीति तैयार की है। उन्होंने अयोध्या के आसपास के संघ के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वह मंदिर में साफ सफाई की जिम्मेदारी स्वीकार कर लें और सुव्यवस्थित मंदिर दर्शन जारी करने में सहयोग करें।

रामोत्सव में रंगोत्सव के रंग में रंगी रामनगरी

▸ 12 जनवरी से रामलला के दर्शन को कई प्रदेश के लोग रामनगरी में रहे डटे

रामपथ पर उतर आई एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक, पारंपरिक परिधानों में पहुंच रहे श्रद्धालु

अयोध्या धाम में आस्था के जनसैलाब के संग सांस्कृतिक विरासतों का संदेश दे रहे भक्त

कमर अब्बास, अयोध्या

अमृत विचार : सुंदर सजी रामनगरी में आस्था के आवेग के बीच भारतीय संस्कृति का समावेश एक भारत श्रेष्ठ भारत का संवाहक बन गया है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की सांस्कृतिक और पारंपारिक विरासत रामपथ पर नए युग के आरम्भ का प्रतीक बन गई है। अब यहां रामलला के दर्शन के लिए आने वाले राम भक्त अपने-अपने प्रांतों की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पहुंच रहे हैं। इतना ही नहीं अयोध्या धाम में मन रहे रामोत्सव में श्रद्धाभाव के भी जुदा-जुदा रंग दिख रहे हैं।

भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन के लिए मंगलवार की तरह बुधवार को भी रामपथ पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता रहा। मंगलवार को दर्शन को लेकर हुई असहजता भी प्रशासनिक व्यवस्था से बुधवार को सहज हो गई। जन्मभूमि मार्ग पर रैपिड एक्शन फोर्स जवान श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर दर्शन की व्यवस्था बना रहे थे। श्रद्धालु भी अनुशासन की डोर स्वयं से बांधे हुए आते-जाते रहे। 12 जनवरी से यहां डटे नेपाल के आशाराम और मध्य प्रदेश के निरंजन सिंह बोले ऐसी व्यवस्था यहां कभी नहीं दिखी। हर जगह प्रसाद और राम नाम की चाय के साथ अन्य इंतजाम से हृदय प्रसन्न हैं। कश्मीर से आए श्रीनिवास बोले मंगलवार और बुधवार दोनों दिन सरलता के साथ रामलला के दर्शन प्राप्त हुए।

हनुमानगढ़ी मार्ग पर बुधवार को हनुमंतलला का रूप धरे कर्नाटक का श्रद्धालु। अमृत विचार

111 सदस्यों ने एक साथ शंखनाद कर रामलला का किया दर्शन-पूजन

रामलला के दरबार में महाराष्ट्र के पुणे से आए केशव शंखनाद पथक के 111 सदस्यों ने एक साथ शंखनाद कर रामलला का दर्शन-पूजन किया। जिसमे ज्यादातर महिलाएं थीं। केशव शंखनाद पथक के सदस्य केसरिया व सफेद वस्त्र पहनकर अयोध्या की सड़कों पर शंखनाद करते हुए राम जन्मभूमि पथ पहुंचे। वहां से राम के दरबार पहुंच शंखनाद किया। इस दौरान केशव शंखनाद पथक के सदस्यों का कहना है कि ट्रस्ट की ओर से हमें अयोध्या आने होता दिया गया था, मंगलवार को हम अयोध्या पहुंचे थे। हमारी सात पीढ़ीयों नें जो संघर्ष किया उसका आनंद आने वाली पीढ़ी के लोग लेंगे। कहा कि इतने सालों का जो सपना था आज भगवान श्री राम के दर्शन कर पूरा हो गया। रामलला की मूर्ति देखने के बाद बहुत ही सुंदर लगी। उन्होंने कहा यह केशव शंख नाद पथक विश्व का पहले पथक है जो एक साथ और एक आवाज में शंख बजाते हैं।

मुंबई की श्रद्धालु 56- अनारकली में तो लाल कोट में दिखे बादशाह

मुंबई से अपने पति राहुल सांबे के साथ दर्शन के लिए पहुंचीं शक्ति भी विशेष परिधान में रामलला के दर्शन के लिए आईं। उन्होंने बताया कि जो परिधान वह पहने हैं उसे महाराष्ट्र में 56-अनारकली कहा जाता है। बोलीं सुंदर अयोध्या धाम में सुंदरता के साथ आना अच्छा लगा। राहुल बोले रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। रामपथ पर भ्रमण कर रहे सूरत के लाल बादशाह सबके आकर्षण का केंद्र बने रहे। लाल कोट - लाल पैंट और लाल जूते के साथ ऊपर से नीचे तक लाल रंग में रंगे दिखे। पूछा तो बोले सूरत गुजरात में भी इसी वेशभूषा में रहते हैं। अयोध्या में भी इसी में रामलला के दर्शन के लिए आएं हैं। बताया सूरत में 10 हजार बच्चों को अब तक दीक्षा दे चुके हैं। वह श्रद्धालुओं को लाल रंग का पेन भी वितरित करते रहे।

मुंबई से आए दंपती।

सिर पर आस्था की गठरी लादे अलवर से आए ब्रह्मचारी बाबा

रामलला के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालुओं में राजस्थान के अलवर से आए ब्रह्मचारी बाबा भी रहे। सिर पर बड़ी सी गठरी लादे बाबा रामपथ पर पैदल बढ़े जा रहे थे।बताया अलवर से आ रहे हैं, फिर उन्होंने सरयू नदी की राह पूछी और आगे बढ़ गए।

तेलंगाना से पारंपरिक धार्मिक वेशभूषा में पहुंचा श्रद्धालु।

तेलंगाना के श्रद्धालु देवोवस्त्र तो आंध्र के राम रेड्डी पारम्परिक अंगवस्त्र में दिखे

रामपथ पर बुधवार को तेलंगाना से आया रामभक्तों का समूह अपनी पूरे पारम्परिक परिधान में रामलला के दर्शन कर आह्लादित दिखे। समूह के साथ मौजूद राकेश ने बताया कि हमारे परिधान को देवोवस्त्र कहा जाता है। प्रभु रामलला के दर्शन के लिए इसीलिए इस परिधान में आएं हैं। बताया कि यह साउथ का पारंपरिक परिधान है। जो देवों के दर्शन और धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान पहना जाता है। उनके साथ आए महाकाली, शिवा, बालाजी, महेश, सुरेश आदि मौजूद रहे। रामपथ पर दर्शन के लिए जा रहे आंध्र प्रदेश के राम रेड्डी कड़ाके की सर्दी के बाद भी धोती अंगवस्त्र में मिले। पूछा सर्दी नहीं लग रही है? बोले कुछ नहीं दोनों हाथ जोड़ प्रभु की ओर इशारा किया। इसी तरह बिहार के शैलेन्द्र विष्णु भी अपने पारंपरिक परिधान में दर्शन के लिए पहुंचे।

संकल्प हुआ पूरा तो राम की वेशभूषा में पहुंचे अयोध्या धाम

राजस्थान के रहने वाले राज दास भी अयोध्या कोतवाली के निकट भगवान राम की वेशभूषा धारण किए आकर्षण का केंद्र रहे। बताया भव्य राम मंदिर बनने पर यह संकल्प लिया था कि उन्हीं की वेशभूषा में दर्शन करने जाएंगे। बोले रामलला विराजे तो आतुरता के साथ चला आया। उनके साथ श्रद्धालु भी सेल्फी लेते रहे। राज ने बताया कि मूलरूप से वह शेफ हैं। रंगमंच में भी सहभागिता रहती है।



आस्था



रामनगरी में अपनी बेटी को रामलला का दर्शन करा लौटता पिता।

खरीदारी

दर्शन-पूजन के बाद रुद्राक्ष खरीदती युवती।

रामपथ पर तिरंगा लहराता युवक।

रामोत्सव

तीन मूर्तिकारों ने अलग-अलग बनाई थी रामलला की मूर्ति, एक हुई गर्भगृह में प्रतिष्ठित

बाल रूप रामलला की दो अन्य मूर्तियां भी आईं सामने

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पांच वर्षीय बाल रूप में रामलला मंदिर के गर्भगृह में 22 जनवरी को प्रतिष्ठित हो गए। यह मूर्ति मैसूर के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाई है। प्राण-प्रतिष्ठा के तीसरे दिन रामलला की दो अन्य मूर्तियों की भी तस्वीरें सामने आई हैं। हालांकि ट्रस्ट ने इस मूर्तियों पर कोई निर्णय नहीं लिया है। दावा किया है कि इन दोनों मूर्तियों को भी उचित सम्मान दिया जाएगा।

राम मंदिर के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने तीन अलग-अलग मूर्तिकारों से 51 इंच ऊंची रामलला की बाल स्वरूप मूर्ति तैयार करने को कहा था। ट्रस्ट के अनुमति पर मैसूर के अरुण योगीराज, कर्नाटक के कृष्ण शिला पर गणेश भट्ट व राजस्थान के मकराना संगमरमर के पत्थर पर सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति बनाने का काम शुरू किया था। मूर्ति तैयार होने के बाद ट्रस्ट ने राम मंदिर के गर्भगृह में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मैसूर के अरुण योगीराज की मूर्ति चयन किया और उसे 22 जनवरी को हुए प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मंदिर के गर्भगृह में प्रतिष्ठित किया गया है। प्राण-प्रतिष्ठ के तीसरे दिन बुधवार को मूर्तिकार गणेश भट्ट व सत्यनारायण पांडेय की ओर से बनाई गई रामलला की मूर्ति सामने आई हैं। कहा जा रहा है कि मंदिर के प्रथम तल पर लगने वाले राम दरबार के साथ इन दोनों मूर्तियों का प्रयोग किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने कहा है कि दोनों अन्य मूर्तियों को उचित सम्मान दिया जाएगा। अभी तक ट्रस्ट ने इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। जल्द ही मंथन कर उचित निर्णय लिया जाएगा।

मूर्तिकार गणेश भट्ट की द्वारा बनाई गई रामलला की मूर्ति।

मूर्तिकार सत्यनारायण पांडे द्वारा बनाई की गई रामलला की मूर्ति।

▸▸ मूर्तिकार गणेश भट्ट ने कृष्ण शिला व सत्यनारायण पांडेय ने मकराना संगमरमर की बनाई मूर्ति - मूर्तियों को राम मंदिर उचित स्थान देने पर ट्रस्ट लेगा निर्णय

महाराष्ट्र से आए रामभक्तों ने भेंट की स्वर्ण जड़ित तलवार।

रामलला को समर्पित की स्वर्ण जड़ित तलवार

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद रामभक्त अपने आराध्य को कुछ न कुछ उपहार स्वरूप समर्पित कर रहे हैं। इसी क्रम में महाराष्ट्र से आए 20 सदस्यीय राम भक्तों की टोली ने बुधवार को स्वर्ण जड़ित तलवार रामलला को समर्पित की है। तलवार सात फीट लंबी और 80 किलो वजनी है। जिस पर सोने की परत चढ़ाई गई है। इसके साथ ही इस तलवार पर विष्णुजी के 10 अवतारों के चिह्न भी अंकित हैं। निलेश अरुण ने कहा कि तलवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित की है। यह तलवार प्राचीन नंदन तलवार को देखकर बनाया गया है, इसे एक गाड़ी में रखकर अयोध्या लाया गया है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	71,060.31	21,453.95
फायदा	689.76	215.15
प्रतिशत में	0.98	1.01

अमृत विचार
www.amritvichar.com
हल्द्वानी, गुरुवार, 25 जनवरी 2024

मैथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1150, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1880, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलो) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1850। किराना- (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800। चावल - (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350। दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7100, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14400, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 10900, अरहर पटका मोटा 11400, अरहर कोरा मोटा 11600, अरहर पटका छोटा 13600-14000, अरहर कोरी छोटी 15200। चीनी - डालमियां 4060

बाजार में तेजी, सेंसेक्स 690 अंक उछला

धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में लिवाली, टाटा स्टील का शेयर 3.77 फीसदी मजबूत

मुंबई, एजेंसी

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स में 690 अंक का उछाल आया। मुख्य रूप से धातु, जिंस और दूरसंचार शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में गिरावट के साथ खुला लेकिन बाद में इसमें तेजी आई। अंत में यह 689.76 यानी 0.98 प्रतिशत उछलकर 71,060.31 अंक पर बंद हुआ।

मानक सूचकांक कारोबार के दौरान ऊंचे में 71,149.61 अंक तक गया और नीचे में 70,001.60 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.15 अंक यानी 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,453.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील सर्वाधिक 3.77 प्रतिशत मजबूत हुआ। इसके अलावा एचसीएल टेक (3.62 प्रतिशत), इंडसइंड बैंक (3.60 प्रतिशत), पावरग्रिड (3.34 प्रतिशत) भी लाभ में रहे। टेक महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फिनसर्व और भारतीय एयरटेल भी चढ़कर बंद हुए। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस और टीसीएस शामिल हैं। इनमें 2.94 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

सेंसेक्स के कुल 30 में से 25 शेयर लाभ में रहे जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 फायदे में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, मंगलवार की बिकवाली के बाद बुधवार को बाजार संभला। पीबीओसी (पीपुल बैंक ऑफ चाइना) के आर्थिक वृद्धि को गति देने तथा नकदी बढ़ाने के लिए आरक्षित अनुपात में 0.5 प्रतिशत की कटौती की।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 80.01 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80.01 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 3,115.39 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। सेंसेक्स मंगलवार को 1,053.10 अंक टूटा था और निफ्टी 330.15 अंक नुकसान में रहा था।

यूको बैंक का शुद्ध लाभ 503 करोड़ रुपये : अश्वनी

कोलकाता। यूको बैंक के प्रबंध निदेशक (सीईओ) अश्वनी कुमार ने बुधवार को बैंक के तृतीय तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। इसका प्रसारण यूको बैंक प्रधान कार्यालय कोलकाता से किया गया। इसमे यूको बैंक के समस्त अंचल कार्यालयों ने भाग लिया। अंचल कार्यालय अयोध्या से अंचल प्रमुख एवं समस्त स्टाफ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रेस वार्ता से जुड़ा। इस अवसर पर अश्वनी कुमार बताया कि तृतीय तिमाही में बैंक का ऑपरेटिंग प्रॉफिट 1119.00 करोड़, नेट प्रॉफिट 503.00 करोड़ एवं नेट एनपीए 0.98 प्रतिशत रहा है।

सीआईआई की आयकर छूट को मंहगाई से जोड़ने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत किया ज्ञापन

भारतीय उद्योग मंडल (सीआईआई) ने चुनावी वर्ष के लिए पेश किए जाने वाले लेखानुदान और बजट प्रस्तावों में सरकार से आर्थिक वृद्धि की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राजकोषीय सुदृढता की राह पर बने रहने और वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा 5.4 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखने की सिफारिश की है। सीआईआई ने बजट सत्र से पूर्व वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत एक ज्ञापन में कहा है कि सरकार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को और सरल बना कर इसके ढांचे को तीन दरों वाला बनाने का संकेत देना चाहिए।

सीआईआई ने कहा है कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उपभोग मांग का लगभग 60 प्रतिशत (सबसे बड़ा) योगदान है।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने एक बयान में कहा जैसा कि वैश्विक आर्थिक क्षितिज पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। सरकार को इस साल के राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक सीमित रखने के लक्ष्य पर कायम रहना चाहिए और वित्त वर्ष 2015 के लिए इसे लगभग 5.4 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,100
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,200
गिन्नी (प्रति नग)	47,800-48,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	63,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	63,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	73,500
चांदी तैयार	73,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,700
सोना जेवरात गिन्नी	62,700
चांदी पक्की	718 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	63,875
चांदी आभूषण	73,000।

हल्द्वानी मंडी

शरबती स्टीम	- 63
मंसूरी	- 45
बासमती	- 108
काला चना	-67
मूंग दाल	- 96
मूंग धोवा	- 110
राजमा चित्रा	- 112-136
राजमा भूटान	-90
मलका लाल	- 73
दाल उड़द	- 100-110
मसूर दाल छोटी	- 94
उड़द साबुत	- 115
उड़द धोवा	- 122
दाल चना	- 73
काबुली चना	-165
अरहर -	116-140

बैंकों की ऋण वृद्धि 15 प्रतिशत रहने की उम्मीदः इक्रा

मुंबई। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष के लिए अपने बैंक ऋण वृद्धि अनुमान को बढ़ाकर 14.9-15.3 प्रतिशत कर दिया। अगले वित्त वर्ष में घटकर 12 प्रतिशत ही रहने की आशंका जताई। इक्रा ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में 14.9-15.3 प्रतिशत की ऋण वृद्धि दर के साथ बैंक कर्ज 20.4-20.9 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच जाएगा। यह अब तक की सर्वाधिक वृद्धिशील बैंक ऋण वृद्धि होगी और 2022-23 में दर्ज 15.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ 18.2 लाख करोड़ रुपये के पिछले स्तर को पार कर जाएगी।

महीनों बाद भी खरीफ फसलों के क्लेम का पता नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नवंबर में कटी थीं धान समेत अन्य खरीफ फसलें

▸▸ जिलों से समय पर नहीं मिले क्रॉप कटिंग के आंकड़े

अमृत विचार : प्रदेश में खरीफ 2023-24 की फसल कटे काफी समय हो गया है लेकिन, बीमित फसलों के क्लेम का पता नहीं है। विभाग समय पर उपज के आंकड़े नहीं जुटा पाए तो कंपनियां नुकसान का आकलन नहीं कर पाईं। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि प्रदेश में कितने किसानों को कितनी क्षतिपूर्ति क्रॉप कटिंग के आधार पर मिलेगी। जबकि नवंबर तक धान समेत अन्य फसलें कट गईं थीं और इधर खेतों पर रबी की फसलें खड़ी हैं। दरअसल, बीमित फसलों का क्लेम क्रॉप कटिंग के आधार पर तय होता है। यानी फसल की कटाई के दौरान निकली उपज का पॉलिसी के अनुसार आकलन कर क्षतिपूर्ति निकाली जाती है और उपज कम होने पर कंपनियां भरपाई करतीं हैं। उपनिदेशक उमाशंकर सिंह ने बताया कि आंकड़े बीमा कंपनियों को दिए गए हैं। इस बार जल्द किसानों को क्लेम मिलेगा।

15 दिसंबर तक जुटाए थे आंकड़े

कृषि विभाग इस बार क्रॉप कटिंग और उपज का आकलन जल्द होना बता रहा है। जबकि जिलों से समय पर उपज के आंकड़े न मिलना भी बताया जा रहा है। हालांकि 15 दिसंबर तक उपज के आंकड़े जिलों से जुटाए गए और 15 जनवरी तक बीमा कंपनियों को पॉलिसी के अनुसार मैचिंग यानी क्षतिपूर्ति की तुलना कर रिपोर्ट तैयार करने के लिए दिए गए। जिसकी केंद्र के पोर्टल पर फीड करने की जा रही है।

पांच हजार किसानों का 3 करोड़ बाकी

खरीफ में व्यक्तिगत व मध्य अवधि के कुल 13 हजार किसानों को 9 करोड़ रुपये क्षतिपूर्ति देना तय हुआ था। इनमें कंपनियों ने 8 हजार किसानों को 6 करोड़ रुपये भुगतान किया गया है। जबकि 5 हजार किसानों का 3 करोड़ रुपये बकाया है। इनमें व्यक्तिगत दावे कितने आए और कितने निरस्त हुए इसकी रिपोर्ट कंपनियों ने नहीं दी है।

राष्ट्रीय

प्रधानमंत्री ने इस बार की गणतंत्र दिवस परेड महिला शक्ति को समर्पित की, बोले-

कर्पूरी ठाकुर के विचारों को अपनाएं युवा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान उत्साहित एनसीसी/एनएसएस कैडेट। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि गणतंत्र दिवस परेड इस बार और विशेष होगी क्योंकि यह देश की महिला शक्ति को समर्पित है और साथ ही यह हमारा 75वां गणतंत्र दिवस भी होगा। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैडेट और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों के एक समूह से बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के बारे में जानने और उनके आदर्शों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का भी आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी कहा कि वे राष्ट्र प्रथम के मंत्र को अपना मार्गदर्शक सिद्धांत बनाएं। उन्होंने कहा कि उन्हें 'जेन जेड' (जेड पीढ़ी) कहा जा सकता है लेकिन वह उन्हें (युवाओं को) अमृत पीढ़ी कहना पसंद करेंगे। पिछड़े समुदाय से ताल्लुक रखने वाले ठाकुर की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें भारत रत्न दिए जाने से युवा पीढ़ी उनके बारे में जानेगी और उनके जीवन से सीख लेगी जो कि आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि ठाकुर अत्यधिक गरीबी और सामाजिक असमानता के बीच पैदा हुए, लेकिन वह दो बार बिहार के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने कहा कि समाजवादी नेता हमेशा विनम्र रहे और समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा। मोदी ने कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि उनकी ईमानदारी को एक उदाहरण के रूप में उद्धृत किया जाता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ठाकुर गरीबों के कल्याण और समाज के पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अपने कार्यों में उनकी सरकार के लिए एक प्रेरणा रहे हैं। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए काम कर रही है और युवाओं की ऊर्जा से देश की गति तेज होगी।

भाजपा कार्यकर्ता आपत्तिजनक पोस्ट करने में गिरफ्तार

राजगढ़ (मप्र)। मध्यप्रदेश में भाजपा के एक कार्यकर्ता को सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं से जुड़े 'आपत्तिजनक' पोस्ट साझा करने के आरोप में राजगढ़ जिले से गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारी ने बताया कि भ्याना गांव के रहने वाले आरोपी सईद खान मंसूरी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई कुछ लोगों द्वारा उनकी पोस्ट को लेकर लीमाचौहान पुलिस थाना में विरोध प्रदर्शन करने के बाद की गई।

लीमाचौहान पुलिस थाना के प्रभारी अनिल कुमार राहोरिया ने बताया कि मंसूरी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। भाजपा की जिला इकाई के अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने कहा कि मंसूरी को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

भाजपा और विपक्ष में ठाकुर की विरासत पर दावा करने की होड़ तेज

नयी दिल्ली/पटना, एजेंसी

पटना में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर के जन्म शताब्दी समारोह के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और राज्य मंत्री तेज प्रताप यादव। ● एजेंसी

जननायक' कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' देने की घोषणा के एक दिन बाद राजनीतिक दलों में दिग्गज समाजवादी नेता की राजनीतिक विरासत पर दावा करने की होड़ बुधवार को तेज हो गई। भाजपा ने जहां उनके आदर्शों का पालन करने के लिए प्रधानंमत्री मोदी की सराहना की, वहीं विपक्षी नेताओं ने उनके (ठाकुर के) एजेंडे पर काम करने की केंद्र को सलाह दी और जाति आधारित गणना की फिर से वकालत की।

ठाकुर की 100वीं जयंती पर मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के अन्य नेताओं ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार निरंतर कर्पूरी ठाकुर से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है जो सरकार की उन नीतियों में भी परिलक्षित होता है, जिनसे देशभर में 'सकारात्मक बदलाव' आया है।

▸▸ जयंती पर मोदी, शाह, नीतिश व अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

भाजपा ने विपक्षी दलों पर आरोप लगाया कि जब वे सत्ता में थे तो उन्होंने ठाकुर के योगदान को स्वीकार नहीं किया। कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत पर दावा करने के भाजपा के प्रयास से सशंकित बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और लालू प्रसाद के नेतृत्व वाले राजद ने अपनी राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर के प्रभाव और उनके लिए भारत रत्न' की अपनी मांग को भी रेखांकित किया है।

एक नजर

आपत्तिजनक पोस्ट करने में कई लोगों पर केस

जम्मू। अयोध्या स्थित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर आपत्तिजनक सामग्री' पोस्ट करने के आरोप में जम्मू-कश्मीर के राजौरी और रियासी जिलों में कई लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बीच कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर' संवेदनशील सामग्री' पोस्ट की जिससे 'शांतिपूर्ण माहौल खराब' होने की आशंका थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इन लोगों पर एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

ज्वाला ने तीन नहीं चार शावकों को जन्म दिया

भोपाल। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में नामीबियाई मादा चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया है। पहले तीन शावकों के जन्म की जानकारी दी गयी थी। केंद्रीय मंत्री ने बुधवार को एक पोस्ट में कहा, वन्यजीवन का अचरज! अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले वन्यजीव योद्धा किसी तरह ज्वाला के करीब पहुंच पाए, उन्होंने पाया कि उसने तीन के बजाय चार शावकों को जन्म दिया है।

गणतंत्र दिवस परेडः उप्र की झांकी में देखने को मिलेगी नमो भारत ट्रेन की झलक

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की नमो भारत ट्रेन की प्रतिकृति इस गणतंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश की झांकी में दिखेगी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि झांकी में साहिबाबाद स्टेशन से शुरू होने वाली क्षेत्रीय त्वरित पारगमन प्रणाली (आरआरटीएस) ट्रेन का प्रदर्शन किया जाएगा। एनसीआरटीसी ने एक बयान में कहा, "इस साल गणतंत्र दिवस समारोह में नमो भारत ट्रेन आकर्षण का केंद्र रहने वाली है। इसकी झलक उत्तर प्रदेश की झांकी में दिखेगी। इसमें साहिबाबाद स्टेशन से चलने वाली आरआरटीएस ट्रेन की लघुकृति प्रदर्शित की जाएगी।

सैन्य कमांडर ने जवानों की तैयारियों का जायजा लिया

जम्मू। सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू कश्मीर के उधमपुर में सैनिकों की अभियान संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उत्तरी कमान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने उधमपुर में साजो-सामान के डिपो का दौरा किया और ध्रुव कमान की समग्र तत्परता के संदर्भ में डिपो की सुरक्षा और क्षमताओं की समीक्षा की।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट : अडाणी समूह झटके से साल भर में उबरा

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पिछले साल अडाणी समूह की कंपनियों पर लगे थे शेयरों के भाव में हेराफेरी के आरोप

हिंडनबर्ग रिसर्च की साल भर पहले आई प्रतिकूल रिपोर्ट में लगाए गए कई आरोपों से अडाणी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में तगड़ी गिरावट आ गई थी लेकिन समय बीतने के साथ अडाणी समूह काफी हद तक इस नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा है। अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग एवं शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी, 2023 को जारी एक रिपोर्ट में अडाणी समूह की कंपनियों पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियां करने के आरोप लगाए थे। हालांकि, समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया था। लेकिन हिंडनबर्ग की तरफ से लगाए गए आरोपों की वजह से समूह की कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली होने लगी थी।

वित्त वर्ष की पहली छमाही में समूह की कंपनियों का कर-पूर्व लाभ 47 प्रतिशत उछलकर 43,688 करोड़ रुपये हो गया। अडाणी समूह ने अगले दशक में अपने बुनियादी ढांचे के कारोबार विस्तार के लिए सात लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय की योजना बनाई है। इसके साथ ही समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी एक बार फिर अमीरों की सूची में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

कर्पूरी ठाकुर ने जीवन पर्यंत वंचितों के लिए काम किया : जोशी

प्रदेश भाजपाध्यक्ष सीपी जोशी को पत्र सौंपते लोग।

जयपुर, एजेंसी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रदेश कार्यालय में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, कूर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन सौंपा।

जोशी ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर जी ने जीवन पर्यंत वंचित और पिछडे.वर्ग के उत्थान के का काम किया।

खरगे ने असम में राहुल की सुरक्षा पर शाह को लिखा पत्र

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वह असम में पार्टी नेता राहुल गांधी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप करें। खरगे ने 23 जनवरी की तिथि वाले इस पत्र में दावा किया कि कई मौकों पर असम पुलिस सुनियोजित ढंग से खड़ी रही या फिर उसने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा घेरे में सेंध लगाते हुए राहुल गांधी के निकट पहुंचने दिया। खरगे के मुताबिक, सार्वजनिक तौर पर साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद अब तक किसी भी शरारती तत्व की गिरफ्तारी नहीं हुई और कई मामलों में जांच भी शुरू नहीं हुई। उन्होंने गृह मंत्री से आग्रह किया कि वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दें कि आगे ऐसी कोई घटना नहीं हो जिससे राहुल गांधी या भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल अन्य किसी सदस्य को गंभीर चोट पहुंचे। खरगे ने पत्र में असम में पिछले कुछ दिनों के दौरान हुई घटनाओं का उल्लेख किया।

जितने भी केस करें, हम डरेंगे नहीं : राहुल

बारपेटा (असम), एजेंसी

▸▸ राहुल ने भारज जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन असम में की जनसभाएं

असम के बोंगाईगांव जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान राहुल गांधी। ● एजेंसी

भीड़ को उकसाने के आरोप में गुवाहाटी पुलिस द्वारा राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने के एक दिन बाद कांग्रेस नेता ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य को चुनौती दी कि वे जितना संभव हो उतने मामले दर्ज करें, लेकिन फिर भी वह डरेंगे नहीं। बारपेटा जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के सातवें दिन अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में कांग्रेस नेता ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की आलोचना की और उन पर जमीन और सुपारी से संबंधित कई आरोप लगाते हुए उन्हें सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि हिमंत विश्व शर्मा को यह विचार कैसे आया कि वह मामले दर्ज करके मुझे डरा सकते हैं। जितना संभव हो, उतने मामले दर्ज करें। 25 और मामले दर्ज करें, आप मुझे डरा नहीं सकते। भाजपा-आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) मुझे डरा नहीं सकते।''

गुवाहाटी पुलिस ने मंगलवार को स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य की राजधानी में हिंसा के कृत्यों के लिए गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की। गांधी ने कहा, भाजपा-आरएसएस असम की भाषा, संस्कृति और इतिहास को मिटाना चाहते हैं। वे असम को नागपुर से चलाना चाहते हैं।

सूर्या फिर चुने गए क्रिकेटर ऑफ द ईयर

आईसीसी ने लगातार दूसरी बार घोषित किया साल का सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर

दुबई, एजेंसी

भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे साल आईसीसी ने सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर चुना है।

आईसीसी ने उन्हें टी-20 प्रारूप में भारत के मध्यक्रम की रीढ़ बताया है। सूर्यकुमार यादव ने 2023 में करीब 50 के औसत और 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से टी-20 मैचों में रन बनाए थे। इस समय सूर्यकुमार यादव जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी के बाद रिहेबलिटेशन में हैं। वह मार्च में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं, जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे।

आईसीसी ने सूर्या को बताया भारतीय मध्यक्रम की रीढ़

आईसीसी ने सूर्यकुमार यादव को भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ बताया है। आईसीसी के मुताबिक भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ इस बल्लेबाज ने कई मैच जिताए हैं। लगातार दूसरी बार उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है। सूर्या ने साल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ 7 रन बनाकर की लेकिन उसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईसीसी ने कहा कि वह लगातार 20-40 में रन बनाते रहे और वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन बनाए। उन्होंने फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाए।

कप्तानी का बोझ होने पर भी की अच्छी बल्लेबाजी

साल के आखिर में कप्तानी का बोझ होने पर भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन बनाए। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी-20 में 56 गेंद में 100 रन की पारी खेली। उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद में 112 रन बनाए। यह टी-20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक था। इससे पहले रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंद में शतक जड़ा था।

युवा ब्रिगेड के सामने आयरलैंड की आसान चुनौती

अंडर-19 विश्व कप : आज अच्छी बल्लेबाजी के अभ्यास पर होगी नजर

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में बृहस्पतिवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा।आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा।

बल्लेबाजों को शैली में कराना होगा सुधार

भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं, बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा। कप्तान उदय सहारन ने पहले मैच में 64 और आदर्श सिंह ने 76 रन बनाए थे लेकिन उनका स्ट्राइक रेट क्रमश : 79 और 68 रहा, जो आधुनिक समय में अस्वीकार्य है। भारत के पास बायें हाथ के स्पिनर सॉमी कुमार पांडे और मुशीर खान के रूप में दो अलग शैली के फिरकी गेंदबाज हैं जिन्होंने अपने काम को बखूबी अंजाम देकर कोच रिषिकेश कानिटकर की चिंता कम की है। पांडे को पहले मैच में कंधे की चोट के कारण बीच में ब्रेक लेना पड़ा था।

भारतीय बल्लेबाजों को पावरप्ले में करना होगा अच्छा प्रदर्शन

ब्लोमफोंटेन की धीमी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को स्ट्राइक रोटेट करनी होगी और पावरप्ले के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन भी करना होगा। अगले साल होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी से पहले युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से ध्यान खींचना चाहेंगे। पहले मैच में सचिन दास ने अच्छा प्रदर्शन करके भारत को 250 के पार पहुंचाया था। प्रियांशु मोलिया पर भी नजरें होंगी जो बड़ौदा के लिए रणजी क्रिकेट में दो शतक लगा चुके हैं। पहले मैच में उनका रक्षात्मक रवैया समझ से परे था। आयरलैंड के नई गेंद के गेंदबाज ओलिवर रिले, रोबेन विल्सन और कार्सन मैकलो भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

12 साल का दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

साल 2012 से अपनी सरजमीं पर खेली गई टेस्ट श्रृंखला में अजेय है भारतीय टीम

हैदराबाद, एजेंसी

अपनी सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को इंग्लैंड की टीम अपनी बैजबॉल शैली से चुनौती देने के लिए उतरेगी तो बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा ब्रिगेड इसका जवाब स्पिन बॉल से देना चाहेगी। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था। इसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलाएं जीती हैं, जिनमें 7 में क्लीन स्वीप किया है।

विराट के न खेलना से राहत

इंग्लैंड टीम को पता है कि भारत में खेलने के लिए कितनी भी तैयारी कम है और इसके लिए उन्हें मानसिक मजबूती की भी जरूरत होगी। उनके लिए राहत की बात यह है कि पहले दो टेस्ट में रन मशीन विराट कोहली नहीं खेलेंगे, जो निजी कारणों से बाहर हैं। कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ 28 मैचों में 1991 रन बनाए हैं जिनमें पांच शतक शामिल हैं।

कोहली की जगह रजत पाटीदार टीम में

मध्यक्रम के बल्लेबाज रजत पाटीदार कोहली के विकल्प के तौर पर हैदराबाद और विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए टीम में शामिल होंगे। चौथे और पांचवें नंबर पर श्रेयस अय्यर और केएल राहुल उतर सकते हैं, जबकि कोना भरत विकेटकीपिंग करेंगे। इंग्लैंड ने 2022 के आखिर में पाकिस्तान को टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से हराया था लेकिन यहां चुनौती काफी कठिन होगी। युवा आफ स्पिनर शोएब बशीर को भारत का वीजा मिलने में देरी से भी उन्हें परेशानी हुई है। कप्तान बेन स्टोक्स कह ही चुके हैं कि वह बशीर को लेकर काफी दुखी थे।

44 टेस्ट में से सिर्फ 3 में हारा है भारत

भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट मैच खेले और सिर्फ 3 में पराजय का सामना किया। अगर दबदबे की बात की जाए तो भारत के सामने 80 के दशक की वेस्टइंडीज या उसके बाद की आस्ट्रेलियाई टीम भी कहीं नहीं ठहरती। पिछले एक दशक में इस प्रदर्शन के पीछे अनुकूल पिचों और गेंदबाजों का भी योगदान रहा, जिन्हें पता था कि इन पिचों का फायदा कैसे उठाना है। भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही।

अश्विन और जडेजा पेश करेंगे चुनौती

टर्न लेने वाली पिच पर पहले मैच में अश्विन और जडेजा एक बार फिर भारतीय की अगुवाई करेंगे। इंग्लैंड टीम खासतौर पर अश्विन को लेकर काफी चिंतित होगी। अश्विन 2012 से अब तक 46 टेस्ट में 283 विकेट ले चुके हैं। जडेजा को उनका सहयोगी कहा जा सकता है लेकिन अपने आप में भी वह काफी खतरनाक गेंदबाज हैं। उनकी गेंदें टर्निंग पिच पर बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए काफी हैं। उन्होंने 39 टेस्ट में 191 विकेट लिए हैं। तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल या कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है और संभावना अक्षर की अधिक है।

बैजबॉल से इंग्लैंड को मिली कामयाबी

कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान बेन स्टोक्स की आक्रामक शैली बैजबॉल के दम पर इंग्लैंड ने काफी कामयाबी हासिल की है। उसे एक बार फिर इकाई के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, जिसमें जो रूट और स्टोक्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। इंग्लैंड ने बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच की अगुवाई में तीन स्पिनरों को टीम में जगह दी है। बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली पदार्पण करेंगे, जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा मार्क वुड पर होगा चूंकि जेम्स एंडरसन टीम में नहीं हैं।

भारत ए ने पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर कसा शिकंजा

अहमदाबाद, एजेंसी। आकाशदीप के 4 विकेट के बाद देवदत्त पडीक्कल के नाबाद 92 रन की बदौलत भारत ए ने बुधवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड लायंस पर शिकंजा कस दिया। इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाजों ने मेहमान टीम को 52.4 ओवर में महज 152 रन पर समेट दिया। आकाशदीप ने चार, जबकि यश दयाल और वाशिंगटन सुंदर ने 2-2 विकेट झटके।

आकाशदीप ने झटके 4 विकेट, देवदत्त ने बनाए नाबाद 92 रन

ओलिवर प्राइस 48 रन बनाकर इंग्लैंड लायंस के लिए शीर्ष स्कोरर रहे, जबकि ब्राइडन कार्स ने 31 रन बनाए। इंग्लैंड के 7 बल्लेबाज 10 रन से ऊपर नहीं जा सके। प्राइस और कार्स के बीच सबसे बड़ी भागीदारी 43 रन की रही। जवाब में पडीक्कल और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन (नाबाद 53) की जोड़ी को इंग्लैंड के गेंदबाजों का सामना करने में जरा भी परेशानी नहीं हुई। भारत ने स्टंप तक बिना विकेट गंवाए 150 रन बना लिए।

खेल डायरी

नागल को बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रवेश



बेंगलुरु। सुमित नागल बुधवार को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रविष्टि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय बने। टूर्नामेंट 10 फरवरी से शुरू होगा। पिछले हफ्ते नागल ने सोमदेव देववर्मन के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाला दूसरा भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। बेंगलुरु ओपन के लिए कट-ऑफ 257 रैंकिंग का है। 137वीं रैंकिंग के खिलाड़ी नागल एटीपी 100 चैलेंजर टूर्नामेंट के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई करने वाले 11 देशों के 21 खिलाड़ियों में शामिल होंगे। नागल ने 2017 में बेंगलुरु ओपन जीता था। उन्होंने कहा कि यह चरण चुनौती भरा होने की उम्मीद है क्योंकि इसमें कई मजबूत दावेदार होंगे। फ्रांस के बेंजामिन बोंज की विश्व रैंकिंग 106 है और वह सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं।

जका अशरफ की जगह शाह खावर बने पीसीबी के कार्यवाहक चेयरमैन

लाहौर। जका अशरफ के इस्तीफे के बाद पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के वकील शाह खावर ने बुधवार को देश के क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के कार्यवाहक चेयरमैन की जिम्मेदारी संभाली। पीसीबी के संरक्षक प्रधानमंत्री अनवर उल हक कक्कड़ ने जफा अशरफ का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था। खावर ने एक बयान में कहा कि उनकी मुख्य जिम्मेदारी जल्द से जल्द पीसीबी चेयरमैन के स्वतंत्र और पारदर्शी तरीके से चुनाव कराना होगी। खावर पीसीबी के चुनाव आयुक्त भी रह चुके हैं।

मंदीप इंटरकांटिनेंटल खिताब के लिए अमेरिका के गेरार्डो से भिड़ेंगे

मुक्केबाजी

नई दिल्ली। भारत के पेशेवर मुक्केबाज मंदीप जांगड़ा शुक्रवार को अमेरिका के वाशिंगटन में टोपेनिश सिटी में इंटरकांटिनेंटल खिताब के लिए अमेरिका के गेरार्डो इस्क्विवेल से भिड़ेंगे। एक विज्ञप्ति के अनुसार रॉय जोन्स जूनियर से ट्रेनिंग लेने वाले जांगड़ा ने अपने सामान्य 75 किग्रा वजन को कम करने के लिए काफी मेहनत की है और अब वह 59 किग्रा वजन वर्ग में भिड़ेंगे। यह उनके कॅरिअर का सबसे बड़ा मुकाबला होगा। जांगड़ा ने अब तक छह मुकाबले खेले हैं और सभी में जीत हासिल की है, जिसमें से चार नॉकआउट जीत रही हैं। जांगड़ा ने अपना पहला मुकाबला 2021 में जीता था और अंतिम जीत अगस्त 2023 में दर्ज की थी।

सेमीफाइनल में पहुंचे बोपन्ना सबसे उम्रदराज खिलाड़ी

मेलबर्न। भारत के रोहन बोपन्ना अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। 43 वर्ष के बोपन्ना टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया के एबडेन के साथ छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को करीब पौने दो घंटे तक चले क्वार्टर फाइनल में 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना थॉमस माचाक और झिंझेन झांग की गैर वरीय जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट के आखिर में सोमवार को बोपन्ना युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए। इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में 38 वर्ष की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। एबडेन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे। बोपन्ना 2013 में पहली बार विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे। वह युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद तीसरे भारतीय होंगे। वह अमेरिका के आस्टिन क्राइजेक से शीर्ष स्थान लेंगे जो क्रोएशिया के इवान डोडिज के साथ दूसरे दौर में हार गए थे।

किरण-लक्ष्य इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

जकार्ता, एजेंसी

लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गए।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने चीन के वेंग होंग यांग से मलयेशिया ओपन के पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। उन्होंने चीन के खिलाड़ी पर 24-22 21-15 से जीत हासिल की। 2022 ओडिशा ओपन और 2023 डेनमार्क मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीतने वाले किरण जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21 21-16 21-19 से हरा दिया।

प्रणय और श्रीकांत पहले दौर में हारकर बाहर

किरण जॉर्ज ने मंगलवार को दो जीत दर्ज करने के बाद मुख्य ड्रा में प्रवेश किया। अब जॉर्ज की भिड़ंत चीन के लु गुआंग जू से होगी। लक्ष्य सेन का सामना अगले दौर में डेनमार्क के मलयेशिया ओपन चैंपियन एंडर्स एंटोनसेन या इंडोनेशिया के चिको औरा ड्वी वारडोयो के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वहीं प्रणय को पहले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यिऊ से 18-21, 21-19, 10-21 से हार गए।

भारत ने फ्रांस से ड्रा खेला

केपटाउन, एजेंसी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट के दूसरे मैच में फ्रांस से 2-2 के ड्रा से अंक बांटने पड़े। भारत के लिए मंदीप सिंह और अमित रोहिदास ने गोल दागा, जबकि फ्रांस ने वापसी करते हुए टिमोथी क्लेमेंट और बी गैस्पर्ड के गोल से बराबरी हासिल की।

हॉकी टूर्नामेंट

मैच शुरू होते ही दोनों टीमों ने अपनी रक्षण दक्षता से प्रतिद्वंद्वी को अपने गोल से दूर रखा। मंदीप ने भारत के लिए गोल कर बढ़त दिला दी। रोहिदास ने दूसरे क्वार्टर में इसे दोगुना कर दिया, जिससे टीम ने दबदबा बनाया हुआ था लेकिन फ्रांस ने वापसी करने के लिए हमले तेज किए और उसकी बराबरी हासिल करने की कोशिश सफल साबित हुई जब क्लेमेंट ने गोल कर अंतर कम किया।

अंतिम क्वार्टर में दोनों टीमें गोल करने के लिए प्रयासरत थीं लेकिन भारत को हूटर बजने से एक मिनट पहले गहरा झटका लगा जब फ्रांस के लिए गैस्पर्ड ने बराबरी गोल लगाया। इस टूर्नामेंट में भारत और फ्रांस के अलावा मेजबान दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड की टीमें भाग ले रही है। भारत शुक्रवार को तीसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा और फिर रविवार को उसका सामना नीदरलैंड से होगा।

एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में भारत ने पोलैंड को दी शिकस्त

मस्कट, एजेंसी

पूल सी के मैच में 5-4 से हराया
दीपिका- मुमताज ने किए 2-2 गोल

दीपिका सोरेंग और मुमताज खान के 2-2 गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में बुधवार को पूल सी के पहले मैच में पोलैंड को 5-4 से हराया। मुमताज ने चौथे और 23वें मिनट में गोल किया जबकि दीपिका ने छठे और 29वें मिनट में गोल दागा। मरियाना कुजूर ने 33वें मिनट में गोल किया । पोलैंड के लिए जूलिया के (आठवां), कप्तान मारलेना रिबाचा (10वां), पाउला स्लाविंस्का (27वां) और मोनिका पोलव्जाक (29वां) ने गोल दागे।

भारत ने चौथे ही मिनट में मुमताज के गोल पर बढ़त बना ली थी। इसके दो मिनट बाद दीपिका ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। पोलैंड ने जवाबी हमले में दो मिनट में दो गोल किए। मुमताज के दूसरे गोल के दम पर पहले हाफ में स्कोर 3-2 था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। भारत के लिए कुजूर ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए गोल किया। स्लाविंस्का ने 27वें मिनट में पोलैंड के लिए गोल दागा लेकिन दीपिका ने दो मिनट बाद गोल करके भारत को दो गोल की बढ़त दिला दी।

12वीं फेल ऑस्कर की दौड़ से बाहर, टू किल अ टाइगर लिस्ट में हुई शामिल



ऑस्कर्स 2024 के लिए हाल ही में फिल्मों का नॉमिनेशन शुरू हुआ था। अब नॉमिनीज की लिस्ट सामने आ गई है। इस लिस्ट से 12वीं फेल और 2018 दोनों फिल्में बाहर हो गई हैं। उम्मीद की जा रही थी कि विक्रांत की फिल्म 12वीं फेल को इस लिस्ट में जगह मिलेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इन दोनों बड़ी फिल्मों को मात देकर इंडिया की निशा पाहूजा की डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म टू किल अ टाइगर ने एंट्री मारी हैं, जिसने सबको हैरान कर दिया है। साल 2024 में टू किल अ टाइगर अकेली ऐसी फिल्म हैं, जिसे ऑस्कर्स के लिए नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के नॉमिनेट होने के पर इंडियन फैंस की उम्मीदें एक बार फिर जाग उठी हैं। इस फिल्म को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म की कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया है। इस फिल्म के अलावा 4 और फीचर फिल्मों को इस लिस्ट में जगह मिली है।

कैसी है टू किल अ टाइगर की कहानी

निशा पाहूजा की फिल्म टू किल अ टाइगर को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था, जहां लोगों ने इसे काफी पसंद किया था। इस फिल्म की कहानी इंडिया के एक छोटे से गांव पर बनी है। इसमें एक पिता की कहानी है जो अपनी 13 साल की बेटी को इंसाफ दिलाना चाहता है, जिसके साथ तीन लोगों ने अपहरण करके दुष्कर्म किया था।

रिलीज से पहले खाड़ी देशों में फाइटर पर लगा बैन

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म फाइटर 25 जनवरी को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है मगर खाड़ी देशों से इस फिल्म के लिए बुरी खबर है। इस फिल्म पर रिलीज से पहले ही कई देशों में बैन कर दिया गया है। भारतीय वायु सेना के पायलट की जिंदगी पर बनी इस फिल्म को रिलीज से एक दिन पहले यूएई यानी संयुक्त अरब अमीरात को छोड़कर सभी खाड़ी देशों में बैन कर दिया गया है। इससे गल्फ कंट्री में फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस के हाथ निराशा लगी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण फिल्म फाइटर को इस बैन के कारण काफी नुकसान हो सकता है, इसका असर फाइटर की कमाई पर साफ दिखाई देगा। फिल्म को इन देशों में क्यों बैन किया गया है, इसको लेकर अब तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

एडवांस बुकिंग में मचाया धमाल

फिल्म फाइटर रिलीज होने से पहले ही एडवांस बुकिंग में धमाल मचा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म ने एडवांस बुकिंग से 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।

डॉक्यूमेंट्री द रोशन्स में शाहरुख खान की एंट्री



बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान की साल 2024 में एक भी फिल्म बड़े पर्दे पर दस्तक नहीं देने वाली है लेकिन उनका नाम एक कई फिल्मों से जुड़ रहा है। धूम 4 से लेकर इंशाअल्लाह तक उनकी अपकमिंग फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। इसी बीच शाहरुख खान के हाथ एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म लगी है। यह डॉक्यूमेंट्री एक्टर-फिल्ममेकर राकेश रोशन की जिंदगी पर बन रही है। इसका नाम द रोशन्स है। शाहरुख खान इस डॉक्यूमेंट्री का हिस्सा होने वाले हैं, इसका खुलासा राकेश रोशन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर किया है। राकेश रोशन ने खान के एक तस्वीर शेयर की हैं। जिसमें वो शाहरुख करते साथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर हुए राकेश रोशन ने द रोशन्स में योगदान करने के लिए शुक्रिया कहा है।

अजय देवगन की फिल्म शैतान का नया पोस्टर जारी

अजय देवगन की सुपरनेचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का नया पोस्टर रिलीज किया गया है, जिसमें अजय देवगन के साथ ही आर माधवन और ज्योतिका भी नजर आ रहे हैं। अजय देवगन ने बुधवार को अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म शैतान का नया पोस्टर शेयर किया है। नया पोस्टर फैंस का ध्यान खींच रहा है। इस फिल्म का टीजर 25 जनवरी को रिलीज किया जाएगा। विकास बहल के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म में अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका हैं। इसे अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

चीनः भीषण आग लगने से 39 लोगों की मौत कई घायल, रेस्क्यू जारी

बीजिंग। चीन के दक्षिणी जियांग्शी प्रांत में बुधवार को कुछ दुकानों में भीषण आग लगने की वजह से 39 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। आनन-फानन में घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, सरकार ने यह नहीं बताया कि कितने लोग घायल हो गए।

जियांग्शी प्रांत के युशुई जिले के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को एक शॉपिंग एरिया के बेसमेंट में आग लग गई। जिसके तत्काल बाद घटनास्थल पर बचावकर्मियों, अग्निशामक, पुलिस और स्थानीय अधिकारियों को तैनात किया गया है। आग किस वजह से लगी? इसका पता लगाया जा रहा है। हालांकि, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। इससे पहले शनिवार को चीन के दो अलग-अलग स्थानों पर आग लगने से 21 लोगों की मौत हुई थी।

गणतंत्र दिवस पर उभरते भारत की दिखेगी छवि, नारी शक्ति प्राथमिकता

श्रीनगर में गणतंत्र दिवस के लिए रिहर्सल करती जम्मू और कश्मीर महिला पुलिस।

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। विकसित भारत और भारत-लोकतंत्र की मातृका, थीम के साथ 26 जनवरी को पथ पर महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित होगी।

बता दें, पहली बार ऐसा होगा जब कोई विदेशी बैंड परेड में शामिल होगा, फ्रांसीसी सैन्य दल के बैंड में 130 लोग शामिल है। इसके अलावा बड़ी बात यह है कि बैंड में 6 भारतीय भी हिस्सा होंगे, जो शुक्रवार को परेड में मार्च करेंगे। रिहर्सल के दौरान पहली आर्मी डॉक्टर के साथ आर्मी हेल्थ वर्कर भी शामिल होगी। फुल ड्रेस रिहर्सल से पता चला कि विशेष रूप से पहली बार परेड की शुरुआत भारतीय संगीत वाद्ययंत्र बजाने वाली 100 महिला कलाकारों द्वारा की जाएगी। परेड की शुरुआत महिला कलाकारों द्वारा बजाए जाने वाले शंख, नादस्वरम, नगाड़ा आदि संगीत के साथ होगी। कुल 25 झांकियां जिसमें 16 राज्य, केंद्र शासित प्रदेश, मंत्रालय और विभाग शामिल हैं।

आईएसआईएस से जुड़े युवक को एटीएस ने नासिक से किया गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने बुधवार को नासिक शहर से 32 वर्षीय एक इंजीनियर को कथित तौर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस का समर्थन करने और वित्त पोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के साथ, महाराष्ट्र एटीएस ने आईएसआईएस समर्थन और फंडिंग के अंतर्राष्ट्रीय लिंक का खुलासा किया है। अधिकारी के अनुसार, इंजीनियर मुंबई से लगभग 200 किमी दूर नासिक शहर में एक इंपोर्ट-एक्सपोर्ट का बिजनेस चलाता है। उन्होंने अधिक विवरण दिए बिना कहा कि कई राज्यों में आरोपियों के कुछ सहयोगियों की जांच की जा रही है।

शीर्ष कोर्टः हाई कोर्ट ने की गलती, वधावन की जमानत रद

▸▸ **कर्ज घोटाला मामला डीएचएफएल के कपिल, धीरज को दी गई जमानत रद कर दी**

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को करोड़ों रुपये के बैंक ऋण घोटाला मामले में डीएचएफएल के पूर्व प्रमोटरों कपिल वधावन और उनके भाई धीरज को दी गई जमानत रद कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस सी शर्मा की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय और निचली अदालत ने उन्हें जमानत देने में गलती की है।

पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि प्रतिवादी आरोपियों के खिलाफ निर्धारित समय सीमा में आरोप पत्र दायर किया गया है और उनके द्वारा किए गए कथित अपराधों पर विशेष अदालत द्वारा संज्ञान लिया गया है। उत्तरदाता सीआरपीसी की धारा 167 (2) के तहत डिफॉल्ट जमानत के वैधानिक अधिकार का दावा इस आधार पर नहीं कर सकते थे कि अन्य आरोपियों की जांच लंबित थी। सीबीआई ने पहले कपिल वधावन और उनके भाई धीरज को निचली अदालतों द्वारा दी गई वैधानिक जमानत का शीर्ष अदालत में विरोध किया था। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने कहा था कि मामले में आरोप पत्र 90 दिनों की वैधानिक अवधि के भीतर दायर किया गया था और फिर भी आरोपी को वैधानिक जमानत दी गई थी।

आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत, यदि जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की अवधि के भीतर किसी आपराधिक मामले में जांच के निष्कर्ष पर आरोप पत्र दाखिल करने में विफल रहती है, तो एक आरोपी वैधानिक जमानत देने का हकदार हो जाता है। इस मामले में, कानून अधिकारी ने कहा था, सीबीआई ने एफआईआर दर्ज करने के 88वें दिन आरोप पत्र दायर किया और ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को डिफॉल्ट जमानत दे दी और दिल्ली उच्च न्यायालय ने आदेश को बरकरार रखा।

उमर खालिद को अभी जमानत नहीं, 31 जनवरी को होगी सुनवाई

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के पूर्व छात्र उमर खालिद को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। शीर्ष अदालत में जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि खालिद की जमानत याचिका पर 31 जनवरी को सुनवाई होगी। कोर्ट ने प्राथमिकता के आधार पर इस मामले की सुनवाई का आदेश पारित किया। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस प्रशांत कुमार ने पिछले साल नौ अगस्त को खालिद की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। गौरतलब है कि उमर खालिद के साथ अन्य लोगों पर फरवरी, 2020 में पूर्वोत्तर दिल्ली में हुए दंगों का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया गया है। बता दें कि हिंसा में 53 लोग मारे गए थे, जबकि 700 से अधिक घायल हुए थे। दंगों की साजिश में कथित संलिप्तता के आरोप में खालिद लंबे समय से जेल में बंद हैं। उनकी जमानत की अपील करते हुए पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील सीयू सिंह ने कहा, वह बहस के लिए तैयार हैं, लेकिन दुर्भाग्य से पीठ भोजनावकाश के बाद मामले की सुनवाई नहीं करेगी। कोर्ट की पीठ उन मामलों की एक साथ सुनवाई कर रही है, जिनमें यूएपीए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है।

एक नजर

अमेरिकाः जबरन मजदूरी कराने से भारतवंशी को 20 साल की सजा

वाशिंगटन। अमेरिका के वर्जीनिया में शख्स से अपनी दुकानों पर जबरन मजदूरी कराने से जुड़े मामले में एक भारतीय-अमेरिकी जोड़े को दोषी पाया गया है। वर्जीनिया में संघीय अदालत में चले इस मामले में हरमनप्रीत सिंह (30) और कुलबीर कौर (43) पर अपने ही एक दूर के भाई से गैस स्टेशन और किराने की दुकान में जबरन काम करने का मामला चल रहा था। इसमें पाया गया कि इस जोड़े ने न सिर्फ शख्स कैशियर के तौर पर काम कराया, बल्कि उससे खाना बनवाने, साफ-सफाई कराने और दुकानों में बिक्री का लेखा-जोखा भी रखवाते थे। मामले में दोषी पाए जाने के बाद अब इस जोड़े को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा रिहाई के पांच साल बाद भी उन पर निगरानी रखी जाएगी। इस जोड़े पर 2,50,000 डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है।

पंजाब में आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ मामला दर्ज

अमृतसर। पंजाब पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ धर्म और नस्ल के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच कटुता को बढ़ावा देने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि 23 जनवरी को अमृतसर के सुल्तानविंड थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पन्नू को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत आतंकवादी घोषित किया है और सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध लगा दिया है। पन्नू ने सोशल मीडिया में पोस्ट किए गए एक वीडियो में कथित तौर पर दावा किया कि अमृतसर के श्री दुर्गियाना मंदिर का हिंदू धर्म में कोई ऐतिहासिक महत्व नहीं है।

रूसी विमान क्रैश, 74 की मौत

बेलगोरोद में हुआ हादसा, चालक दल और गार्डों समेत 65 यूक्रेनी युद्धबंदी थे सवार

मॉस्को, एजेंसी

रूस के बेलगोरोद में बुधवार को एक सैन्य परिवहन विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रूसी सरकारी मीडिया ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से कहा कि विमान में 65 यूक्रेनी युद्धबंदी सवार थे, जिसकी अदला-बदली होनी थी। रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया गया कि विमान में चालक दल के छह सदस्यों और तीन गार्डों सहित 74 लोग मौजूद थे, दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

रूसी गवर्नर ने बताया कि इस विमान हादसे में इसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई। विमान दुर्घटना के पीछे का कारण के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी गई है। रूसी सांसद और सेवानिवृत्त जनरल आंद्रेई कार्तपोलोव ने संसदीय सत्र के दौरान कहा कि विमान को तीन मिसाइलों से मार गिराया गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इसकी पुष्टि किस स्रोत से की गई है।

फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं की है कि विमान में कौन-कौन सवार थे, लेकिन रूस और यूक्रेन के बीच नियमित रूप से युद्धबंदियों की अदला-बदली होती रहती है।

बता दें कि रूसी सुरक्षा सेवाओं से जुड़े एक टेलीग्राम चैनल पर एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है और उससे आग की लपटें उठ रही है। रूसी सैन्य आईएल-76 एक सैन्य परिवहन विमान है, जिसे सैनिकों, कार्गो, सैन्य उपकरणों और हथियारों को ले जाने के लिए उपयोग करते हैं। इस विमान में आमतौर पर पांच लोगों का दल होता है और यह 90 यात्रियों तक को ले जा सकता है।

रूस ने यूक्रेन पर लगाए गंभीर आरोप

हादसे के बाद रूस ने यूक्रेन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रूस की सेना ने यूक्रेन पर उसके परिवहन विमान को मार गिराने का आरोप है। विमान में क्रू के सदस्यों समेत 74 लोगों की मौत हो गई है। रूस के गवर्नर ने कहा है कि यूक्रेन के पास दुर्घटनाग्रस्त विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई।

कनाडाः श्रमिकों को ले जा रहा विमान क्रैश, 6 लोगों की मौत

कनाडा। मजदूरों को ले जा रहा एक छोटा विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद कनाडा के सुदूर उत्तर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है। मीडिया के मुताबिक, विमान में कितने लोग सवार थे इसकी जानकारी हासिल नहीं हो पाई है। रियो टिंटो के मुख्य कार्यकारी जैकब स्टॉशोल्म ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना से कंपनी को काफी दुख पहुंचा है। स्टॉशोल्म ने कहा, 'हम अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और यह पता लगाने में हर संभव मदद करेंगे कि वास्तव में क्या हुआ है। नॉर्थवेस्टर्न एयर ने बताया कि एक खदान में श्रमिकों को ले जाने वाली यह चार्टर उड़ान थी। इस बीच अधिकारियों द्वारा अपनी जांच शुरू करने के कारण फोर्ट स्मिथ से प्रस्थान करने वाली सभी उड़ानें बुधवार तक के लिए रोक दी गई हैं। कनाडा के परिवहन सुरक्षा बोर्ड ने दुर्घटना की जांच के लिए एक टीम तैनात की है। आर.जे. नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज के प्रीमियर सिम्पसन ने दुर्घटना के पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

यूएनएससी आज की जमीनी हकीकत को नहीं दर्शातीः डेनिस

नई दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने बुधवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मौजूदा संरचना दुनिया की समकालीन भूराजनीतिक वास्तविकता को नहीं दर्शाती और इसमें सुधार की जरूरत है।

जयशंकर के साथ बातचीत के बाद कहा कि यूएनएससी पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक शांति और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए फैसले लेने में असमर्थ रहा है। राजदूत फ्रांसिस भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने यूएनएससी में सुधार की पुरजोर वकालत की। उन्होंने कहा, यूएनएससी में सुधार पूरी तरह आवश्यक है। फ्रांसिस ने कहा कि जयशंकर के साथ उनकी वार्ता में भी यह मुद्दा आया। भारत संयुक्त राष्ट्र में, खासतौर पर सुरक्षा परिषद में सुधार पर जोर देता रहा है। नई दिल्ली सुरक्षा परिषद सुधार पर अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) में कोई सार्थक पहल नहीं होने से खास तौर पर निराश है।

इजराइल-हमास संघर्ष से भारत के आर्थिक हितों पर पड़ रहा असर

▸▸ **संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भारत ने कहा- हिंद महासागर में समुद्री व्यापार असुरक्षित**

न्यूयॉर्क, एजेंसी

गाजा में बीते 109 दिनों से जारी युद्ध में अब तक 25 हजार से अधिक मौतें हो चुकी हैं। गहराते मानवीय संकट को लेकर भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच पर चिंता जताई है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण समुद्री व्यापार पर भी संकट मंडरा रहा है।

मध्य पूर्व में इस संकट के बीच हिंद महासागर में व्यापार से जुड़े खतरों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने ठोस बयान दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि आर रवींद्र ने कहा कि लंबे समय से जारी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संकट में है।

रवींद्र ने मंगलवार को यूएनएससी में ओपन डिबेट के दौरान कहा, समुद्र में वाणिज्यिक यातायात की सुरक्षा पर गंभीर असर पड़ रहा है। भारत के आसपास भी कई हमले हुए हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए बहुत चिंता का कारण है। इससे भारत के ऊर्जा और आर्थिक हित सीधे तौर पर प्रभावित होते हैं। गाजा में 100 से अधिक दिनों से जारी इस्राइल और हमास के हिंसक संघर्ष को भयावह बताते हुए उन्होंने कहा कि भयावह स्थिति को देखते हुए हालात की गंभीरता को स्पष्ट तौर पर रेखांकित किया जाना जरूरी है।

भारत का ठोस पक्ष पेश करते हुए राजदूत रवींद्र ने इस्राइल और हमास का नाम लिए बिना दोनों के टकराव पर स्पष्ट संकेत दिए। उन्होंने कहा कि संघर्ष की शुरुआत के समय से ही भारत ने कहा है कि पीड़ितों के बीच मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए युद्ध को रोकना काफी अहम है। मानवीय संकट की गंभीरता पर ध्यान देते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने जिस तत्परता से मदद की है, भारत इन प्रयासों की सराहना करता है। रवींद्र ने बताया कि गाजा के युद्धग्रस्त इलाकों में रहने वाले फलस्तीनी लोगों के बीच राहत सामग्री की खेप पहुंचाने वाले देशों में भारत अग्रणी रहा।

सावरकर को कब देंगे भारत रत्न राउत ने केंद्र पर साधा निशाना

मुंबई, एजेंसी

▸▸ **उन्होंने कहा बीजेपी का हर कदम राजनीतिक स्वार्थ**

शिवसेना (यूबीटी) ने हिंदुत्व विचारक वीआर अंबेडकर को देश का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित नहीं करने के लिए केंद्र सरकार की आलोचना की है। मीडिया से बातचीत के दौरान शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भाजपा पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने के केंद्र के फैसले को राजनीतिक कदम बताया है। नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से अबतक 11 लोगों को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है, लेकिन लिस्ट में सावरकर का नाम शामिल नहीं किया गया। मंगलवार को कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर उन्हें भारत रतन के लिए नामित किया गया। ठाकुर का निधन 1988 में हुआ था। वह पहले ऐसे गैर-कांग्रेसी समाजवादी नेता थे, जिन्हें दो बार बिहार का मुख्यमंत्री बनाया गया था।

संजय राउत ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा, 'हमारा स्थान अभी भी वहीं है कि सावरकर को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। कर्पूरी ठाकुर ओबीसी के नेता हैं और इस बात से खुश हैं कि उन्हें भारत रत्न के लिए नामित किया गया है। उन्होंने आगे कहा, 'चुनाव का समय है और भाजपा के लिए बिहार जरूरी है।

शिमला...

शिमला : हिमाचल प्रदेश में पहला पश्चिमी विक्षोभ 25-27 जनवरी को सक्रिय होने की संभावना है। कई हिस्सों में छह दिनों तक बारिश-बर्फबारी के आसार है। नौ जगह न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया है। कुकुमसेरी में माइनस 10.6 डिग्री सेल्सियस, नारकंडा में -1.4, रिकांगपिओ में -0.5, सेऊबाग में -0.3, बरठीं में -0.6 और समदो में शून्य से नीचे 5.3 डिग्री चल रहा है। गुरुवार को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी हो सकती है। ● एजेंसी

फरार टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापेमारी

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ **केंद्रीय बल के साथ संदेशखाली पहुंची प्रवर्तन निदेशालय की टीम**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केंद्रीय बल के साथ मिलकर बुधवार को उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में तृणमूल नेता शाहजहां शेख के आवास पर फिर एक बार छापेमारी की। राशन घोटाला मामले के तहत टीएमसी नेता के आवास पर छापेमारी की जा रही है। शाहजहां शेख के खिलाफ एक नोटिस भी जारी किया गया है। इसमें टीएमसी नेता को 29 जनवरी को ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है।

एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के 120 से अधिक कर्मियों के साथ पहुंचे ईडी अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस और गवाहों के रूप में दो स्थानीय लोगों की उपस्थिति में संदेशखली इलाके में शेख के आवास के दरवाजे को तोड़ दिया। उन्होंने मीडिया को बताया, 'हम आज शेख के आवास की तलाशी लेंगे।

हम वहां के निवासियों से बात करने की भी कोशिश करेंगे।' घर में प्रवेश करने के बाद अधिकारियों ने अंदर से दरवाजा बंद कर दिया और तलाशी शुरू कर दी।

बता दें कि पांच जनवरी को ईडी ने शाहजहां के आवास पर छापेमारी की थी। जहां कुछ स्थानीय समर्थकों ने ईडी अधिकारियों पर हमला कर दिया। इस हमले में ईडी के तीन अधिकारी घायल हो गए थे।

इमरान खान की दो टूक, सुस्त नेताओं की करूंगा टिकट रद

इस्लामाबाद। बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान में आम चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को अपनी ही पार्टी के प्रत्याशियों को चेतावनी देते हुए चुनावी अभियान शुरू करने को कहा।

इमरान ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रत्याशियों को चेतावनी दी कि चुनावी अभियान की शुरुआत करें अन्यथा आपके टिकट रद्द कर दिए जाएंगे। बकौल रिपोर्ट, इमरान खान ने सिफर मामले की सुनवाई के बाद मंगलवार को रावलपिंडी की अदियाला जेल में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह टिप्पणी की।

श्रीलंकाः विवादास्पद ऑनलाइन सुरक्षा विधेयक को संसद से मंजूरी

कोलंबो, एजेंसी

▸▸ **विपक्ष बोला- खत्म हो जाएगी अभिव्यक्ति की आजादी**

श्रीलंका की संसद ने विवादास्पद ऑनलाइन सुरक्षा को मंजूरी दी है। विधेयक पर दो दिन तक बहस चली। इसके बाद बुधवार को इसके पक्ष में 108 और विरोध में 62 वोट पड़े। सर्वोच्च न्यायालय की ओर से दिए गए संशोधन के सुझावों को भी इस विधेयक में शामिल किया गया था। विपक्ष इस विधेयक की आलोचना कर रहा था। विधेयक में ऑनलाइन सामग्री की निगरानी करने का प्रावधान है। आलोचकों का कहना है कि यह द्वीप राष्ट्र में अभिव्यक्ति की आजादी को खत्म कर देगा।

संसद से मंजूरी के बाद यह विधेयक अब कानून का रूप ले चुका है। इसके तहत ऑनलाइन सुरक्षा आयोग के गठन का भी प्रावधान है। जो अपराध पर दंडात्मक फैसले ले सकेगा। यदि कोई व्यक्ति बिना तथ्यों के कोई बयान ऑनलाइन प्रसारित करता है और इसके लिए वह दोषी पाया जाता है तो उसे पांच साल से ज्यादा समय के लिए जेल की सजा हो सकती है या पांच लाख रुपये (एसएलआर) से ज्यादा का जुर्माना लगाया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने विधेयक के 57 प्रावधानों में से 31 में संशोधन का फैसला किया था।

इससे पहले विधेयक की कड़ी आलोचना की गई थी। कहा जा रहा था कि यह अभिव्यक्ति की आजादी में बाधा बनेगा। विपक्ष ने एशियाई इंटरनेट गठबंधन (एआईसी) के बयान का हवाला दिया कि विधेयक विदेश निवेश को आकर्षित करने के प्रयासों में बाधा बनेगा।

अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ वियना में पांचवीं से दसवीं तक के छात्रों पर किया गया शोध

छात्रों को परीक्षा हॉल में चुनौती से होती है बोरियत

वियना, एजेंसी

परीक्षा के दौरान छात्रों में तनाव, चिंता, उत्साह आदि होना आम बात है। लेकिन, एग्जाम हॉल में छात्रों का ऊब जाना एक चौंकाने वाली बात है। हाल ही में यूनिवर्सिटी ऑफ वियना ने पांचवीं से दसवीं तक के 1820 जर्मन छात्रों पर एक अध्ययन किया।

अध्ययन से पता चला कि छात्रों को आसान और मुश्किल परीक्षा, दोनों ही सूरतों में एग्जाम हॉल में बोरियत महसूस हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार परीक्षा कम चुनौतीपूर्ण होने पर छात्रों को उसे पूरा करने में आसानी होती है। छात्र अपने विचार और भावनाओं को सकारात्मकता और मौके के साथ जोड़ देते हैं। इससे छात्रों को व्यक्तिगत और भौतिक तौर पर पूर्णता का अहसास होने लगता है।

इस कारण कुछ ही देर बाद वो एग्जाम हॉल में ऊब जाते हालांकि, इसका उनके प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ने की कम संभावना होती है। वहीं, दूसरी ओर परीक्षा अधिक चुनौतीपूर्ण होने पर उसे पूरा करने की मुश्किलें बोरियत पैदा करती है। छात्र अपनी पूरी क्षमता से परीक्षा पूरी करने की कोशिश करते है, लेकिन सफलता न मिलने पर संघर्ष करते-करते ऊब जाते हैं।

इस स्थिति में आमतौर पर छात्रों के प्रदर्शन पर नकारात्मक असर पड़ता है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि परीक्षा के व्यक्तिगत तौर पर छात्रों के लिए कोई मायने नहीं होने पर उच्च स्तर की बोरियत होने की संभावना होती है। बोरियत और अत्यधिक या कम चुनौती के बीच का संबंध स्कूल में भी देखा गया है।

शोधकर्ता माता-पिता को बच्चों के साथ उस समय बात करने की सलाह देते हैं, जब उन्हें कोई चीज बहुत आसान या बहुत कठिन लगती है। आगे शोध में बताया गया है कि छात्रों को परीक्षा हॉल में सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण तब महसूस करते हैं जब छात्रों के सामने पेपर कॉपी आती है। बता दें, आसान तब लगता है जब छात्र पेपर आसानी से हल कर लेते हैं। लेकिन पेपर को हल करते समय छात्र उसे चुनौतीपूर्ण मानते हैं।

टेस्ट ऐसे होने चाहिए कि छात्र उनसे जुड़ाव महसूस करें

शैक्षिक मनोवैज्ञानिक थॉमस गोट्ज का कहना है कि एग्जाम हॉल की बोरियत से निपटने के लिए अध्यापकों को टेस्ट ऐसे तैयार करना चाहिए कि वो छात्रों के जीवन की वास्तविकता से संबंधित हों। छात्र टेस्ट से जुड़ाव महसूस करें। विशेषज्ञों के अनुसार परीक्षा कम चुनौतीपूर्ण होने पर छात्रों को उसे पूरा करने में आसानी होती है।

तटरक्षक बल की बढ़ेगी ताकत, 14 जहाजों की खरीद पर हुआ समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ **रक्षा मंत्रालय ने कहा- स्वदेशी डिजाइन से होंगे निर्मित, 1070.47 करोड़ रुपये का किया करार**

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल (आईएसजी) के लिए 14 तेज गति वाले गश्ती जहाजों की खरीद के लिए बुधवार को मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत इनकी लागत 1070.47 करोड़ रुपये है। रक्षा मंत्री के कार्यालय ने यह जानकारी दी।

बता दें, इन नौकाओं को एमडीएल द्वारा भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जाएगा और ये कुल 63 महीनों में ये भारतीय तटरक्षक को सौंपी जायेंगी। कई उच्च तकनीकी उन्नत सुविधाओं और उपकरणों के साथ ये नौका ड्रोन, वायरलेस रूप से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट और अन्य क्षमताओं से लैस होंगी। इससे तटरक्षक को नए युग की बहुआयामी चुनौतियों का सामना करने के लिए अधिक लचीलापन और संचालन बढ़त मिल सकेगी।

ये आधुनिक नौका मत्स्य पालन सुरक्षा और निगरानी, नियंत्रण और निगरानी, तस्करी विरोधी अभियान, उथले पानी सहित खोज और बचाव अभियान, संकट में जहाज को सहायता, समुद्री प्रदूषण के दौरान सहायता और निगरानी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। आत्मनिर्भर भारत' की नीति के अनुरूप यह अनुबंध देश की स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता, समुद्री आर्थिक गतिविधियों और सहायक उद्योगों, विशेष रूप से लघु इकाईयों के विकास को बढ़ावा देगा।